# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. V, Second Session, 2019/1941 (Saka)**
**No. 8, Wednesday, November 27, 2019 / Agrahayana 6, 1941 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 121 to 140 | 12-48 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Unstarred Question Nos.1381 to 1610 | 99-641 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 642-649

**STANDING COMMITTEE ON HEALTH AND FAMILY WELFARE**
115th and 116th Reports 650

**MOTION RE: 9TH REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE** 650

**JAMMU AND KASHMIR RESERVATION (SECOND AMENDMENTS) BILL, 2019--WITHDRAWN** 651-652

**FELICITATIONS BY THE SPEAKER**
Successful launch of Cartosat-3 Satellite onboard PSLV 653

**SUBMISSION BY THE MEMBER**
Re: recent miltant attacks in Kashmir 655-657

**MATTERS UNDER RULE 377** 661-685

(1) Need to convert NH-60 in Bankura Parliamentary Constituency in West Bengal into a four-lane road.

Dr. Subhas Sarkar 661

(ii) Regarding environmental problems caused by Thermal Power Plants in Raichur Parliamentary Constituency of Karnataka

Shri Raja Amareshwara Naik 662

(iii) Need to upgrade Bhuj Airport as International Airport and also operate Air India Flight service between Bhuj and Mumbai on daily basis and also introduce a direct flight between Bhuj and Delhi.

Shri Vinod Lakhamshi Chavda 663

(iv) Regarding problems faced by patients affected by diabetes.

Shri Tejasvi Surya 664

(v) Need to review Free Trade Agreements

Shri G. S. Basavaraj 665

(vi) Need to develop “Shravan Pakar“, a place of mythological importance in Gonda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh as a tourist place.

Shri Kirti Vardhan Singh 666

(vii) Need to ease the process for issuance of birth-death certificate and copy of “Parivar register“ in Uttarakhand.

Shri Tirath Singh Rawat 667

(viii) Need to set up a Aakashwani FM Radio Station in Wardha district, Maharashtra

Shri Ramdas Tadas 668

(ix) Need to set up a para Medical College in Farrukhabad city, Uttar Pradesh

Shri Mukesh Rajput 668

(x) Regarding completion of work on Rimuli to Rajamunda stretch of National Highway No. 215 in Odisha

Shri Jual Oram 669

(xi) Need to construct a dam in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

Shri Ashok Kumar Rawat 670

(xii) Need to develop and include religious places of historical importance in Bihar under Swadesh Darshan Scheme

Shri Gopal Jee Thakur 671

(xiii) Regarding installing solar energy and water recharging system in buildings.

Shrimati Darshana Vikram Jardosh 672

(xiv) Need to launch awareness programme about malnutrition among tribal people in the country.

Shri Arjunlal Meena 673

(xv) Regarding primary Agriculture Credit Societies in Kerala.

Shri Kodikunnil Suresh 674

(xvi) Regarding trade route between India and Bangladesh through Meghalaya

Shri Vincent H. Pala 675

(xvii) Need to address problems faced by nurses working in private hospitals.

Adv. Adoor Prakash 676

(xviii) Regarding drinking water problem in Ongole Parliamentary Constituency, Andhra Pradesh

Shri Magunta Sreenivasulu Reddy 677

(xix) Need to implement Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in proper and expeditious manner

Shri Talari Rangaiah 678

(xx) Need to enact necessary laws to curb air pollution.

Shri Shrirang Appa Barne 679

(xxi) Need to provide stoppage of Vaishali Express (train no. 12553/12554) and Bandra Terminal express (train no. 22913/22914) at Simri Bakhtiyarpur railway station in Saharsa district, Bihar.

Shri Dinesh Chandra Yadav 680

(xxii) Need to construct flyover on Allahabad-Mirzapur road in Uttar Pradesh.

Shri Shyam Singh Yadav 681

(xxiii) Regarding opening of Jawahar Navodaya Schools in Nagarkurnool Parliamentary Constituency, Telangana.

Shri Ramulu Pothuganti 682

(xxiv) Need to provide financial assistance to Kerala to rebuild the infrastructure and provide relief and rehabilitation to people affected due to floods in recent years

Adv. A. M. Ariff 683

(xxv) Regarding recommendations of Sachar Committee

Shri E. T. Mohammed Basheer 684

(xxvi) Need to provide employment on priority basis to local people in heavy industries in Barmer and Jaisalmer districts.

Shri Hanuman Beniwal 685

**STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF PROHIBITION OF ELECTRONIC CIGARETTES (PRODUCTION MANUFACTURE, IMPORT, EXPORT, TRANSPORT, SALE, DISTRIBUTION, STORAGE AND ADVERTISEMENT) ORDINANCE, 2019**

**AND**

**PROHIBITION OF ELECTRONIC CIGARETTES (PRODUCTION MANUFACTURE, IMPORT, EXPORT, TRANSPORT, SALE, DISTRIBUTION, STORAGE AND ADVERTISEMENT) BILL, 2019** 687-726

Dr. Harsh Vardhan 687-704

| | |
|---|---|
| Statutory Resolution-negatived | 715 |
| Motion to Consider | 716 |
| Clauses 2 to 18 and 1 | 716-726 |
| Motion to Pass | 726 |
| **SPECIAL PROTECTION GROUP (AMENDMENT) BILL, 2019** | 727-781 |
| Shri Amit Shah | 727-729<br>771-778 |
| Shri Manish Tewari | 730-738 |
| Dr. Satya Pal Singh | 739-744 |
| Shri A. Raja | 744-747 |
| Shri Sudip Bandyopadhyay | 748-751 |
| Shri Kuruva Gorantla Madhav | 752-753 |
| Shri Rajiv Ranjan Singh ' Lalan' | 754-755 |
| Shri P.R. Natarajan | 756 |
| Shri Jagdambika Pal | 757-759 |
| Shri N.K. Premachandran | 760-761 |
| Shri P. Raveendranath Kumar | 762 |
| Shri Hanuman Beniwal | 763-765 |
| Shri Rajiv Pratap Rudy | 766-768 |
| Shri Gaurav Gogoi | 769-770 |
| Motion to Consider | 778 |
| Clause 2and 1 | 779-781 |
| Motion to Pass | 781 |

**DADRA AND NAGAR HAVELI AND DAMAN AND DIU (MERGER OF UNION TERRITORIES) BILL, 2019** 782-798

Shri G. Kishan Reddy 782-783
796-797

Shri Mohanbhai Sanjibhai Delkar 784-786

Shri Lalubhai B. Patel 787-788

Shri B. Manickam Tagore 789

Shri Mohammed Faizal P.P 790-792

Prof. Sougata Ray 793

Shri N. Reddeppa 794

Motion to Consider 797

Clauses 2 to 23 and 1 797-798

Motion to Pass 798

**ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 819

Member-wise Index to Unstarred Questions 820-824

**ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 825

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 826

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shrimati Meenakshi Lekhi

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

# LOK SABHA DEBATES

---

---

LOK SABHA

----------

Wednesday, November 27, 2019 / Agrahayana 6, 1941 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या – 121, श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी।

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR)**: Sir, we have given notice of Adjournment Motion.

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न काल के बाद विचार करेंगे।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बालू साहब, मैं ऐसा नहीं हूं। मैं सदन के अंदर जो कमिटमेंट करता हूं, बाहर भी वही कमिटमेंट करता हूं। मैं अपना कमिटमेंट नहीं बदलता हूं। मैंने आपसे अंदर जो कमिटमेंट किया है, बाहर भी वही है। कुछ लोग अंदर कुछ और कमिटमेंट करते हैं और बाहर कुछ और कमिटमेंट करते हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आज संसदीय कार्य मंत्री जी का जन्मदिन है, सभी लोग उनको बधाई दे दीजिए।

…(व्यवधान)

**अनेक माननीय सदस्य :** बधाई हो।…(व्यवधान)

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI):** Thank you, Sir

**11.01 hrs**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या -121, श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी।

…(व्यवधान)

**(Q. 121)**

**श्रीमती मीनाक्षी लेखी :** अध्यक्ष जी, जब प्रदूषण पर डिबेट हो रही थी, तब कुछ लोगों ने कोयले की भी बात की और थर्मल प्लांट्स की भी बात की थी। उसमें बीजिंग का उदाहरण दिया गया था, जो मेरे हिसाब से गलत उदाहरण था। उसमें यह कहा गया था कि जो कार्बन हवा के अंदर मौजूद है, उसको कैप्चर करके डायमंड बनाया जाता है। मैंने उस समय भी यही बात कही थी और मैं अभी-भी उस बात को दोहरा रही हूं कि अगर कार्बन को ही कैप्चर करना है, तो जो हमारे थर्मल प्लांट्स हैं, क्या उनसे हम कार्बन को कैप्चर करके डायमंड, इंक और अन्य प्रोडक्ट्स के लिए काम कर सकते हैं, ताकि एफ्लूऐन्ट्स कम हों। एफ्लूऐन्ट्स कम होंगे, तो प्रदूषण स्वतः ही कम होगा। जैसे-जैसे भारत की एनर्जी नीड्स बढ़ेगी और हम लोग जितने ज्यादा इकोनॉमिकली साउंड होंगे, हमें उतनी ही एनर्जी कंजम्प्शन्स ज्यादा चाहिए होगी। हमें रिसोर्स मैनेजमेंट के लिए कोयले पर निर्भर होना ही पड़ेगा। इसके लिए प्रोडक्शन को भी बढ़ाने की जरूरत है, ताकि हमारा इंपोर्ट के ऊपर जो पैसा खर्च होता है, वह न खर्च हो।

मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि क्या हम टेक्नोलॉजी को परिवर्तित करके और बेहतर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर सकते हैं? कई ऐसे राज्य हैं, जिनको कोयला चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष** : सभी माननीय सदस्य अपनी बात को संक्षिप्त में रखें, क्योंकि मुझे अपनी सूची को 20 तक ले जाना है, अगर आप इससे सहमत हैं।

**SHRI PRALHAD JOSHI:** Hon. Speaker Sir, the need of the hour is energy security. For that reason, we have already imported nearly 235 million tonnes of coal which includes coking coal and non-substituted coal. Having said that, as far as pollution is concerned, our coal companies including Coal India Limited and all the subsidiary companies are taking care of plantation and other things. As far as this particular question is concerned, it is related to the power sector. But I appreciate the hon. Member’s concern about pollution and we will consult with the Ministry of Power.

**SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI :** Sir, it is about collieries also. We are using some old technologies. You can take, for example, the process of sedimentation to clean up coal. I think India’s energy security requires that we use coal, we increase the production of coal and we do forestation in those areas. But simultaneously, using better technologies and localised technologies from Indian institutes etc. is what is needed in managing collieries as well.

**SHRI PRALHAD JOSHI:** As far as managing collieries is concerned, all our PSUs are trying to adopt whatever upgraded technology is available all over the world and we are also monitoring it. Even in the answer, we have mentioned how we are trying to increase the productivity with the upgraded technology. At the same time, we are producing coal and supplying to various sectors including power sector and other sectors, which are both regulated and unregulated sectors; they have to think of the technology and how to reduce

pollution. So, to basically reduce pollution, the Power Ministry and the people who are using coal have to think about the technology. Surface miners and all such technologies are being used now.

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI :** I would like to ask the hon. Minister the extent of losses suffered by India's exchequer due to the decline in coal output in the past three years. I would also like to know the States which have faced the decline and what losses the Tamil Nadu Government is facing.

**SHRI PRALHAD JOSHI:** As far as the total coal import is concerned, we have imported 235 million tonnes of coal last year. By that, we have lost nearly about Rs. 1,71,000 crore of foreign exchange on that. The Government is very serious about increasing the production of coal. As far as the loss that the Tamil Nadu Government has incurred because of coal import is concerned, I would ascertain and come back to you.

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU:** Thank you, hon. Speaker Sir. While I appreciate the initiative in increasing the production by 165 million tonnes, which is really commendable, a lot of mines were given to the private companies. How is their performance in mining? If they are not up to the mark, as per the expectations, what are the steps that could be initiated to improve the production? I would like to put this question, through you, to the hon. Minister.

**SHRI PRALHAD JOSHI:** After the amendment of the MMDR Act in 2015, the auction-cum-allocation to PSUs has started. Before that, it was purely on allocation basis. Before the recent Cabinet decision and before the decision to allow 100 per cent FDI, these coal blocks were given to the captive mines. Their production was around 32 million tonnes last year. Five years is not a very big period, as you know, to avail all the clearances from the beginning; it will take six to seven years. We are trying to reduce it. We are also trying to avoid the prior approval system which is now existing and which consumes more than one year by an amendment. We are trying to totally scrap that so that once a coal block is allocated either to a Government or a private company, they need not come back and the mining licence and other things can be given by the State Government, fast operationalisation and fast clearance of ECFC, and new policy initiative of 25 per cent in captive mines for the sale of coal. The auctions are going on now. We have put on auction around 46 blocks; out of that, after completion of requirement for captive production, they can sell 25 per cent in the open market.

**SHRI VINCENT H. PALA :** Thank you, Sir. The answer given by the Minister is that the Government is accelerating the production of the private mines. In Meghalaya recently the National Green Tribunal has seized 32 lakh tonnes of coal and Coal India has been mandated to auction the coal. May I know from the hon. Minister, whether the auction of coal will be as per the paper available because there is a perception that there is no coal at site? Will the auction be

taken as per the practical, physical availability of coal at site or as per the paper which is available in the Supreme Court?

**SHRI PRALHAD JOSHI:** Whatever auction of the coal blocks is there, the thinking or the approach of the Government of India is very clear and it is that it should be very transparent and an equal opportunity should be provided to everybody.

**(Q. 122)**

**श्री हरीश द्विवेदी:** माननीय अध्यक्ष जी, मेरा जो प्रश्न था, उसका लिखित उत्तर मुझे विस्तार से मिला है। मैं माननीय सदन को यह बताना जानना चाहता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश बस्ती, गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर, संत कबीर नगर, देवरिया और कुशीनगर इत्यादि पूर्वांचल के सभी जिलों में भर्ती कैम्पों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। हमारे जिले में राजा जालिम सिंह, राजा उदय सिंह, …(व्यवधान) सर, उसी से जुड़ा हुआ प्रश्न है। हमारे जिले में राजा ज़ालिम सिंह, राजा उदय सिंह और रानी तलाश कुंवरि के नेतृत्व में हजारों नौजवान स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए। फांसी पर लटकाये गये। हमारे जिले के और पूर्वांचल के तमाम लड़के सेना में जाना चाहते हैं। पहले हमारे जिले में 1974 तक भर्ती कैम्प लगता था, लेकिन वर्ष 1974 के बाद भर्ती कैम्प बंद हो गया। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या नौजवानों की रुचि को देखते हुए पुन: बस्ती में भर्ती कैम्प लगाया जाएगा?

**श्री श्रीपाद येसो नाईक** : माननीय अध्यक्ष जी, भर्ती कैम्प हर साल लगते हैं और हर साल उस राज्य को मौका मिलता है। मैं माननीय सदस्य से कहना चाहता हूं कि जो हमारे आर्मी रिक्रूटमेंट सेन्टर्स हैं, वहां आप आज से ऑनलाइन एप्लाई कर सकते हैं। जब उस जिले को मौका मिलता है और हमारे जो 59 सेन्टर्स पूरे देश में हैं, उनमें सभी राज्यों और जिलों को कवर किया हुआ है। मैं माननीय सदस्य से निवेदन करता हूं कि वे लोग आज से ऑनलाइन भी एप्लाई कर सकते हैं और जब उस जिले का डेटा आएगा, तभी उसको सम्मिलित किया जाएगा।

**माननीय अध्यक्ष** : हरीश जी, क्या आपको सप्लीमेंट्री सवाल पूछना है?

**श्री हरीश द्विवेदी:** माननीय अध्यक्ष जी, मेरा प्रश्न यह था कि क्या बस्ती में वर्ष 1974 से पहले भर्ती कैम्प लगता था? क्या सरकार की योजना आगे आने वाले समय में बस्ती में भर्ती कैम्प लगाने की है? …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** राजनाथ सिंह जी, आप बोलिए।

**रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं सदन को इस बात की जानकारी देना चाहता हूं कि आर्मी रिक्रूटमेंट अब सिर्फ हमारे देश में 59 हैं और रिक्रूटमेंट सेन्टर्स 73 हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** उनकी आवाज बहुत बुलंद है, सुनाई दे रहा है।

**श्री राजनाथ सिंह :** रिक्रूटमेंट सेन्टर्स हमारे यहां 73 हैं। इसके अतिरिक्त इंडिपेंडेंट रिक्रूटमेंट सेन्टर्स भी हैं और गोरखा लोगों के लिए भी इस प्रकार के दो सेन्टर्स हैं। इन सारे सेन्टर्स पर रिक्रूटमेंट होता है और मैं सदन को इस बात की जानकारी देना चाहता हूं कि हर रिक्रूटमेंट सेंटर से कुछ जिले लिंक्ड हैं, उसके साथ जुड़े हुए हैं। प्रति वर्ष इस प्रकार का रिक्रूटमेंट आर्मी के द्वारा किया जाता है और हर जिले से इसमें सेना के जवान भर्ती होते हैं।

**श्री मनीष तिवारी :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जब 1857 की आजादी का जन्म हुआ, उसके बाद अंग्रेजों ने भारत की फौज में जो रिक्रूटमेंट की, …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : आप तो प्रश्न पूछिये। आज़ादी की लड़ाई क्यों पूछ रहे हो?

…(व्यवधान)

**श्री मनीष तिवारी :** अध्यक्ष जी, थोड़ी सी पृष्ठभूमि बताना जरूरी है। इसलिए समय ले रहा हूं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न में आप सब भूमिका बांधना बंद कर दो।

…(व्यवधान)

**श्री मनीष तिवारी :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं संक्षेप में अपनी बात कह देता हूं। जो भारत की फौज में रिक्रूटमेंट होनी शुरु हुई, उसका आधार मार्शल रेस थ्योरी था। उससे भारत की जो थल सेना के रेजीमेंट्स राजपूत, डोगरा, सिख इत्यादि का निर्माण हुआ। वर्ष 1966 के बाद भारत सरकार ने रिक्रूटेबल मेल पोपुलेशन की नीति को लागू किया। मैं माननीय रक्षा मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि इस नीति के बावजूद भारत के कुछ ऐसे सूबे हैं जहां पर थल सेना, वायु सेना और जल सेना में जाने के लिए लोगों का विशेष लगाव रहता है और इस रिक्रूटेबल मेल पोपुलेशन की थ्योरी के बावजूद उन प्रदेशों से अभी भी हमारी फौज में ज्यादा रिक्रूटमेंट होती है। मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से यह सवाल है कि ऐसे प्रदेश, जैसे पंजाब, जहां से मैं आता हूं, इसको आप कुछ विशेष डिस्पेंसेशन या रिक्रूटमेंट देने पर विचार करेंगे या नहीं?

**श्री राजनाथ सिंह:** स्पेशल डिस्पेंसेशन का कोई प्रोविजन हमारे यहां नहीं है। जो रिक्रूटमेंट होता है, वह पूरी तरह से इम्पार्शियल होता है। जैसा कि मैंने पहले ही बताया है कि हमारे यहां सेंटर्स निर्धारित हैं। उन सेंटर्स से जो जिले लिंक्ड हैं, वहां प्रतिवर्ष रिक्रूटमेंट का सिलसिला चलता रहता है। जो भी अप्लाई करना चाहे, ऑनलाइन अप्लाई कर सकता है। उसके बाद जो फिजिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट आदि होते हैं, इन सारे प्रॉसेस में वह भाग ले सकता है। अत: रिक्रूटमेंट के मामले में किसी को स्पेशल डिस्पेंसेशन देने का प्रोविजन नहीं है।

**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव :** सर, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि पिछले दस वर्षों में, कितनी महिलाएं और पुरुष have been recruited by the Army from the State of Odisha. जो रिप्लाई आया था, उसमें सिर्फ पुरुषों के बारे में बताया गया था।

**माननीय अध्यक्ष:** मैडम, यह सवाल नहीं है। आप पूछ रही हैं कि पूरे देश में कितनी भर्तियां हुई हैं। यह कैसे संभव होगा? भर्ती का जो क्वेश्चन है, आप कृपया उसे देखें। इसकी गिनती माननीय रक्षा मंत्री जी कैसे बता पाएंगे?

**श्री राजनाथ सिंह:** अध्यक्ष महोदय, चूंकि वह इस सदन की नई सदस्या हैं, इसलिए मुझे जानकारी देनी चाहिए। ...(व्यवधान)। मैं इनको बताना चाहता हूं कि हर स्टेट में पिछले तीन वर्षों में जितने रिक्रूटमेंट्स हुए हैं, उनकी पूरी जानकारी मैं दे सकता हूं। मैं समझता हूं कि इसमें लंबा समय लगेगा। यदि आपकी इजाजत हो, तो मैं इनको उसकी जानकारी भेज सकता हूं। ...(व्यवधान)। वैसे मैं आपको बताना चाहता हूं कि अप्रॉक्सिमेटली प्रतिवर्ष 60 हजार के आसपास रिक्रूटमेंट्स होती हैं। कभी 58 हजार तो कभी 55 हजार, इसी प्रकार से रिक्रूटमेंट होता रहता है।

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB :** Hon. Speaker, Sir, I will ask my question in two lines. Height is one of the major criteria for recruitment in the Army. It has been repeatedly stated that in certain States, height of persons is a bit higher and in certain States, it is quite average. Odisha is tagged with Andhra Pradesh and Telangana. A large number of tribal population/youths have a shorter stature. An approach has been made to the Ministry of Defence that they should be attached with Jharkhand and Chhattisgarh because a large number of tribal youths need to be recruited in the Army so that they move away from violence prevalent in tribal districts. I would like to know whether the Government is considering re-allocating the height criterion in respect of State of Odisha in that manner.

**श्री राजनाथ सिंह:** अध्यक्ष महोदय, उड़ीसा के संबंध में जहां तक जानकारी देने का प्रश्न है, मैं जानकारी हासिल करने के बाद इनको बता दूंगा। जहां तक हाइट अथवा चेस्ट के मामले में रिलैक्सेशन देने का प्रश्न है, हमारे कुछ ऐसे ट्राइबल एरियाज, हिल एरियाज हैं, जहां पर रिलैक्सेशन देने की आवश्यकता होती है। इन एरियाज में रिलैक्सेशन दिया जा सकता है। उसकी जानकारी भी हमारे पास है, जो डिटेल में है, इसलिए इस समय उसमें जाने का औचित्य नहीं है। मैं समझता

हूं कि आप वेबसाइट पर जाएंगे तो पूरी जानकारी मिल जाएगी कि किस एरिया के लिए और किस ट्राइबल जोन के लिए किस प्रकार का और कितना रिलैक्सेशन दिया जाता है।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न 123, श्री कृपाल तुमाने जी। आप वह सदस्य हैं, जो रोज बोलते हैं।

**(Q. 123)**

**श्री कृपाल बालाजी तुमाने :** धन्यवाद स्पीकर महोदय, महाराष्ट्र राज्य एक प्रगतिशील राज्य के रूप में पूरे देश में जाना जाता है। मुझे मिली जानकारी के अनुसार एक दूसरे राज्य में, नाम भी लूं तो मुझे फर्क नहीं पड़ता, बिहार में 1,041 ग्राम पंचायतें अभी ऑप्टिकल फाइबर से जुड़नी बाकी हैं, लेकिन महाराष्ट्र की 10,201 ग्राम पंचायतें अभी ऑप्टिकल फाइबर से कनेक्ट होनी बाकी हैं। मैं माननीय मंत्री जी से सीधा सवाल पूछना चाहता हूं कि महाराष्ट्र के विदर्भ एरिया में, स्पेसिफिकली रामटेक लोक सभा क्षेत्र में ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें बाकी हैं, जो ऑप्टिकल फाइबर से कनेक्ट होनी हैं?

**श्री संजय शामराव धोत्रे:** अध्यक्ष महोदय, जो सवाल पूछा गया था, वह ग्रामीण क्षेत्र की इंटरनेट, ब्रॉड बैंड कनेक्टविटी के बारे में था। हमारी सरकार का इसके लिए डिजिटल इंडिया और भारत नेट का बहुत ही एंबीशिएस प्लान है। ढाई लाख ग्राम पंचायतों की कनेक्टिविटी के लिए हम दो फेज में काम कर रहे हैं। पहले फेज में करीब-करीब 1 लाख 27 हजार ग्राम पंचायतें जुड़ चुकी हैं। इन्होंने जो सवाल पूछा है, मेरे पास इनकी कांस्टीट्युएंसी की तो डिटेल नहीं है, लेकिन मैं महाराष्ट्र की जानकारी दे सकता हूं। महाराष्ट्र में पहले फेज में 95 पर्सेंट से ज्यादा टार्गेट हमने एचीव किया है और दूसरा फेज जो है, वहां जो स्टेट लैड मॉडल है, उस पर स्टेट काम करने वाली है। वह काम भी प्रगति पर है।

**श्री कृपाल बालाजी तुमाने :** मंत्री महोदय, धन्यवाद। आप भी विदर्भ से ही आते हैं, इसलिए आपका ध्यान ज्यादा रहेगा, ऐसी मुझे उम्मीद है। मेरा दूसरा सवाल है कि जीसैट-11 सैटेलाइट लांच करने के बाद जो हमारे यहां के रूरल एरियाज़ हैं, जो दुर्गम एरियाज़ हैं, उनकी कनेक्टिविटी में क्या हमें ज्यादा लाभ हो सकेगा?

**श्री संजय शामराव धोत्रे:** अध्यक्ष महोदय, अगर आपकी अनुमति होगी, तो इनके क्षेत्र का आंकड़ा मैं माननीय सदस्य को उपलब्ध करा दूंगा।

**माननीय अध्यक्ष :** आप वेट करिए। आप इनका जवाब दे दीजिए।

**श्री संजय शामराव धोत्रे:** इन्होंने जो दूसरा सवाल पूछा है, तो हमारा जो दूसरा फेज है, उसमें हम सैटेलाइट रेडियो द्वारा जो दुर्गम, दूर-दराज के इलाके हैं, वहां हम इस माध्यम के द्वारा कनेक्टविटी उपलब्ध करा रहे हैं।

**SHRIMATI NUSRAT JAHAN :** Sir, I want to know whether it is a fact that the Government is planning to cover 800 Gram Panchayats under the Bharat Net Project in West Bengal. If so, how many Gram Panchayats will be selected in 24 Parganas of West Bengal, specially in Basirhat, which is an area lagging behind in development and a most backward area in the State? How can the Government help in the development of that area?

**श्री संजय शामराव धोत्रे:** अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले ही बताया कि दोनों फेज मिलाकर हम ढाई लाख ग्राम पंचायतों में काम कर रहे हैं। जो सवाल मुझसे पूछा गया है, इसकी जानकारी अभी मेरे पास नहीं है। मैं माननीय सदस्य महोदया को इसके बारे में अवगत करा दूंगा।

**श्री राजीव प्रताप रूडी:** महोदय, यह योजना लगभग 40 हजार करोड़ की है और 2020 तक दोनों फेजेज़ में इसे समाप्त किया जाएगा। इस योजना में हर गांव तक, हर पंचायत तक ऑप्टिकल फाइबर से आपको यह तार पहुंचानी है। फेज वन का काम लगभग समाप्त हो गया है। जब हम कभी पाइप बिछाते हैं, तो पाइप से पानी घर तक पहुंचता है, वह हमारी उपलब्धि है, जब बिजली का खम्भा गाड़ते हैं, तो बिजली के खम्भे से गांव तक बिजली पहुंच जाए, वह हमारे लिए उपलब्धि है, जब गैस पाइप लाइन बिछाते हैं, तो गैस पाइप लाइन बिछाने के बाद घर तक चूल्हे का कनेक्शन

हो जाए, तो वह हमारी उपलब्धि है। यह जो ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क है, इसे ग्राम पंचायत तक जाना है। मैं एक छोटा सा उदाहरण देना चाहूंगा और आपके भी राज्य का उदाहरण देना चाहूंगा। जो गांव में स्कूल होते हैं, वे सबसे ज्यादा इसका लाभ उठा सकते हैं। वह एक प्रामाणिकता देता है कि किस प्रकार से इंटरनेट की सुविधा हर गांव तक पहुंची है। महोदय, बिहार में सिर्फ 2.4 प्रतिशत, जबकि केरल में 48 प्रतिशत, कर्नाटक में 84 प्रतिशत, चंडीगढ़ में 100 फीसदी स्कूलों में है। ऑप्टिकल फाइबर में 40 हजार करोड़ रुपये लगाकर बिहार के मात्र 2.4 फीसदी स्कूल्स तक इंटरनेट कनेक्शन पहुंचा है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि तारें बिछाई गई हैं, लेकिन जो अंतिम उपभोक्ता है और बच्चों व स्कूल तक अगर यह पहुंच जाए, तो हम समझेंगे कि हर प्राथमिक विद्यालय, हर गांव तक, ऑप्टिकल फाइबर एंड यूजर तक पहुंच गया। माननीय मंत्री जी बताना चाहेंगे कि क्या आपने इस प्रकार से इसकी उपयोगिता ऑडिट कया है कि जो ऑप्टिकल फाइबर लाइन बिछाई गई है, वह अंतिम गांव तक पहुंच सके? क्या आपने इसकी ऑडिट कराई है और इसकी क्या क्षमता है? इसके बारे में मुझे जानकारी चाहिए।

**श्री संजय शामराव धोत्रे:** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल पूछा है। हमारा काम सिर्फ लाइन बिछाना नहीं है। जो एंड यूजर है, वहां तक उसका फायदा पहुंचे। जैसा कि उन्होंने कहा कि स्कूल्स होंगे या ग्राम पंचायतें होंगी, वहां पर जो एंड यूजर है, इसके लिए हमारी जो सीएससी है, उनका हमने एक मॉडल बनाया। करीब 90 हजार ग्राम पंचायतों में सीएससी हॉट स्पॉट प्रोवाइड करेंगी। दो-दो हॉट स्पॉट एक ग्राम पंचायत में प्रोवाइड करने का हमारा मानस है। इसमें वायबिलिटी गैप फंडिग को हम करेंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ पाइप लाइन बिछाना हमारा काम नहीं है। उसका पानी भी घर-घर तक पहुंचे, इसके लिए हम पूरा प्रयास कर रहे हैं।

**श्री हसनैन मसूदी :** स्पीकर सर, जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट और ब्रॉड बैंड पिछले 4 महीने से बंद है।

**माननीय अध्यक्ष :** सवाल यह नहीं है। आप पूछें कि कनेक्टविटी कैसे बढाएंगे?

…(व्यवधान)

**श्री हसनैन मसूदी :** सर, वही ब्रॉड बैंड की बात कर रहा हूं। वहां ब्रॉड बैंड और इंटरनेट 4 महीने से बंद है। आप देखिए कि वहां कितनी असुविधा है? करीब 15 लाख स्टूडेंट्स को इंटरनेट और ब्रॉड बैंड का एक्सेस नहीं है और जो होटलियर्स और बिजनेसमैन हैं, वे भी इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी, यह आपका विषय नहीं है, फिर भी आप जवाब देना चाहें, तो दीजिए दे दीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री संजय शामराव धोत्रे:** महोदय, सुरक्षा के कारण ऐसे कुछ इंतजाम किए गए थे, लेकिन अब वहां काफी हद तक परिस्थितियां सामान्य हो रही हैं। …(व्यवधान)

**श्री दुष्यंत सिंह :** आदरणीय स्पीकर सर, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मंत्री जी ने बताया है कि ढाई लाख ग्राम पंचायतों को वे इससे जोड़ेंगे। मैं राजस्थान से आता हूं। मेरा क्षेत्र एक एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट है। एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट के कारण ब्रॉड बैंड की फैसिलिटी गांव-गांव को देनी होती है। पहले प्रश्न में पूछा था कि 40 हजार करोड़ रुपये की राशि दी गई है। मुझे सूचना मिली है कि इसमें 70 हजार करोड़ रुपये की राशि मिली है। 70 हजार करोड़ रुपये की राशि का पूरा पैसा, जो यूजर है, जो आम आदमी है, आम किसान है, उसको वह सुविधा नहीं मिली है । मेरा लोक सभा क्षेत्र जो एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट है**,** ऐसे 112 एस्पिरेशनल डिस्ट्रक्ट्स देश में हैं, इस देश में यह सुविधा आप एंड यूजर तक कब पहुंचाएंगे?

**श्री संजय शामराव धोत्रे:** अध्यक्ष महोदय, सम्माननीय सदस्य ने 70 हजार करोड़ रुपये की बात कही, वह उतना नहीं है। इसमें 43 हजार करोड़ रुपये का ही प्रावधान है। अभी तक करीब 17 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। राजस्थान में टोटल 9,880 जीपी हैं, उनमें से 8,713 जीपी सर्विस रेडी हो गए हैं। राजस्थान में इसमें बहुत अच्छा काम इसमें हुआ है। अभी हॉट स्पॉट के बारे में मैंने जो बताया, वह राजस्थान में भी होने वाला है। एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्टस के ऊपर हम खास तौर से ध्यान देंगे। …(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** सर, इस पर आधे घंटे की चर्चा जरूरी है।…(व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** सर, इस पर आधे घंटे की चर्चा कराइए। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप नियम, प्रक्रिया के तहत इसे लिख कर दें। मैं मंत्रालय को भेजूंगा, फिर उसके बाद विचार करेंगे।

**अनेक माननीय सदस्य:** ठीक है।

**(Q. 124)**

**SHRI A. RAJA :** Sir, I am happy to hear from the hon. Minister that all regional languages have been permitted in the competitive examination which is being conducted by the Railway Ministry. Yet, another question arises there. Since the Railway Ministry is maintaining the inter-State competitive examinations, most of the times, people from northern India are getting jobs in recruitment in Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Kerala and Karnataka. Not only for the officer cadre, even for clerks and junior assistants, a substantial number of posts are being filled in Tamil Nadu and Kerala with people from the North Indian States. In order to maintain the State equilibrium in terms of the number of posts, State-wise competitive examinations must be held. I would like to know from the hon. Minister whether such a system is going to be adopted in future, at least to maintain the State-wise equilibrium in terms of the number of posts available in the Railway Ministry.

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Sir, the hon. Member has asked a valid question today. It is not like what he has stated. In the regional languages also, the examinations have been conducted. For example, in Assam, approximately 1.52 lakh candidates have appeared in the local language; in West Bengal approximately 8.48 lakh have appeared. …(*Interruptions*)

**SHRI A. RAJA :** The problem is that from the northern States, people are permitted to write in Hindi in Tamil Nadu and they are getting jobs whereas the Tamilians are deprived of. That is my question.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री महोदय, मैं आपसे फिर आग्रह कर दूं कि जब कोई माननीय सदस्य बीच में उठे तो उसका जवाब मत दिया करो। मंत्री महोदय आप खुद सदन मत चलाया करो, यह जिम्मेदारी आप लोगों ने मुझे दी है।

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Thank you, Sir. Along with English and Hindi, other languages also have been included in the local languages. Shri D.K. Suresh and Shri Nalin Kumar Kateel have asked the questions from Karnataka. Even I can talk to them in Kannada also. In Kannada, we say 'Namaskara' for 'Vanakkam'. Even I can tell Mr. Raja, 'Vanakkam'. Yesterday, in this Parliament, *…*[*] has made it very clear during the Constitution Day celebration that everybody must learn the mother tongue.

**PROF. SOUGATA RAY :** Sir, *…** should not be referred to in this House.

**माननीय अध्यक्ष:** इसे कार्यवाही से निकाल दो।

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Along with English and Hindi, all the other languages, more than 13 languages have been included including Kannada, Tamil, Telugu, etc. The details have been given. …(*Interruptions*)

---

[*] Not recoreded.

**(Q. 125)**

**SHRI T.R.V.S. RAMESH :** Sir, I would like to know whether the Minister will convert the guidelines governing shortlisting and posting of Divisional Railway Managers referred to in the Reply relating to the appointment of DRMs.

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Sir, the DRMs have been appointed based on the Guidelines of 2016. The Guidelines are totally open to all. There is the DoPT, the Chairman, Railway Board; with the approval of the Railway Ministry, that will be done. It is totally transparent. Along with that, comes the efficiency of the person because he belongs to the Railways. The person should have knowledge of the Railways, should have a good track record in the Confidential Report (CR). Based on that, one is appointed. The power vests with the Railway Ministry subject to the Railway Board and the DoPT.

**SHRI K. MURALEEDHARAN :** Sir, the main problem is that most of the DRMs do not know the local language. In Kerala also, we are facing it. So, will you please give directions to DRMs to study the local language?

**SHRI SURESH C. ANGADI:** It is the prerogative of every person to learn the local language along with Hindi and English. …(*Interruptions*) Please understand, Railway is not State-wise; Railway is zone-wise. So, when any person is appointed as a DRM, factors like knowledge of local language etc. are also taken into consideration. Then only, view taken by the Railway Board Chairman and DoPT. Based on that efficiency and how he will discharge the

work of the Railways, the appointment is made with the approval of the Railway Ministry.

**(Q.126)**

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS; MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES(SHRI PRALHAD JOSHI):**

(a) to (c) A statement is laid on the Table

**(Q. 127)**

**श्री गिरिधारी यादव :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने जवाब में कहा है कि 1968 में एक कमेटी का गठन हुआ, जिसने हिंदी के माध्यम से एग्जाम के मामले में वर्ष 2012 में रिपोर्ट दी है। हमें लगता है कि 44 साल एक कमेटी को यह देखने में लग गए कि इंग्लिश से हिंदी कैसे होगी? आप जानते हैं कि विश्व में चीन और जापान ने स्थानीय भाषा में तरक्की की है। जब तक हमारे देश में स्थानीय भाषा में पढ़ाई नहीं होगी, एग्जाम्स नहीं होंगे…

माननीय अध्यक्ष**:** आप सवाल पूछिए।

**श्री गिरिधारी यादव :** महोदय, सवाल यही है जिन प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी माध्यम नहीं है, क्या सरकार हिंदी माध्यम बनाना चाहती है?

**डॉ. जितेन्द्र सिंह:** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, उसमें बहुत औचित्य है। इस प्रश्न में उन्होंने स्वयं उत्तर भी दिया है और उत्तर के साथ एक और प्रश्न भी जोड़ दिया कि वर्ष 1968 में आफिशियल लैंग्वेजेज़ एक्ट पास हुआ था तो पिछले 50 वर्ष क्या होता रहा? माननीय सदस्य इस बात से सहमत होंगे कि सरकार 2014 में ही आई है, पीछे क्या होता रहा, क्यों नहीं हुआ, इसका उत्तर भी किसी को देना होगा, यह अलग बात है। लेकिन पिछले पांच वर्षों में सब वर्नाक्युलर्स स्थानीय भाषाएं और हिंदी को बढ़ावा देने का भरपूर प्रयास किया गया है। आप इस बात से सहमत होंगे, इसके प्रमाण भी मौजूद हैं कि माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देश अनुसार सरकारी कामकाज में हिंदी का उपयोग बहुत अधिक मात्रा में पिछले पांच साल में बढ़ा है।

जहां तक माननीय सदस्य के मूल प्रश्न का संबंध है कि क्यों नहीं दूसरी भाषाओं में इस प्रकार की सुविधा या विकल्प नहीं दिया जा रहा है, इसका उत्तर भी माननीय सदस्य के प्रश्न में है। आपने पिछले भाग में कहा कि वर्ष 1968 से लेकर उस प्रकार की सामग्री तैयार नहीं हुई है। ऐसे बहुत छात्र होंगे जो हिंदी या दूसरी भाषाओं में परीक्षा देना चाहते हैं, लेकिन हायर एजुकेशन और

विशेषकर टेक्नीकल एजुकेशन, भले ही एमबीबीएस हो या इंजीनियरिंग सर्विस हो, इस प्रकार की पुस्तकें, टैक्स्ट बुक्स उस स्टैंडर्ड के ट्रांसलेशन में उपलब्ध नहीं हैं। इससे कहीं न कहीं छात्रों के लिए डिएडवांटेज हो सकता है। हम में से कोई यह भी नहीं चाहेगा कि किसी छात्र को उस भाषा में उस तरह के स्तर की सामग्री या साहित्य नहीं मिलने से किसी प्रकार का नुकसान हो या डिसएडवांटेज हो। इसका शायद समाधान यही है कि उच्च स्तर की शिक्षा के लिए उस प्रकार की पुस्तकों का निर्माण किया जाए, लेखन किया जाए और साथ ही अनुवादक ट्रांसलेशन करने के लिए भी उपलब्ध रहे। मैं आपकी बात से कुछ हद तक सहमत हूं कि बहुत से छात्र ऐसे होंगे, जो चाहते हैं कि हिंदी या अन्य स्थानीय भाषाओं में परीक्षा दें क्योंकि उन्हें कई बार अंग्रेजी में परीक्षा देनी पड़ती है।

**श्री गिरिधारी यादव :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री ने जवाब दिया कि 44 साल लग गए। हम सरकार से पूछ रहे हैं, चाहे कोई भी सरकार हो, अंग्रेजी लॉबी के लोग नहीं चाहते हैं कि हिंदी भाषा में परीक्षा हो। पिछड़े दलित, आदिवासी लोग ज्यादातर हिंदी पढ़ना चाहते हैं, अंग्रेजी लॉबी के लोग हिंदी माध्यम में परीक्षा नहीं लाना चाहते हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** आप कैसे आरोप कर रहे हैं?

श्रीमती रमा देवी।

**श्रीमती रमा देवी :** माननीय अध्यक्ष जी, प्रश्न का जवाब तो मिल ही गया है, माननीय मंत्री जी ने संतुष्ट कर दिया है, लेकिन फिर भी मैं पूछना चाहती हूं हमारे देश में संविधान के अनुच्छेद 351 में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि सरकार का कर्तव्य है कि हिंदी के विकास एवं प्रचार का कार्य इस प्रकार से करें कि भारत में नौकरी एवं भर्ती के अवसरों पर कोई भेदभाव न हो परंतु प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी को माध्यम न बनाकर हिंदी भाषी क्षेत्र के साथ भेदभाव किया जाता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं क्या सरकार संविधान एवं नीति निर्देशक सिद्धांतों

के मद्देनजर भारत में कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल अंग्रेजी माध्यम को समाप्त करने की कोई घोषणा करेगी?

**डॉ. जितेन्द्र सिंह:** अध्यक्ष महोदय, जैसा आदरणीय सदस्य ने स्वयं कहा है कि इस प्रश्न का उत्तर किसी हद तक पहले चर्चा में, प्रश्न के उत्तर में भी आया है और जैसा आपने स्वयं कहा है कि यह निर्णय लगभग आधी शताब्दी पूर्व हुआ था और पिछले पांच वर्षों में उसी दिशा में कार्य हो रहा है, जिस दिशा में आपने अपनी इच्छा प्रकट की है। निश्चय ही सभी भाषाओं में, विशेषकर जो आठवीं अनुसूची में सम्मिलित हैं, इस प्रकार की सुविधा और विकल्प रहना चाहिए, परन्तु साथ ही साथ, जैसा यूपीएससी के माध्यम से इस प्रकार की परीक्षाएं होती हैं, उन्होंने एक उच्च स्तरीय समिति बनाई थी। उसने एक सुझाव दिया था, जो बहुत उचित सुझाव भी था कि इसके साथ ही साथ इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि उस स्तर की सामग्री भी उस भाषा में उपलब्ध रहे और अनुवादक भी उसी स्तर के रहें, ताकि किसी छात्र को इस कारण से नुकसान न हो। ये दोनों ही चीजें साथ-साथ होंगी, पिछले 45 वर्षों में, जब से यह होना चाहिए था, नहीं हो पाया, उसका उत्तर शायद कहीं और से हमें हासिल करना पड़ेगा।

**(Q. 128)**

**श्रीमती संध्या राय :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देती हूं।रेल विकास निगम लिमिटेड की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा 19 दिसम्बर, 2002 को दी गई थी तथा यह उपक्रम 24 जनवरी, 2003 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन कंपनी के रूप में पंजीकृत हो गया था। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि मध्य प्रदेश के भिंड एवं दतिया जिलों में रेल विकास निगम लिमिटेड के द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान किन परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया गया और उनके क्रियान्वयन की स्थिति क्या है? साथ ही, मध्य प्रदेश में रेल विकास निगम लिमिटेड के द्वारा रेल परिचालन, रेल लाइन, रेल ब्रिज इत्यादि परियोजनाओं का निष्पादन करने में क्या प्रदर्शन रहा है? साथ ही, मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि भिंड एवं दतिया लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत भिंड, सोनी एवं गोहद में रेल ओवर ब्रिज की नितांत आवश्यकता है। साथ ही, भिंड रेल लाइन के दोहरीकरण के साथ-साथ ग्वालियर-भिंड-इटावा रेल लाइन का विद्युतीकरण किया जाना आवश्यक है। सरकार इन कार्यों को कैसे देखती है? संबंधित कार्यों का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा और यदि नहीं होगा, तो क्यों नहीं होगा?

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Her question is very elaborate. As the hon. Member has said, this is one of the acclaimed companies. वर्ष 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी जी की सोच थी, जैसे नेशनल हाइवे अथॉरिटी को कंपनी बनाया था, वैसे ही आरवीएनएल बनाया गया था और today it has become one of the mini *Navratna* companies. माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, उसके बारे में हम लिखित उत्तर भेज देंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री रेबती त्रिपुरा ।

**श्रीमती संध्या राय :** अध्यक्ष महोदय, मुझे दूसरा प्रश्न भी पूछना है।

**माननीय अध्यक्ष :** आपने एक प्रश्न में ही चार प्रश्न पूछ लिए हैं।

श्री रेबती त्रिपुरा ।

**श्री रेबती त्रिपुरा :** सर, मेरा प्रश्न यह है कि क्या रेल विकास निगम लिमिटेड या रेल मंत्रालय धर्मनगर या अगरतला में रिक्रूटमेंट सेंटर खोलने के बारे में सोच रहा है?

**SHRI SURESH C. ANGADI :** His question is not pertaining to the present Question.

**(Q.129)**

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTY (SHRI SOM PARKASH):**

(a) to (d) statement is laid on the Table.

**(Q. 130)**

**श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। छत्तीसगढ़ में रेलवे क्षेत्र के विकास को लेकर सभी परियोजनाओं को रेल बजट में मंजूरी तो मिल गई है, परन्तु काम या तो शुरू नहीं हुआ है या जो काम शुरू हो गया है, वह बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि योजना क्रियान्वयन में जो भी शासकीय-प्रशासकीय व्यवधान आ रहे हों, उनको क्षेत्रीय सांसदों के साथ संबंधित अधिकारी मिलकर निराकरण करें, ताकि जनमानस को तत्काल व्यवस्थाएं एवं लाभ मिल सके।

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Sir, for any progress of the railways in the States, the State Government concerned should also cooperate. Availability of land is the subject of the State. The work can be started on the land made available to the Railways. If the hon. Member has any problem, I will ask the authorities concerned to talk to the hon. Member.

**SHRI M. K. RAGHAVAN :** Thank you, Sir, for giving me this opportunity. Kozhikode railway station had been upgraded years back as a world class station. The Government of India has announced the redevelopment project for Kozhikode railway station. Now, the proposal of the project has been transferred to Railway Land Development Authority (RLDA), Delhi from railway headquarters, Chennai.  Through you, Sir, I would like to know from the hon. Minister the current status of the mentioned project and when the project will take off.

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Sir, we are going to develop almost all the railway stations as world class railways stations. The hon. Member has asked about a specific station. I will send him all the details in this regard.

**(Q.131)**

**DR. SHASHI THAROOR :** Thank you very much, Mr. Speaker. I have looked at the reply of the Minister. He essentially linked the decision to merge the two bodies, the National Sample Survey Office (NSSO) and the Central Statistics Office (CSO) into a single entity to a decision of the Union Cabinet in 2005 under a Resolution of the same date. However, Sir, that was intended to create an independent body that would be accountable to Parliament whereas what this Government has created is a non-autonomous body that is accountable directly to the Government and the Ministry. Would the Minister kindly clarify in what regard this is consistent with the decision of 2005? Secondly, why should this body not be accountable to Parliament?

**RAO INDERJIT SINGH :** Sir, the commissions are independent bodies set up by the Government with specified mandate and accountability structure. *....(Interruptions)*

**DR. SHASHI THAROOR :** Sir, the fact is that we are facing a crisis in terms of statistical credibility worldwide. There is a constant revision of numbers by the Government. We have seen, for example, its own Chief Economic Advisor questioning the revision of GDP growth from 6.7 per cent to 8.2 per cent. We have seen extremely great embarrassment when they revised GDP calculations based on a data bank of corporations of which 36 per cent of the corporations were non-existent or wrongly classified. We have seen the

National Consumer Survey, Sir, being discredited and withdrawn. Even though numbers are being leaked all over the country, those of us, who are Lok Sabha MPs, know from our constituents the financial difficulties they are going through.

In these circumstances, would the Government agree to having a review by a committee of independent experts, domestic and international, to look into the process which are being followed and the sources being used in gathering data in our country? There was an opinion today in the Indian Express by pro-Government voice saying that the processes are wrong. The credibility of our country in international forums is at stake. Our economic success depends on credible numbers. I would urge the Government to take this challenge seriously. The headlines of the day are less important and matter much less than the credibility of the nation on the world stage. Thank you.

**RAO INDERJIT SINGH:** Sir, the Government is aware of the shortcomings in the data collection centres. It is a continuous process. We are trying to upgrade it. We are aware of it and we would be happy to have any inputs that the hon. Member might want to give on this. But this is a decision that the Government will have to take on its own after taking inputs from all the concerned, whether they are international or domestic entities.

As far as the commission is concerned, as I said, the commission is a constitutional body and not the NSO.

**(Q.132)**

**SHRI TEJASVI SURYA :** Sir, as we are all aware, the electronics import made by India is a big press on our foreign exchange. After petroleum products, the maximum press on our foreign exchange is the electronics import. The Prime Minister has constantly made efforts to ensure that India transforms itself into a global manufacturing hub for electronics, system design and manufacturing.However, Sir, in the Statement that is laid, it is said that the Modified Special Incentive Package Scheme (MSIPS) is closed. Also, the receipt of applications under the Electronics Manufacturing Cluster (EMC) is also closed. The disbursement of grant in aid will only continue till October 2022. Would the Minister kindly be pleased to answer why these important flagship schemes have not been continued and given the thrust that they need to? Coming from Bengaluru, which contributes 80 per cent of the total electronics system design and manufacturing ecosystem in the country and the revenue, I request him to inform if there is any proposal to be made with respect to ensuring that Bengaluru develops as a global hub for electronics manufacturing in the country.

**श्री संजय शामराव धोत्रे :** अध्यक्ष जी, इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग में पूरे विश्व के साथ कम्पीट करने के लिए हमने कई सारी स्कीम्स दी हैं और उनका बेनिफिट भी मिला है तथा बहुत ज्यादा प्रगति इस क्षेत्र में हुई है । हर स्कीम का एक पीरियड रहता है और हमारी जो नई इलेक्ट्रॉनिक पालिसी आ रही है, उसके अंदर हम कुछ और स्कीम्स इंट्रोड्यूज करने वाले हैं । इसमें इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम, क्रेडिट गारंटी फंड स्कीम, इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग कलस्टर स्कीम, यह पहले

भी थी, इस स्कीम का नाम ईएमसी-2 है, ऐसी स्कीम्स हम लाने जा रहे हैं और निश्चित ही इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग में इससे लाभ मिलेगा।

**SHRI TEJASVI SURYA :** Sir, the ongoing trade war between the US and China is a great opportunity for India to explore and exploit. However, many of the electronics design and manufacturing units that are going out of China are taking shelter in Vietnam, Thailand and such other countries. Is the Government trying on a war-footing to make any efforts to attract and incentivise these companies so that they can come to India without much delay?

**श्री संजय शामराव धोत्रे :** अध्यक्ष जी, हमारे यहां के जो यूनिट्स हैं, वे बाहर न जाएं, इसके लिए हम प्रयास कर ही रहे हैं और बाहर के यूनिट्स हमारे यहां आएं, इसके लिए भी हम कुछ स्कीम्स बना रहे हैं।

**SHRI DAYANIDHI MARAN :** Sir, I thank you for allowing me to ask a question. Sir, I should congratulate the Minister of IT here for making sure that Apple has come to manufacture in India, especially in Chennai, but we should go back and see that this is happening because of the policies of the UPA. It began between 2004 and 2009 when Nokia started manufacturing. The same factory is now being taken over to manufacture Apple phones. Moreover, it is also because of the legacy of the UPA Government and the then IT Minister because of whom all the factories like Foxcon, Flextronics, and the whole IT infrastructure were set up.

Sir, I am sure that while taking credit, the Ministry of IT should give credit to the then UPA Government for bringing such good policies then to make a base for the maximum industries coming to India. In fact, Samsung is still operating here. Sir, in fact, we appreciate you for supporting the efforts taken by the then UPA Government, and continuing them rather than blocking them.

Thank you.

**श्री संजय शामराव धोत्रे :** अध्यक्ष जी, सम्मानीय सदस्य ने जो भावना व्यक्त की है, मैं उसका स्वागत करता हूं। यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें हम सभी को मिलकर काम करना होगा। मैं आप सभी लोगों का सहयोग इसमें अपेक्षित करता हूं। आपने यह माना कि हम भी अच्छा काम कर रहे हैं, इसके लिए आपका धन्यवाद।

**(Q. 133)**

**श्री धर्मवीर सिंह :** अध्यक्ष जी, इसमें दो राय नहीं है कि रेलवे ने पिछले वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है और मंत्री जी के उत्तर से हम संतुष्ट भी हैं। लेकिन सारा काम होते हुए भी पहले एक हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली-रेवाड़ी, हिसार से बठिंडा चलती थी। मैं पूछना चाहता हूं कि यह ट्रेन दोबारा कब शुरू होगी? इसके अलावा भिवानी से रेल लाइन का काम कब शुरू होगा ?

**SHRI SURESH C. ANGADI:** Sir, the hon. Member has stated that the Railways is doing a good job. I thank him for his appreciation. Whatever railway line the hon. Member wants to start in his place, यह जानकारी लेकर मैं आपको दे दूंगा और काम आगे बढ़ाने के लिए land availability and other facilities from the State Government are required, वह होने के बाद काम भी शुरू करेंगे।

**(Q. 134)**

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SURESH C. ANGADI):**

**(a) to (d) A statement is laid on the Table.**

**(Q. 135)**

**श्री गोपाल शेट्टी :** अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आप प्रश्न काल को प्रश्न 135 तक ले आए हैं। मैं माननीय मंत्री द्वारा दिए गए उत्तर से संतुष्ट हूं, इसलिए मैं अगला प्रश्न नहीं पूछना चाहता हूं।

**(Q. 136)**

**श्री पंकज चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, प्रश्न 136 तक लाने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय मंत्री जी ने उत्तर दिया है कि महाराजगंज में कोई भी आरओबी निर्माणाधीन लंबित नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि आनंद नगर रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ जो फाटक है और मानीराम तथा नकाहबे जो एनएच का गेट है, क्या वहां पर भविष्य में आरओबी का कोई प्रस्ताव है?

**श्री सुरेश सी. अंगड़ी :** सर, सभी मैन्ड क्रॉसिंग्स पर आरओबी/आरयूबी बनाने का प्रयास हम लोग कर रहे हैं। जो भी समस्या है, वह रेलवे अधिकारियों से जानकारी ले कर माननीय सदस्य को डिटेल दे देंगे।

**(Q. 137)**

**SHRIMATI SAJDA AHMED :** To my Question whether the Government has set up Defence Space Research Agency, the answer given by the Minister is a simple 'No'. I would like to ask, through you, the reason for this.

**DR. JITENDRA SINGH:** The Defence Space Research Agency is a subject which is not normally discussed in public domain and when it is done, it is done with the cognizance of the Ministry of Defence. Having said that, you would appreciate that a considerable headway has been made. The most notable feature being that in May this year itself we had a research satellite launched which is called the Radar Imaging Satellite which is related to the security.

**(Q. 138)**

**डॉ.( प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी :** माननीय अध्यक्ष महोदय, जो युद्ध पहले जमीन पर लड़ा जाता था, दरिया पर लड़ा जाता था। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य पहले प्रश्न संख्या बोलिए।

**डॉ.( प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी:** सर, प्रश्न संख्या 138 …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, अपना प्रश्न लंबा मत करना। आप पहले से लंबा बोल रहे हैं। एक मिनट में पूछिए। 20 प्रश्न लाने हैं।

**डॉ.( प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी:** सर, पहले युद्ध जमीन पर लड़ा जाता था। हवा में लड़ा जाता था। स्पेस में भी लड़ा जाता था। आज साइबर वारफेयर के जरिए भी लड़ा जाता है। मैं आपसे विनती करता हूँ कि हमारी आर्मी में, हमारे रक्षा मंत्रालय में वारफेयर के जरिए जो सॉफ्टवेयर होते हैं, हमारे यहां बहुत सारे सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स हैं, मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि जो हैक न हो, हमारे यहां ऐसे वारफेयर के लिए साइबर क्राइम को रोकने के लिए कुछ किया जाएगा? …(व्यवधान)

**श्री श्रीपाद येसो नाईक :** सर, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है और हमारी तीनों सेना इस साइबर अटैक को रोकने के लिए काम कर रही है।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न संख्या 139

श्री विनोद कुमार सोनकर – उपस्थित नहीं।

प्रश्न संख्या 140 – खान मंत्री जी।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है :

“कि खंड 8 विधेयक का अंग बने”

*<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>*

*<u>खंड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>*

*<u>खंड 9 और 10 विधेयक में जोड़ दिए गए।</u>*

**Clause 11 Offences by companies**

**माननीय अध्यक्ष:** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 15 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY :** I beg to move:

Page 4, line 34,-

*after* "manager",

*insert* "office in-charge, caretaker,". (15)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 11 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 15 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*<u>संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।</u>*

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है :

"कि खंड 11 विधेयक का अंग बनो"

*<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>*

*<u>खंड 11 विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>*

*<u>खंड 12 से 14 विधेयक में जोड़ दिए गए।</u>*

**Clause 15 Application of other Laws not barred.**

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 29 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN :** I beg to move:

Page 5, line 3, -

*after* “sale,”

*insert* “display,”. (29)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 15 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 29 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है :

“कि खंड 15 विधेयक का अंग बने”

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 15 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

**Clause 16 Protection of action taken in good faith.**

**माननीय अध्यक्ष:** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 16 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**प्रो. सौगत राय :** सर, मुझे एक ही सवाल पूछना है कि हमारे अपोजीशन ने 7 अमेंडमेंट्स दिए हैं। क्या एक भी अमेंडमेंट में कोई मेरिट है, जो सरकार एक्सेप्ट कर सकती है? थोड़ी डेमोक्रेटिक स्पिरिट तो दिखानी चाहिए। सब अमेंडमेंट में कहते हैं कि “न वालों के पक्ष में है” और कैंसिल हो

जाते हैं। यह तो आसान है, लेकिन डेमोक्रेटिकली कुछ एक्सेप्ट हो जाने चाहिए। Let me move the amendment bill. Please allow me. कुछ तो डेमोक्रेसी रहनी चाहिए। अपोजीशन की थोड़ी तो रिस्पेक्ट रहनी चाहिए। कृपया थोड़ी कोशिश करिए।

I beg to move:

Page 5, *for* lines 4 to 6,-

*substitute* "16. Any officer of the Central Government or any State Government shall be liable to be prosecuted or face other legal proceedings if he does any act with malafide intention to harass a person or a company and fails to prove it in the court.". (16)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 16 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 16 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है :

"कि खंड 16 विधेयक का अंग बनो"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 16 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 17 और 18 विधेयक में जोड़ दिए गए।

**Clause 1 Short title and commencement**

**माननीय अध्यक्ष:** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 1 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY :** I beg to move:

Page 1, line 3,-

*after* "Distribution,"

*insert* "Promotion,". (1)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 1 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 1 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 20 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN :** I beg to move:

Page 1, line 3, -

*after* "sale,"

*insert* "display,". (20)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 1 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 20 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है :

"कि खंड 1 विधेयक का अंग बनो"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

<u>खंड 1 विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>

<u>अधिनियमन सूत्र विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>

**Name**

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 19 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN :** I beg to move:

Page 1, in the Long Title -

*after* "sale,"

*insert* "display,". (19)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड नाम में प्रस्तुत संशोधन संख्या 19 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*<u>संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।</u>*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि नाम, विधेयक का अंग बने।"

*<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>*

*<u>विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>*

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

**DR. HARSH VARDHAN:** Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed".

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

**14.21 hrs**

## SPECIAL PROTECTION GROUP (AMENDMENT) BILL, 2019

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर 16, विशेष संरक्षा ग्रुप (संशोधन) विधेयक, 2019.

माननीय गृह मंत्री जी।

**गृह मंत्री (श्री अमित शाह):** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विशेष संरक्षा ग्रुप अधिनियम, 1988 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विधेयक पर संशोधन लेकर आज इस सदन के सामने उपस्थित हुआ हूं। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के कानून के अंदर एक बदलाव लेकर आज मैं इस सदन के सामने आया हूं। महोदय, एसपीजी का गठन, वर्ष 1985 में एक बीरबल नाथ कमेटी बनी थी, जिसे प्रधानमंत्री जी की सुरक्षा पर विचार करने के लिए बनाया गया था। उसने कुछ अनुशंसाएं भी की थीं, जिसके आधार पर एसपीजी का गठन हुआ था। शुरुआत में वर्ष 1985 से 1988 तक एसपीजी एक अधिशासी आदेश के तहत काम करती थी। वर्ष 1988 में यह कानून बना। इस कानून के तहत स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप काम करने लगा। वह प्रधान मंत्री और उनके परिजनों की सुरक्षा के लिए काम करने लगा।

मान्यवर, इसके बाद वर्ष 1991 और वर्ष 1994 में इसमें संशोधन किया गया। वर्ष 1999 में इसमें संशोधन किया गया और वर्ष 2003 में भी इसमें संशोधन हुआ। आज फिर से मैं इसमें एक संशोधन लेकर आया हूं जो मूल एक्ट की भावना के अनुरूप है। इसके निष्कर्ष के बारे में मैं सदन को बताना चाहता हूं। यह बिल आपके माध्यम से सभी माननीय सदस्यों के पास पहुंच गया है। इस संशोधन के बाद यह एक्ट सिर्फ प्रधान मंत्री और उनके परिवार के सदस्य, जो उनके साथ

अधिकृत प्रधान मंत्री निवास पर रहते हैं, उनके लिए ही उपलब्ध होगा। दूसरा, कोई पूर्व प्रधान मंत्री और उनका परिवार, जो सरकार द्वारा आबंटित किए गए आवास पर रहते हैं, उनको पांच साल की अवधि तक यह एसपीजी प्रोटेक्शन उपलब्ध होगा। इस प्रकार का कानून में संशोधन लेकर आज मैं यहां आया हूं।

मान्यवर, हमारे देश ने मल्टी पार्टी डेमोक्रटिक सिस्टम में पार्लियामेंटरी डेमोक्रेटिक सिस्टम को स्वीकार किया है। हमारे संविधान के अनुरूप हेड ऑफ गवर्नमेंट प्रधान मंत्री होते हैं। प्रधान मंत्री जी के पद के अनुरूप, उनके काम के अनुरूप और उनके कार्यालय को सुरक्षित करने के लिए एक स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप बनाया गया। वह इसलिए जरूरी है कि हमारे देश में प्रधान मंत्री और पूर्व प्रधान मंत्री जी की हत्या हुई। यह देश के लिए बहुत बड़ी क्षति थी और इसलिए एसपीजी प्रोटेक्शन ग्रुप बनाया गया। इसकी चुस्तता और योग्यता बनाए रखने के लिए भी यह कानून जब लाया गया, तब बनाया गया।

उसके बाद अलग-अलग समयों में इसको डाइलूट किया गया है और आज वह कानून इस संशोधन के साथ पूर्ववत हो रहा है कि एसपीजी का सुरक्षा कवच केवल और केवल प्रधान मंत्री और पूर्व प्रधान मंत्री का जो परिवार उनके साथ रहता है, उनको मिलेगा। मान्यवर, एसपीजी कवर इसलिए जरूरी है, क्योंकि प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सरकार और सारी व्यवस्थाएं काम करती हैं। देश को सुरक्षित करने का काम करती हैं। कई कठोर फैसले सामाजिक सुधार हेतु देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़े हुए और कई देश की बाह्य सुरक्षा से जुड़े हुए फैसले लेते हैं। उस वक्त उनकी सुरक्षा के खतरे को जीरो करने के लिए, उसको संपूर्ण रूप से निर्मूल करने के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप की जरूरत है। इसीलिए बीरबलनाथ कमेटी में इसकी अनुशंसा की थी, जिसको बाद में कानून का स्वरूप भी दिया गया था। इसकी जो भावना है, वह उसी के नाम में ही निहित है। इसकी नामावली में इसका मूल अर्थ समाहित किया गया है।

मान्यवर, मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इसकी पूरी व्यवस्था पद के अनुसार बनाई गई है। जनता के अंदर और अखबारों में जब से बिल की चर्चा है, तब से यह भ्रांति है कि एसपीजी सिर्फ सुरक्षा का काम करता है। मैं उसके डिटेल में जाना चाहता हूं कि एसपीजी प्रधान मंत्री जी की, उनके आफिस की, उनके कम्यूनिकेशन की और सबकी सुरक्षा का काम करता है।

**प्रो. सौगत राय (दमदम) :** आप जवाब के समय यह बोलिएगा। अभी तो इस पर डिबेट होगी।…(व्यवधान)

**श्री अमित शाह :** आप मुझे सुने बगैर ही रिजेक्ट कर देंगे। मुझे इसका तात्पर्य तो बताने दीजिए।…(व्यवधान) अभी कुछ नहीं बताया है। मान्यवर, इसके लिए स्पेशल शब्द का उपयोग किया गया है। यह केवल और केवल प्रधान मंत्री जी की सुरक्षा के प्रति इंगित करता है। श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या के बाद जो बीरबालनाथ समिति बनी थी, उसने कहा था कि एक अत्याधुनिक प्रशिक्षित विशेष बल का प्रधान मंत्री जी की सुरक्षा के गठन करना चाहिए। स्पेशल शब्द यह इंगित करता है कि यह प्रधान मंत्री जी की सुरक्षा के लिए हैं। प्रोटेक्शन शब्द में केवल फिजिकल सिक्योरिटी की बात नहीं है। प्रधान मंत्री जी का पद, उसकी गरिमा, प्रधान मंत्री जी का कार्यालय, उनका आरोग्य और उनके कम्यूनिकेशन यह सभी चीजों की चिंता करता है। प्रधान मंत्री कार्याध्यक्ष होते हैं, हेड ऑफ द गवर्नमेंट होते हैं। इसके लिए प्रोटेक्शन शब्द का प्रयोग किया गया है। ग्रुप से मतबल एक एलीट ग्रुप होना चाहिए। कॉम्पैक्ट, एलीट और विशेष प्रकार से प्रशिक्षित यूनिट होना चाहिए, जिसका कार्यकलाप इस तरह से किया जाएगा कि इनकी चुस्तता में कहीं पर भी डाइलूशन नहीं होगा। इस प्रकार से एसपीजी को बनाया गया है।

मान्यवर, जहां दुनिया भर की बात करें, तो दुनिया में कई देशों के अंदर उनके राष्ट्राध्यक्षों के लिए अलग-अलग प्रोटेक्शन ग्रुप बने हुए हैं। वे ग्रुप दुनिया में सभी जगहों पर केवल और केवल राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं। उनकी कम्यूनिकेशन, उनका ऑफिस, उनके काम करने

की जगह उन सभी की सुरक्षा की व्यवस्था करते हैं। जैसे अमेरिका में यूएस सीक्रेट सर्विस है, इजराइल, फ्रांस, इंग्लैंड, इन सभी जगहों पर इस प्रकार की व्यवस्था है, जो केवल और केवल जो राष्ट्राध्यक्ष हैं, उनके काम की चिंता करती है।

मान्यवर, मैं इसीलिए आज इस बिल को लेकर सदन में आया हूं। सौगत दा का कहना है कि मैं चर्चा के बाद में जवाब दूं।...(व्यवधान) हां, मैं बाद में जवाब दूंगा। मगर इसके पीछे केवल इतना उद्देश्य है कि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप और इफिशियंट बने। इसके साथ ही स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के काम में कोई भी कोताही न हो। मैं आज इस प्रकार के उद्देश्य के साथ इस बिल को लेकर आया हूं। मेरा यह अनुरोध है कि सभी माननीय सदस्य अपने-अपने विचार इस पर रखें और उसके बाद आप सभी लोग इसको स्वीकार करें।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

"कि विशेष संरक्षा ग्रुप अधिनियम, 1988 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

**श्री मनीश तिवारी (आनंदपुर साहिब):** अध्यक्ष जी, आज हम बहुत ही संवेदनशील विधेयक, जो प्रधान मंत्री की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, उसके ऊपर विचार करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। महोदय, मैं शुरू में बहुत जिम्मेदारी से एक बात कहना चाहूंगा कि इतिहास इस बात का गवाह है और तारीख इस बात की गवाह है कि जब-जब नकारात्मक कदम उठाए गए हैं, उसका बहुत बड़ा खामियाजा इस देश को भुगतना पड़ा है।

अध्यक्ष जी, आपकी अनुमति से मैं शुरू से शुरू करना चाहता हूँ। हम किसी व्यक्ति को या सरकार किसी व्यक्ति को सुरक्षा क्यों प्रदान करती है? आम नागरिक को पुलिस के माध्यम से सुरक्षा प्रदान की जाती है। पूरे देश भर में पुलिस थानों का प्रबंधन किया गया है। वह जो आवाम है, उसको सुरक्षा प्रदान करता है। फिर सरकार यह इंगित करती है कि कुछ ऐसे लोग हैं, जिनको सरकार की तरफ से विशेष सुरक्षा देने की जरूरत है। वह जो इंगित करने का काम है, वह थ्रेट प्रिसेप्शन के माध्यम से किया जाता है कि कुछ खुफिया तंत्र या पुलिस एक थ्रेट असेसमेंट करती है, हर व्यक्ति का, और थ्रेट असेसमेंट के हिसाब से किसी को एक्स, किसी को एक्स-प्लस, किसी को वाई, किसी को वाई प्लस, किसी को ज़ेड, किसी को ज़ेड प्लस और किसी को एसपीजी की सुरक्षा प्रदान की जाती है। मैं आज एक सवाल पूछना चाहता हूँ कि यह जो थ्रेट असेसमेंट है, यह क्या एक परफेक्ट साइंस है? इसका जवाब नकारात्मक है। इसका जवाब न में है। मैं इसलिए यह बात कहता हूँ कि अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति – जॉन एफ. कैनेडी ने एक बहुत बुनियादी बात कही थी। मैं आपकी अनुमति से कोट करता हूँ।

"That if anyone wants to do it, no amount of protection is enough. All a man needs is his willingness to trade his life for mine."

यही कारण है कि अगर आप इतिहास की तारीख में जा कर देखें – अब्राहम लिंकन, महात्मा गांधी, जॉन एफ.कैनेडी, रॉबर्ट कैनेडी, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, ओलॉफ पामे, श्रीमती

इंदिरा गांधी, श्री राजीव गांधी, बेनज़ीर भुट्टो, शेख़ मुजीबुर रहमान, सरदार बेअंत सिंह, अनवर सदात, इतसैक रबीन, राष्ट्रपति राणासिंघे प्रेमदासा, और अनेक ऐसे लोग जो सार्वजनिक जीवन में हैं, उनकी समय-समय पर हत्या की गई। क्योंकि उन्होंने जो निर्णय लिए थे, या जब वे दफ्तर में थे, या उनके दफ्तर में होते हुए, उससे कुछ लोग पीड़ित थे और उन्होंने यह फैसला किया कि उनकी वे जान लेंगे, उनकी वे हत्या करेंगे। अध्यक्ष जी, यह जो थ्रेट असेसमेंट की सारी प्रक्रिया है, यह एक बहुत ही सब्जेक्टिव प्रक्रिया है। इस सदन में बहुत सारे ऐसे सदस्य हैं, जिनको सरकार की तरफ से सुरक्षा प्रदान की गई है।

अध्यक्ष जी, मैं आपको अपना व्यक्तिगत अनुभव बताता हूँ। सन् 1984 में जब आतंकवादियों ने मेरे पिता की हत्या की तो हमको सुरक्षा प्रदान की गई। सन् 1984 से ले कर सन् 1990 तक वह सुरक्षा चली। चंडीगढ़ में हमारा जो घर था, वह ऐसा लगता था कि जैसे सीआरपीएफ की छावनी हो। सन् 1990 में सरकार बदली और रात में ही सारी सुरक्षा गायब हो गई। एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं बचा। उसके बाद सन् 1991 में सरकार बदली और हमारी फिर से शुरक्षा शुरू हो गई। इस सदन में कई ऐसे सदस्य होंगे, जिनका ऐसा ही अनुभव रहा होगा कि यह जो थ्रेट असेसमेंट है, यह एक साइंटिफिक और एक ऑब्जेक्टिव प्रक्रिया न हो कर एक पूरी तरह से राजनैतिक प्रक्रिया बन चुकी है।

हमारे माननीय गृह मंत्री जी जिक्र कर रहे थे कि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप का गठन कैसे हुआ और बहुत दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियाँ थीं, जब पूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या की गई और उसके बाद यह फैसला हुआ कि भारत के प्रधान मंत्री को, जो शीर्ष पदों पर लोग बैठे हैं, उनकी सुरक्षा का एक बहुत ही चुस्त-दुरुस्त इंतजाम करना चाहिए। गृह मंत्री जी ठीक कह रहे हैं कि बीरबल नाथ समिति बनी। बीरबल नाथ समिति ने सिफारिश की और उस सिफारिश के तहत एक स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट का गठन किया गया। एक एग्जिक्यूटिव ऑर्डर के द्वारा, एक अध्यादेश के द्वारा उसका गठन किया गया। उसके पीछे मंशा यह थी कि जब प्रधान मंत्री

संवेदनशील निर्णय लेते हैं, जिनका एक दूरगामी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव पड़ता है तो उनकी सुरक्षा इतनी चुस्त-दुरूस्त होनी चाहिए कि कोई व्यक्ति उनको किसी तरह की हानि न पहुँचा सके। यहाँ पर मैं एक सवाल पूछना चाहता हूँ और वह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है कि क्या एक प्रधान मंत्री को या उसके परिवार को जब वह पद से हट जाता है, तो जो उसने निर्णय लिए होते हैं क्या उनकी वजह से जिन लोगों को क्षति पहुँचती है या जिनको लगता है कि उनको क्षति पहुँचती है, क्या वह चुनौती खत्म हो जाती है? अध्यक्ष जी, इसका जवाब है कि वह चुनौती खत्म नहीं होती, क्योंकि जो लोग किसी को मारना चाहते हैं, वह उस समय की प्रतीक्षा करते हैं कि जब सुरक्षा उतनी चुस्त-दुरुस्त न हो और उनके जो इरादे हैं, उनको वह पूरा कर सके। यह एक बहुत महत्वपूर्ण चीज है, जो इस सदन को अपने संज्ञान में लेनी चाहिए। 18 फरवरी, 1985 को बीरबल नाथ समिति की रिपोर्ट आई। 8 अप्रैल, 1985 को स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट का गठन किया गया। श्री सुब्रमण्यम जो जॉइंट डायरेक्टर थे, वीआईपी सिक्योरिटी के इंटेलिजेंस ब्यूरो में, उनको इसका पहला डायरेक्टर बनाया गया। वर्ष 1988 में एसपीजी का कानून बना। उसका वर्ष 1991 में संशोधन हुआ, वर्ष 1994 में संशोधन हुआ, वर्ष 1999 में संशोधन हुआ, फिर वर्ष 2003 में संशोधन हुआ और अब वर्ष 2019 में संशोधन होने जा रहा है। वर्ष 1989 में जिस प्रधान मंत्री की सुरक्षा के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद यह कानून बनाया गया, स्व. श्री राजीव गांधी ने 29 नवम्बर, 1989 को प्रधान मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। 2 दिसम्बर, 1989 तक वह केयरटेकर प्रधान मंत्री रहे और उसके बाद इस देश में एक नए प्रधान मंत्री आ गए। यह घटनाक्रम बताना इसलिए जरूरी है, क्योंकि 4 दिसम्बर, 1989 को कैबिनेट सेक्रेटरियट में एक बैठक होती है। मैं उसके कुछ अंश आपको पढ़कर सुनाना चाहता हूँ, क्योंकि इसी सदन में जब 13 मई, 1993 को इसी चीज के ऊपर चर्चा हुई थी तो उसकी जो प्रोसीडिंग है, उसमें दर्ज है। A meeting was held on 4th of December, 1989 when Shri Seshan was the Cabinet Secretary and Shri R. Vasudevan was the Special Secretary to PM. Shri V.K. Jain, Shri

V.J. Vaid, Shri Vijay Karan, Shri Devender Singh and Shri Ashok Darbari participated in the meeting.

What was decided? The subject was, ‘Security Arrangements for Former Prime Minister’. Kind reference is invited to the discussion held by the Cabinet Secretary on 4th December, 1989 at 12 noon regarding security arrangements for Prime Minister and for former Prime Minister.

As directed, further discussions were held on 4th December, 1989 at 3.30 pm in the Office of Director SPG about the security arrangements for former Prime Minister. This discussion was attended by Director SPG, JD(IB), Additional Commissioner of Police(S&T)Delhi and Joint Secretary (Security) in the Cabinet Secretariat.

JS(IB) stated that the threat perception in respect of the former Prime Minister has changed. Since he is no longer the Head of the Government, he now faces danger arising out of personal vendetta. Speaker, Sir, this is important.

The security arrangements to be provided to him now will have to take this fact into account. IB will be sending a fresh threat assessment for the former Prime Minister very soon. The instruction of the Government is that the former Prime Minister should be provided the same level of protection. In the context of the above, the standard aspects of security relating to Prime Minister have been listed in the enclosed broad sheet and the commonly

agreed views of IB, SPG and Delhi Police regarding security arrangements to be provided to former Prime Minister have been indicated against each item of security arrangement. The above indicates that while the arrangements for close protection and for guarding the residence will be the same as before, that means the SPG will continue to guarding him, the arrangements for the Delhi functions and tours outside Delhi will have to be modified in view of the changed situation. It was agreed that the security for the family will be maintained at the same level.

सर, यह 4 दिसम्बर, 1989 को, जब स्वर्गीय श्री टी.एन. शेषन कैबिनेट सेक्रेटरी थे, जो इस देश के चीफ इलेक्शन कमिश्नर भी रहे, उनकी अध्यक्षता में यह बैठक हुई थी और यह फैसला लिया गया था।

अध्यक्ष जी, दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि सरकार नई थी। 30 जनवरी, 1990 को एक फैसला और लिया गया, पहले जो कैबिनेट सेक्रेटरी थे, वे तब तक बदल चुके थे। उन तत्कालीन कैबिनेट सेक्रेटरी ने नए प्रधान मंत्री को एक नोट लिखा।

On the instructions of Shri Seshan, then Cabinet Secretary the SPG was asked to continue providing security to Shri Rajiv Gandhi. This was a purely temporary and *ad hoc* arrangement. According to the SPG Act, this force is meant only for the security of the Prime Minister and his family members. Its charter cannot be extended to cover the former Prime Minister or anyone else even by an executive order.

The security of SPG provided to Shri Rajiv Gandhi continues to be as in the past. Thus, as many as 2500 SPG personnel and 240 CRPF personnel are on duty with him at present. It is not possible to spare such a big manpower out of the existing strength of the SPG on a continuous basis.

अध्यक्ष जी, यह जो एक पंक्ति है, यह बहुत ज्यादा जरूरी है, क्योंकि यही लॉजिक दिया गया है। जब मैं इस बिल का 'स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्ट्स एण्ड रीज़न्स' पढ़ूंगा, इसे संशोधित करने का यही लॉजिक दिया गया है कि एस.पी.जी. के पास कपैसिटी नहीं है।

मैं आगे पढ़ता हूं - The security arrangements of the Prime Minister are suffering adversely due to extra commitment on the part of the SPG. This has been adversely commented by the security agencies such a large deployment of SPG also gives a high-profile visibility and is attracting criticism even from State Governments. Shri Rajiv Gandhi has now started touring outside Delhi. Since it is not possible for SPG to spare personnel to cover his tours outside Delhi, I have approved that his security arrangement outside Delhi should be left to the State Governments.

As regards Delhi, a Cabinet paper is under submission. The responsibility of providing protection to Shri Rajiv Gandhi and his family should vest in the State Governments and the Union Territory administration and MHA should isue proper instructions. Thus, PM may kindly see for approval.

यह कैबिनेट सेक्रेटरी ने तब के प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी को एक नोट लिखा था। 4 दिसम्बर, 1979 को यह बात कही गई थी कि उनकी जान को जो खतरा है, वह

उतना ही है, जब वह प्रधान मंत्री थे, लेकिन उनका एसपीजी कवर विड्रा कर लिया गया। मुझे अब भी याद है, जब स्वर्गीय श्री राजीव गांधी पहली बार पूर्व प्रधान मंत्री के रूप में दिल्ली के बाहर गए थे, तो एक अखबार की सुर्खियों में लिखा था, only one PSO. पूर्व प्रधान मंत्री को सिर्फ एक पीएसओ प्रदान किया गया था। अध्यक्ष जी, इसका परिणाम क्या हुआ? मैं आपको इसका परिणाम बताना चाहता हूं। जैसा मैंने पहले आपको बताया कि यह फैसला हो गया कि स्वर्गीय प्रधान मंत्री की जो सुरक्षा है, वह राज्य सरकारों के हवाले कर दी गई। मुझे आज भी 20 मई, 1990 की वह रात याद है। आठ या सवा आठ बजे का समय था। उनका जहाज भुवनेश्वर उतरा। वहां दो पब्लिक मीटिंग्स थीं। उन पब्लिक मीटिंग्स को खत्म करने के बाद हम भुवनेश्वर के सर्किट हाउस पहुंचे थे। यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है। वहां एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं था। Not a single security person except his PSO. The former Prime Minister of India about whom the Intelligence Bureau and every other instrumentality of this Government was getting periodic inputs that his threat was increasing on a daily basis.

21 मई, 1991 को हेलीपैड पर हमने उनको अलविदा कहा और वह कभी लौट कर नहीं आए। श्रीपेरंबदूर की जो घटना है, इस बात को वर्मा कमीशन प्रमाणित करता है, इस बात को जैन कमीशन प्रमाणित करता है कि अगर पूर्व प्रधान मंत्री को इस ब्यूरोक्रेटिक सिस्टम से ऊपर उठकर सुरक्षा दी जाती, जो उनके लिए जरूरी थी, तो आज वह हमारे बीच इस सदन में बैठे होते। मैं आपको पढ़कर सुनाना चाहता हूं कि वर्मा कमीशन ने क्या कहा, जिसको यह मैनडेट दिया गया था कि पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की हत्या क्यों हुई? उसकी जांच की जाए। उस कमीशन ने क्या कहा, “Withdrawal of SPG cover to Rajiv Gandhi without provision of suitable alternative for his proximate security by the Central Government resulted in reducing the level of his protection without any reduction in the threat to him.”

अध्यक्ष जी, मैं आपको उसी वर्मा कमीशन का एक और अंश पढ़कर सुनाना चाहता हूं, जो उन्होंने सिफारिशें की थीं। "The stated reasons in the Cabinet Secretariat's note dated 30th of January 1990 for the Central Government's decision to withdraw the SPG cover to the former Prime Minister are tenuous." यह वही नोट है, जो मैंने आपको पढ़कर सुनाया था। The reasons given were mainly the lack of power under the SPW Act and inadequacy of the strength of the SPG.

Hon. Speaker, I will seek your indulgence.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप एक सेकेंड के लिए बैठिए। मुझे आपको समय देने में कोई दिक्कत नहीं है। बीएसी की मीटिंग में सभी दल के प्रतिनिधि होते हैं और सभी दलों को समय आबंटित होता है। आपके दल को 11 मिनट का समय आबंटित किया गया था। मैं आपको बोलने से मना नहीं कर रहा हूं। अभी आपको बोलते हुए 20 मिनट का समय हो गया तथा आपके माननीय सदस्य और भी बोलने वाले हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** अगर यह सेंसेटिव विषय है, तो आप बीएसी में आकर समय बढ़ा लेते। हमें कोई आपत्ति नहीं थी। आप बोलते कि दो घंटे की नहीं, बल्कि छह घंटे की चर्चा कराइए। मैं बीएसी मीटिंग की अध्यक्षता करता हूं। यहां सभी माननीय सदस्य बैठे हैं। जब वे दो घंटे का समय मांगते हैं, तो मैं चार घंटे का समय देता हूं।

…(व्यवधान)

**SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA):** It is a very sensitive matter.

**माननीय अध्यक्ष:** अधीर रंजन जी, जब आप दो घंटे का समय मांगते हैं, तो मैं आपको दो घंटे और बढ़ाकर देता हूं।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, इनको थोड़ा और समय दे दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष:** ठीक है, आप बोलिए।

**श्री मनीश तिवारी :** अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, क्योंकि यह मामला बहुत संगीन और संवेदनशील है, इसलिए मैं आपकी इंडल्जेंस चाहता हूं। मैं वर्मा कमीशन की सिफारिश पढ़ रहा था।

"The stated reasons in the Cabinet Secretariat's note dated 30.01.1990 for the Central Government's decision to withdraw the SPG cover to the ex-Prime Minister are tenuous. The reasons given were mainly lack of power under the SPG Act and the inadequacy of the strength of SPG apart from a high-profile visibility inviting criticism. None of these reasons was considered as insurmountable hurdle to give SPG cover for providing proximate security to the former Prime Minister also from September 1991 after the assassination of Shri Rajiv Gandhi. There appears no reason why this could not have been done earlier for Shri Rajiv Gandhi as former Prime Minister when the assessment of threat to him was much higher, and therefore, the need was greater. It appears that the Central Government's decision on the 30.01.1990 was more by lack of proper perception or the requisite will rather than the stated difficulties."

अध्यक्ष जी, मैंने वर्मा कमीशन का यह अंश इसलिए पढ़ा है, क्योंकि आज भी वही कारण दिए जा रहे हैं कि कानून इजाजत नहीं देता, एसपीजी ओवर स्ट्रेच्ड है। यही कारण थे, **जिन**के कारण एक पूर्व प्रधान मंत्री की हत्या हुई। मैं आगे इस कानून पर आता हूं, जिस कानून को हम अमेंड करने जा रहे हैं। इससे पहले मैं एक चीज का और जिक्र करना चाहूंगा कि जब यह 30 जनवरी, 1990 का फैसला हुआ, 3 फरवरी,1990 को, 9 फरवरी, 1990 को पूर्व गृह मंत्री चिदम्बरम साहब ने श्री राजीव गांधी के पर्सनल सचिव विंसेंट जॉर्ज ने सरकार को खत लिख कर आगाह किया, लेकिन सरकार का कोई जवाब नहीं आया, क्योंकि एसपीजी की सुरक्षा वापस लेना वी.पी. सिंह सरकार का एक राजनीतिक फैसला था। It was not a decision which was based on a perception of what was the threat which the former Prime Minister faced. That was the difficulty.

अब मैं ओरिजनल कानून के ऊपर आता हूं। गृह मंत्री जी की बात बिल्कुल ठीक है कि वर्ष 1988 में जब कानून बना, तो वह सिर्फ प्रधान मंत्री और उनके परिवार के लिए था। श्री राजीव गांधी जी की हत्या के बाद यह पाया गया कि एसपीजी की प्रोटेक्शन फॉर्मर प्राइम मिनिस्टर्स को भी एक्सटेंड करनी जरूरी है। वर्ष 1991 में संशोधन किया गया, उसके तहत धारा 4 में यह कहा गया,

> "There shall be an armed force of the Union called the Special Protection Group for providing proximate security to the Prime Minister and the members of his immediate family, any former Prime Minister or the members of his immediate family for a period of ten years from the date which the former Prime Minister ceases to hold the Office of Prime Minister and for any period beyond the period of ten years referred to in sub-clause (a) in case where the level of

threat faced by the former Prime Minister or by any member of his immediate family is of such nature that such level of threat justifies the provision of proximate security to such former Prime Minister or such member of his immediate family, as the case may be, provided that while assessing the level of threat, the Central Government shall take into account the following factors, namely, that the threat emanates from a militant or a terrorist organisation, and the threat is of grave and continuing nature, provided that the Central Government shall assess the level of threat periodically in such a manner that not more than twelve months shall elapse between two consecutive assessments."

एसपीजी के कानून में वर्ष 1991 में यह प्रावधान किया गया। यह प्रक्रिया वर्ष 2003 तक चली। वर्ष 2003 में एक संशोधन और किया गया कि जो 10 साल का पीरियड था, उसको घटाकर एक साल कर दिया, पर इसके साथ-साथ यह प्रावधान वाजपेयी साहब की सरकार ने रहने दिया कि अगर थ्रेट असेसमेंट हो, तो किसी भी पूर्व प्रधान मंत्री के परिवार को सरकार जब तक चाहे, जब तक थ्रेट असेसमेंट रहे, थ्रेट रहे, तब तक सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

माननीय मंत्री जी संशोधन लेकर आए हैं, मैं उसे संक्षेप में पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। एसपीजी अमेंडमेंट बिल 2019 कहता है In section 4 of the Special Protection Group Act, 1988, for sub-section (1), the following sub-section shall be substituted, namely, there shall be an armed force of the Union called the Special Protection Group for providing proximate security to the Prime Minister and

members of his immediate family residing with him at his official residence. मैं आपसे दस मिनट की मोहलत मांगता हूं।

**माननीय अध्यक्ष:** अगर आप दस मिनट लेंगे तो आपका कोई भी माननीय सदस्य नहीं बोल पाएगा।

**श्री मनीश तिवारी :** अध्यक्ष महोदय, इस बिल में जो संशोधन लाया गया है, इसमें पूर्व प्रधान मंत्री या उनके परिवारों को थ्रेट असेसमेंट के आधार पर सिक्युरिटी प्रदान करनी थी, उसे हटा दिया गया। उसका क्या कारण दिया जाता है? That the number of individuals to be provided SPG cover can potentially become quite large. यह वही कारण था, जिसके तहत स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की एसपीजी की सिक्युरिटी को विड्रा किया गया था। मैं एक बात पूछना चाहता हूं, जो एसपीजी प्रोटेक्टी हैं, उनको निरंतर एसपीजी की तरफ से कहा जा रहा था कि आपकी थ्रेट परसेप्शन बढ़ रही है। मेरे पास सारे पत्र मौजूद है लेकिन मैं सुरक्षा की वजह से उन पत्रों को सार्वजनिक नहीं कर रहा हूं। जून, 2019 तक लगातार यह बात कही गई कि थ्रेट असेसमेंट बढ़ रहा है, आप वहां मत जाइए, आप छत्तीसगढ़ मत जाइए, आप अपने क्षेत्र में उस जगह मत जाइए क्योंकि आपकी जान को खतरा है। वह एकदम खतरा समाप्त हो जाता है। थ्रेट परसेप्शन बदल जाती है और एसपीजी वापस ले ली जाती है। हम पूछना चाहते हैं कि जून 2019 और नवम्बर, 2019 के बीच ऐसा क्या बदला, थ्रेट परसेप्शन जून, 2019 में था, चाहे वह श्री राहुल गांधी जी की हो, चाहे श्रीमती सोनिया गांधी जी की हो, चाहे डॉक्टर मनमोहन सिंह जी की हो या उनके परिवार की हो, उसमें ऐसी क्या तब्दीली आ गई? नवम्बर, 2019 में एक्ट को संशोधित किए बगैर उनकी सुरक्षा वापस ले ली गई। मैं बहुत जिम्मेदारी से यह बात कहना चाहता हूं क्योंकि यह पूर्व प्रधान मंत्री की सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला है। जो थ्रेट परसेप्शन है, उसको सभा के पटल पर रखा जाना चाहिए क्योंकि सदन को यह जानने का हक है कि वैसी कौन सी तब्दीली थ्रेट परसेप्शन में आई जिसके कारण बगैर कानून में संशोधन किए एसपीजी की सिक्युरिटी वापस ले ली गई। जब

सारी प्रक्रिया चल रही थी, अखबारों में इसकी चर्चा हो रही थी तब पूर्व प्रधान मंत्री जी ने सरकार को खत लिखा। 4 नवम्बर, 2019 को एक खत लिखा, 16 नवम्बर, 2019 को श्री राहुल गांधी जी के कार्यालय ने खत लिखा कि क्या आप एसपीजी की सुरक्षा खत्म करने जा रहे हैं। पूर्व प्रधान मंत्री जी के खत का जवाब ज्वाइंट सेक्रेटरी की तरफ से एक लाइन का जवाब आता है I am directed to acknowledge the receipt of your letter.

Is this the way we treat our former Prime Ministers? Mr. Speaker, Sir, I would like to ask, through you, is this the way we treat a letter which is written by the former Prime Minister of this country**.** यह दुर्भाग्यूपर्ण बात है।

**<u>15.00 hrs</u>**

दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि इतिहास अपने आपको एक बार फिर दोहरा रहा है।

अखबारों में यह चीज प्लांट की जाती है कि कई लोग अपनी सुरक्षा को स्किप करते हैं। इस सदन में ऐसे बहुत लोग मौजूद हैं, जिनके पास सुरक्षा है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वे अपने दिल पर हाथ रखकर कह सकते हैं कि उनको जो सुरक्षा कवच मिला हुआ है, उसमें कभी-कभी घुटन महसूस होती है? You feel like shedding your security cover; you feel like living as a normal human being. Is that a crime? इस तरह की बेबुनियाद चीजें अखबारों में प्लांट की जाएं, हमें यह लोकतंत्र में होने के नाते शोभा नहीं देता है।

हमारा लोकतंत्र बहुत बड़ा है, मल्टी पार्टी डेमोक्रेसी हैं। यह ऐसा मामला है जिसमें हम सबको दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए। मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं, जितने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार, जब तक जीवित रहें, उन्हें सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। जब तक माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी हमारे बीच में रहे, 16 मई, 2004 को वे प्रधान मंत्री पद से हट गए थे, 2018 तक उनको एसपीजी सुरक्षा प्रदान की गई थी। यह सिर्फ भारत में ही नहीं है, अमरीका में भी जब कोई राष्ट्रपति पद से हट जाता है, पूर्व राष्ट्रपति को सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा प्रदान की जाती है। यही प्रावधान ग्रेट ब्रिटेन में है। यही प्रावधान कई और मुल्कों में है, मैं सब मुल्कों की सूची सदन के पटल पर रखना चाहता हूं।

मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी और सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सुरक्षा के मामले को देखना चाहिए। महज़ इसलिए कि कोई व्यक्ति प्रधान मंत्री नहीं रहता तो इसका मतलब यह नहीं है कि जो उसने प्रधान मंत्री पद पर रहते हुए फैसले लिए हैं, उसके कारण उसकी थ्रैट कम हो जाती है। धन्यवाद।

**संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** माननीय अध्यक्ष जी, इसके बाद भी एक बिल है। आपने बीएसी में सबसे सलाह मश्वरा करके दो घंटे का निर्णय लिया था। कृपा करके आगे के वक्ताओं के लिए बीएसी के निर्णय के अनुसार टाइम एलॉट कीजिए क्योंकि माननीय गृह मंत्री जी का एक और बिल है और गवर्नमेंट के पास बिजनैस भी बहुत है। मेरा निवेदन है, It should go as per BAC schedule.

**डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत):** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (अमेंडमेंट) बिल, 2019 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं इसके लिए माननीय गृह मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं, जिस प्रकार से एसपीजी कानून में 1988 के बाद से खिलवाड़ होता रहा है, अब इस संशोधन के बाद यह पूर्णत: बंद हो जाएगा। मैं इसके लिए पुन: माननीय गृह मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं।

एसपीजी कानून की वर्ष 1988 में पृष्ठभूमि आई थी। मुझे याद है 31 अक्टूबर, 1984 को देश के तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या हुई थी, मैं उस समय युवा पुलिस अधीक्षक था, तब महाराष्ट्र में पुलिस अधीक्षक, एसपीज़, वरिष्ठ अधिकारियों की पुणे में वार्षिक कांफ्रेंस बुलाई गई थी। जैसे ही खबर मिली थी, लगगभ इससे एक घंटा पहले ही मीटिंग शुरू हुई थी, तब हमारे डीजीपी ने सब अधिकारियों को बोला कि सब लोग तुरंत अपने जिले में वापिस जाएं। सभी लोगों को यह बात मालूम है कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या उन्हीं के सुरक्षाकर्मियों ने की थी।

यह हमारी सुरक्षा एजेंसीज के ऊपर, खुफिया एजेंसीज के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न था, यह पूरे देश का अपमान था। देश के प्रधान मंत्री की इस प्रकार से हत्या हो और हम उसको रोक न पाएं, वास्तव में यह एक बहुत बड़ा प्रश्न-चिह्न हम सब लोगों के सामने था। हम लोग जब वापस जा रहे थे तो खबर आ रही थी कि दिल्ली में और आस-पास में जिस प्रकार से सिक्खों के खिलाफ दंगा हुआ, जिस प्रकार उनको बेरहमी से मारा गया, पूरे देश के अंदर न केवल दिल्ली बल्कि देश के लगभग 40 शहरों में सिखों को ढूंढ-ढूंढ कर मारा गया। मुझे नहीं लगता कि इतिहास में इस प्रकार का कत्लेआम कभी हुआ हो। हम सभी लोगों को यह बात मालूम है कि दिल्ली के अंदर, कहा जाता है कि 3000 से ज्यादा लोगों को मारा गया। दिल्ली में और महाराष्ट्र के अंदर कई जगह सिखों को ढूंढ-ढूंढ कर मारा गया। मुझे याद है उस समय शिवसेना प्रमुख आदरणीय श्री बाल ठाकरे जी, जिनका मैं यहां अभिनन्दन करना चाहूंगा, उन्होंने यह घोषणा की थी कि जब तक

मैं मुम्बई में हूं तब तक कोई भी सिख भाइयों को हाथ नहीं लगा पाएगा। फिर भी, महाराष्ट्र में कई जगह इस प्रकार की घटनाएं हुईं। आप लोगों को मालूम है कि दोपहर-शाम होते-होते पूरे देश के अंदर जो ऑफिशियल फिगर्स हैं कि 3350 लोग मारे गए, अन-ऑफिशिएल फिगर्स यह है कि 8 हजार से 17 हजार सिक्खों की पूरे देश के अंदर हत्या की गई। …(व्यवधान) अधीर रंजन जी मुझे बोलने दीजिए। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य प्लीज।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य प्लीज एक मिनट।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मैं पुन: आपसे आग्रह करूंगा। जब माननीय सदस्य बोल रहे थे तो किसी माननीय सदस्य ने उनको नहीं टोका। आप माननीय गृह मंत्री जी का पूरा जवाब सुनकर जाएं तथा माननीय सदस्यों का भी पूरा जवाब सुनें। कोई भी सदस्य चाहे इधर का हो, चाहे उधर का हो, मेरी सदन से, सबसे निवेदन है कि महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो रही है। न इधर के माननीय सदस्य, न उधर के माननीय सदस्य, जो बोलें, उसका जवाब न दें। जब आपका समय आएगा तब जवाब दीजिएगा, लेकिन किसी को टोके नहीं।

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं सदन को याद दिलाना चाहता हूं कि तब के प्रधान मंत्री जी ने कहा था – 'जब एक बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है' और अप्रत्यक्ष रूप से सिक्खों के इस कत्लेआम का उन्होंने समर्थन किया था। …(व्यवधान) यह एसपीजी कानून को प्रधान मंत्री की सुरक्षा को फूलप्रूफ बनाने के लिए लाया गया । यह जो एसपीजी प्रोटेक्शन ग्रुप बना, हमारे देश के लिए, हमारी जो सेंटर आर्म्ड पुलिस फोर्सेज होती हैं, उसमें बीएसएफ से 33 परसेंट,

सीआरपीएफ से 33 परसेंट, सीआईएसएफ से 17 परसेंट, आईटीबीपी से 9 परसेंट, एसएसबी से 6 परसेंट और स्टेट पुसिल से लगभग एक परसेंट होती हैं, इस प्रकार से लगभग 100 एसपीजी ग्रुप्स का गठन हुआ था। लगभग 3000 हजार के आस-पास उनकी संख्या रखी गयी थी। उन लोगों के लिए बहुत ही कठिन ट्रेनिंग प्रेसक्राइब की गई, उनके लिए स्पेशल हथियार का इंतजाम किया गया। एसपीजी केवल प्रधान मंत्री की सुरक्षा के लिए था। किसी पूर्व प्रधान मंत्री के लिए नहीं था। उनको निकट सुरक्षा देने के लिए हुआ था क्योंकि जिस प्रकार की घटना घटी थी, श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, हमारा एसपीजी ग्रुप एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कर सके, स्टेट पुलिस से कोआर्डिनेशन कर सके और हमारी जो इंटेलीजेंस एजेंसीज हैं, उनके साथ उनका इन्वॉलमेंट हो ताकि वे एक फूलप्रूफ सिक्योरिटी प्रधान मंत्री जी को दे सकें।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, इस एसपीजी कानून में कई संशोधन हुए, जैसा मैंने कहा, कई बार इसके साथ खिलवाड़ हुआ है। पहला संशोधन 1991 में हुआ, जिस प्रकार से श्री राजीव गांधी जी की नृशंस हत्या हुई, आतंकवादी हत्या हुई, उसके बाद पहली बार सितम्बर, 1991 में एक संशोधन आया कि भूतपूर्व प्रधान मंत्री की …(व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर)**: सर, मेरा एक प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप रूल बताएं।

**श्री गौरव गोगोई :** सर, रूल-352, सेक्शन-7 ।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** हां, रूल-352 पढ़ रखा है।

**श्री गौरव गोगोई :** सर, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि अभी-अभी आदरणीय सदस्य ने पूर्व प्रधान मंत्री के बारे में जो टिप्पणी उठाई है, वह सरासर …* सेडिशियस और डिफेमेटरी

---

* Not recorded.

है।...(व्यवधान) मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि ऐसे डिफेमेटरी शब्दों को पार्लिमेंटरी रिकॉर्ड से हटा देना चाहिए।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं इसको देखूंगा, लेकिन माननीय सदस्य ने घटना का विवरण किया है, किसी पर आरोप नहीं लगाया है।

...(व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** सर, उन्होंने आरोप लगाया है। हम आपको मिसलीड नहीं करेंगे।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सभी लोगों को बोलने की आवश्यकता नहीं है।

...(व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** सर, हम आपको मिसलीड नहीं करेंगे। हम पूरी गंभीरता से पूरी बात को सुन रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं इस नियम के तहत जो भी उचित होगा, निश्चित रूप से देखूंगा और अगर इस प्रक्रिया के तहत कोई विषय होगा तो मैं उसे देखूंगा।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपको इजाजत नहीं दी है, बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, गौरव गोगोई जी ने जो बात कही है, आज भी वह वीडियो अवेलेबल है और अगर आपकी परमीशन होगी तो मैं हाउस में उसे सब्मिट कर सकता हूं, जिस वीडियो में उन्होंने ऐसा बोला था।

अध्यक्ष महोदय, वर्ष 1991 में श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद इसमें पहला संशोधन आया कि भूतपूर्व प्रधान मंत्री और उनके इमिडिएट पारिवारिक सदस्यों को पांच वर्ष के लिए एसपीजी की सुरक्षा दी जाए। उसके साथ ही यह भी व्यवस्था आई कि यदि कोई मना करना चाहे तो मना करने का अधिकार भी उनको दिया गया। दूसरा संशोधन 1994 में आया, जब इसे पांच वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष कर दिया गया। तीसरा संशोधन 1999 में आया कि पूर्व प्रधान मंत्री को दस वर्ष के बाद भी अगर वार्षिक थ्रेट परसेप्शन में लगता है कि उनको किसी मिलिटेंट या आतंकवादी संगठन से खतरा है, बहुत ही गंभीर खतरा है तो उनको एसपीजी कवर दिया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय, मैं एक पुलिस अधिकारी रहा हूं। बहुत लोगों का यह अनुभव होगा, मैं अपनी एजेंसीज से भी कहूंगा, माननीय गृह मंत्री जी भी यहां बैठे हैं, मैं माननीय मनीष तिवारी जी की इस बात से भी सहमत हूं कि कई बार हमारी खुफिया एजेंसीज सब्जेक्टिव असेसमेंट करती हैं, ऑब्जेक्टिव असेसमेंट नहीं करती हैं। कोई बड़ा आदमी नाराज न हो, कोई पार्टी नाराज न हो, अपने ऊपर जिम्मेदारी न आए, बिना किसी थ्रेट परसेप्शन के भी, उनकी सुरक्षा को चालू रखा जाता है। एक नहीं, ऐसे बहुत उदाहरण हैं। मैं पुणे का पुलिस कमिश्नर था। जब मैं पुणे का पुलिस कमिश्नर बना, मैंने पता किया तो वहां पर लगभग 22 लोगों के पास सुरक्षा कवर था, जिनमें कुछ भूतपूर्व मंत्री थे, कुछ बड़े बिजनेसमैन भी थे। मैंने पता कराया कि इनमें किस व्यक्ति को थ्रेट है, किसको खतरा है तो हमारी एजेंसीज के लोगों ने बताया कि साहब, खतरा तो नहीं है, लेकिन ऐसा चलता आ रहा है, इसलिए देते जा रहे हैं। परम्परा से चलता आ रहा है। मैंने उन लोगों चिट्ठी लिखी, मैंने उनको एक हफ्ते का समय दिया कि हमारे हिसाब से, सिक्योरिटी एजेंसीज के हिसाब से आपको कोई खतरा नहीं है और एक हफ्ते के अंदर आपकी सुरक्षा निकाल ली जाएगी। अगर आपको सुरक्षा चाहिए तो प्राइवेट सिक्योरिटी ले लीजिए। इस तरह से बहुत बार होता है, मैं कहता हूं कि सेंट्रल लेवल पर भी होता है, आईबी के लेवल पर भी होता है, इसको ठीक करने की जरूरत है। मैं अभी भी ऐसे कई लोगों को जानता हूं जिनको कोई खतरा नहीं है, बल्कि उनसे समाज को

खतरा है, लेकिन उनको पुलिस का प्रोटेक्शन दिया जाता है। इसमें सुधार करने की जरूरत है कि किस प्रकार के थ्रेट परसेप्शन की हम बात करते हैं।

वर्ष 2003 में इस कानून में एक बदलाव किया गया कि पूर्व प्रधान मंत्री और उनके परिवार के लिए केवल एक वर्ष के लिए ही यह एसपीजी कवर रहेगा।

उनके ऊपर खतरे का आकलन करने के बाद उन्हें सुरक्षा मिलेगी। एसपीजी से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं और मैं आपकी अनुमति से सदन के सामने ये बातें रखना चाहता हूं। कोई भी फोर्स, कोई भी बल चाहे वह पुलिस हो, मिलिट्री हो, सैंट्रल आर्म्ड फोर्सेज हों, वह देश के लिए काम करती हैं। हमारे प्रधान मंत्री देश को रिप्रेजेंट करते हैं। वे देश के लिए हैं, किसी व्यक्ति के लिए नहीं हैं। प्रधान मंत्री संस्था के लिए हो सकते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के लिए वे नहीं हो सकते हैं। अमेरिका के अंदर भी ऐसा है कि यदि कोई पूर्व प्रेजिडेंट है, तो उन्हें पहले केवल दस साल के लिए सुविधा थी। श्री बराक ओबामा ने पूरे जीवन के लिए किया, लेकिन 16 साल से कम उम्र के बच्चों को ही सुरक्षा मिलेगी। किसी का बच्चा यदि 16 साल का हो जाएगा, तो किसी को भी सीक्रेट सर्विस का प्रोटेक्शन नहीं मिलेगा। रशिया में भी ऐसा ही है। ब्रिटेन के अंदर भी ऐसा ही है और चाइना में तो जो भूतपूर्व हो जाते हैं, वे तो भूतपूर्व ही हो जाते हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य इस सदन में चाइना, इंग्लैंड की चर्चा क्यों कर रहे हैं, हमें तो हिंदुस्तान के कानून की चर्चा करनी चाहिए। वहां क्या होता है, इस बात को छोड़िए और हिंदुस्तान के कानून की बात कीजिए। इधर से मनीष तिवारी जी भी विदेशों के कानून की बात कह रहे थे। हमें तो भारत के कानून से ही चलना है।

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** महोदय, आदरणीय मनीष जी ने बात कही थी, इसलिए मैंने जवाब दिया है।

**माननीय अध्यक्ष :** मनीष जी ने गलत किया था, आप गलती मत कीजिए।

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** अध्यक्ष जी, मेरा निवेदन है कि जो विशेष पुलिस फोर्स होती हैं**,** उनके कुछ नियम होते हैं। मैं इस बात को कह रहा हूं और कौटिल्य ने इस बात को लिखा है। आप कौटिल्य का अर्थशास्त्र पढ़ सकते हैं। उसमें लिखा है – … *

**माननीय अध्यक्ष :** यह बात रिकार्ड में नहीं जाएगी। हमारे यहां 'राजा' 'राजा' नहीं होता है, बल्कि 'सेवक' है।

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** ठीक है, सर। उनकी सुरक्षा के लिए जो भी बल है वह किसी दूसरे व्यक्ति के लिए नहीं लगाया जाएगा। यदि हम किसी दूसरे व्यक्ति के लिए उस सुरक्षा बल को लगाते हैं, तो वह सिक्योरिटी कम्प्रोमाइज होती है और कभी भी वह खतरा बन सकती है। कई बार एसपीजी प्रोटेक्शन का बहाना लेते हैं और लुटियन जोन में बंगले ले लेते हैं। वह एमपी नहीं होते हैं, कोई सरकारी पद नहीं होता है, लेकिन उन्हें बंगला मिलता है क्योंकि उन्हें एसपीजी सुरक्षा मिली होती है। यहां जो एमपी बनते हैं, मंत्री बनते हैं, वे लम्बे समय तक बंगलों के लिए वेट करते हैं, क्या यह उन लोगों का अपमान नहीं है? जो सदन के सदस्य नहीं हैं, उन लोगों को बंगले दिए जाएं क्योंकि उन्हें एसपीजी सुरक्षा मिली हुई है।

अध्यक्ष महोदय, डाक्टर उनका ट्रीटमेंट करता है, जो डाक्टर की दवाई मानते हैं और डाक्टर जो परहेज बताता है, उन नियमों पर चलते हैं, तभी मरीज को फायदा होता है। यदि डाक्टर के कहने के बाद रोगी उसकी बात नहीं मानता है, तो उसका इलाज करने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। मैं सवाल पूछना चाहता हूं कि जिनको एसपीजी कवर दिया गया, क्या उन लोगों ने एसपीजी को रखा है? हमारे पूर्वजों ने बहुत अच्छी बात कही है। मैं किसी का नाम नहीं ले रहा हूं। मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं। एक परिवार के एक आदमी ने मई, 2015 से जून 2019

* Not recorded.

तक 1892 बार बुलेट प्रूफ व्हीकल का इस्तेमाल नहीं किया।बाहर जब उन्होंने विदेशी ट्रिप किया, 156 बार बाहर गये लेकिन 143 बार मना करके चले गये।

दूसरे सदस्य ने 50 बार नहीं किया। 24 बार बाहर विदेश यात्रा में मना कर दिया। तीसरे सदस्य ने दिल्ली में 339 बार मना कर दिया। 64 बार बाहर जाने को मना कर दिया और जो 91 विदेशी ट्रिप किये, उसमें 78 बार मना कर दिया और उसके बाद एसपीजी के खिलाफ एलीगेशन भी लगाये कि आप हमारे कांफिडेंशियल और पर्सनल डिटेल्स निकालते हैं, इसलिए हमारे पीछे रहते हैं। अगर उनको एसपीजी कवर से डर है तो क्या कोई व्यक्ति ऐसे हिम्मत कर सकता है कि बिना एसपीजी सुरक्षा के बाहर कहीं चला जाए? इसलिए सुरक्षा उनको दी जानी चाहिए, जो उसके नियमों का पालन करते हैं। ट्रैफिक नियम उन लोगों के लिए होते हैं जो ट्रैवर करते हैं। मुझे याद आ गया, हमारे पूर्वजों ने एक बात कही थी। तीन काम अच्छे लोगों को नहीं करने चाहिए। कम से कम जो बड़े पदों पर लोग हैं, उनको तीन काम नहीं करने चाहिए। जिस काम को करने में डर लगता है, उसे नहीं करना चाहिए। छिपकर अगर कोई काम करना पड़े, कोई देख न ले, कोई सुरक्षा वाला न देख ले तो वह काम नहीं करना चाहिए।

के गठन के लिए अधिनियम बनाया गया था, उसका एकमात्र उद्देश्य प्रधान मंत्री की सुरक्षा को लेकर था। प्रधान मंत्री की सुरक्षा सबसे अलग होनी चाहिए। वे तो सब मंत्रियों के प्रधान मंत्री होते हैं। अब आप प्रधान मंत्री की सुरक्षा हर किसी को देने लग जाएंगे, वैसे एक निवेदन मैं कांग्रेस के भाइयों से कर सकता हूं कि अगर *…* * …(व्यवधान) मत कीजिए, कीजिएगा भी नहीं । …(व्यवधान) मैं तो कहूंगा कि मत करना । कहीं आप मेरा कहना मानकर चले मत जाना …(व्यवधान) एसपीजी प्रधान मंत्री की सुरक्षा के लिए ही ठीक है। लेकिन, गृह मंत्री जी ने उदारता दिखाई और पूर्व प्रधान मंत्री जी को इस श्रेणी के अंदर ले लिया। …(व्यवधान) आप धीरे-धीरे देखिए, आगे क्या होगा, अभी शुरुआत हुई है। …(व्यवधान) इस बिल के आने से एक परिवार विशेष को एकाधिकार देने के लिए बनाए गए नियमों में परिवर्तन होने से देश में एक संदेश जाएगा, पूरे भारत में एक संदेश जाएगा। आधी दिल्ली को इन लोगों ने घेर रखा है। तीन, चार, पांच जगहों पर एसपीजी लेकर अलग-अलग बैठ गए हैं। ये लोग डिस्टर्ब करते हैं। जब ये लोग निकलते हैं तो ट्रैफिक जाम हो जाता है। इससे आम आदमी परेशान होता है। अभी इन लोगों को एसपीजी की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मामलों में आपको भी हंगामा नहीं करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी इस चुनाव में कम संख्या में आने से बौखलाहट में है। लेकिन, इस बौखलाहट का इलाज एसपीजी से नहीं होने वाला। जब 2024 का चुनाव होगा, तब देखा जाएगा । एसपीजी की सुरक्षा लेने से कोई बड़ा नहीं हो जाता । …(व्यवधान) महाराष्ट्र में आप चार-पांच लोग मिल गए हैं, एक नहीं है । …(व्यवधान) *…* * ज्यादा मत कीजिए, हमसे मत अड़िए।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** बेनीवाल जी आप इधर देखिए।

…(व्यवधान)

---

* Not recorded.

**श्री हनुमान बेनीवाल :** आज कांग्रेस और उनके एकाधिकार रखने वाले परिवार को देश की जनता नकार चुकी है। मैं एक उदाहरण देना चाहूंगा। यहां मैं रोज देखता हूं कि बंगाल की छोटी सी बात होते ही तृणमूल के नेता खड़े हो जाते हैं। मैं यह कह रहा हूं कि राजस्थान के अंदर एक केंद्रीय मंत्री और हमारे ऊपर मुख्य मंत्री के इशारे पर जानलेवा अटैक हुआ। मैंने इस पार्लियामेंट में प्रिविलेज मोशन मूव किया था। …(व्यवधान) आप कौन-सी बातें कर रहे हैं कि हम सुरक्षित नहीं है, फिर भी आप सबको सुरक्षा दी जाती है, एमपी को पीएसओ मिले होंगे। …(व्यवधान) मैं अभी थोड़ी देर में जाऊंगा। मैंने टाइम मांग रखा है। हमारे ऊपर अटैक हुआ, देश के एक कैबिनेट मंत्री के ऊपर राजस्थान में अटैक होता है, एक सांसद पर अटैक होता है, उसका प्रिविलेज मोशन पालिर्यामेंट के अंदर मूव होता है और वहां कांग्रेस की सरकार है। आप हर चीज पर जोर-जोर से चिल्ला रहे हैं। अखबार में छपने के लिए आगे आ जाते हैं, आपका यही मकसद है। आप लोगों ने 70 सालों में क्या कर लिया ? सरकार से हम भी संरक्षण चाहते हैं। जहां हमारी सरकारें नहीं हैं, वहां केंद्र के नेताओं की, सांसदों की, मंत्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी केंद्र सरकार की है। इस दिशा में भी ध्यान देना चाहिए। मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। यह एसपीजी के रिव्यू का सिस्टम है। जो जेड प्लस एवं अन्य सुरक्षा कवर दिए जाते हैं, उनका भी समय-समय पर रिव्यू हो। लोग बीस-तीस साल से सुरक्षा लेकर बैठे हैं, मर गए, अब उनके बेटे को मिल रही है, पोते को मिल रही है। यह देश कोई गोशाला तो नहीं है कि हर आदमी आए और चलकर दिल्ली के अन्दर चला जाए। सभापति महोदय, मेरे कहने का मतलब यह है कि एसपीजी एवं जितनी भी तरह की सुरक्षा आप दे रहे हैं, इनका हर साल रिव्यू होना चाहिए कि जिसे आप सुरक्षा दे रहे हैं, उसे खतरा है या नहीं। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Beniwal, please conclude.

… (*Interruptions*)

**श्री हनुमान बेनीवाल :** अब मैं एसपीजी पर वापस आ रहा हूं।…(व्यवधान)

सभापति महोदय, चाहे एसपीजी हो, एनएसजी हो या जेड प्लस सिक्योरिटी हो, इनका रिव्यू हर दो साल में होना चाहिए। यहां हमारे रक्षा मंत्री जी बैठे हैं, गृह मंत्री जी बैठे हैं, मेरा सुझाव है कि हर दो साल में इसका रिव्यू होना चाहिए कि आवश्यकता है या नहीं। मैं धन्यवाद दूंगा कि जब से आपने कश्मीर में अलगाववादी नेताओं की सुरक्षा हटाई, सब बिलों के अंदर छिप गए, सारी नेतागिरी भूल गए। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Beniwal, please conclude now.

Next, Shri Rajiv Pratap Rudy.

… (*Interruptions*)

**श्री हनुमान बेनीवाल :** मैं आधा मिनट में अपनी बात खत्म करूंगा।

**माननीय सभापति:** नहीं, इतना ज्यादा टाइम नहीं है।

श्री राजीव प्रताप रूडी ।

**श्री हनुमान बेनीवाल :** सर, प्रधान मंत्री जी की एसपीजी सुरक्षा की बात हुई है। पार्लियामेंट के अंदर प्रधान मंत्री जी भी बैठते हैं, सारे मंत्रिगण एवं हम सभी सांसद यहां बैठते हैं। पार्लियामेंट पर जब अटैक हुआ। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Nothing will go on record.

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Rudy, please start your speech.

Nothing will go on record except what Shri Rudy speaks.

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण):** सर, मैं इस बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरे मित्र श्री मनीष तिवारी यहां बैठे हैं। मुझे याद है कि अपने छात्र जीवन में जब तक मैं राजनीतिक हत्याओं के बारे में और एसैसिनेशन्स के बारे में नहीं समझता था, बहुत कम आयु में विश्वविद्यालय की राजनीति में यदि सबसे पहले किसी राजनीतिक व्यक्ति पर मुझे माला चढ़ाने का मौका मिला तो वह मनीष तिवारी के पिता जी थे, जिन्हें आतंकवादियों ने पंजाब विश्वविद्यालय की राजनीति में मार गिराया था। उस समय इनकी उम्र मुश्किल से 20 या 21 साल थी। जब उन्होंने यह पूरा विषय उठाया है तो शायद वह ऐसे एक व्यक्ति हैं, जिसके पिताजी की हत्या कहीं न कहीं राजनीतिक रूप से हुई थी और इस विषय को लेकर उन्होंने बहुत सारे विषयों का विश्लेषण किया। इनका विश्लेषण बहुत ही सामान्य था। इन्होंने एक उदाहरण दिया कि राजीव जी की सिक्योरिटी हटवाने के बाद, उनकी सिक्योरिटी व्यवस्था हटाई गई, जिसके कारण बाद में उनके निर्णयों के कारण उनकी हत्या कर दी गई। शायद इस विषय को लेकर उन्होंने यह स्पष्टीकरण करना चाहा कि वर्तमान में जितने प्रधान मंत्री या पूर्व प्रधान मंत्री हैं, उनके परिवार के लोगों को सुरक्षा मिल रही है। लेकिन तब उस विषय में एक फर्क था कि उस समय एसपीजी में यह प्रॉविजन नहीं था कि उनके परिवार वालों को लाया जाए। आज अगर इनकी सिक्योरिटी हटी है, एसपीजी कवर हटा है तो मैं समझता हूं कि दूसरी बहुत ही महत्वपूर्ण फोर्सेज उनके साथ लगाई गई हैं और वे पर्याप्त हैं। अगर आप भारत में कहें कि चाहे सीआरपीएफ हो, एनएसजी हो, वे कैपेबल नहीं हैं और सिर्फ एसपीजी ही कैपेबल है तो मैं समझता हूं कि यह उचित नहीं होगा। हो सकता है उस समय कोई गलती हुई हो और जो गृह मंत्रालय के लोग हैं, जो सरकार का सिस्टम है, वे इसे इंस्टीट्यूशनल मेमोरी का पार्ट समझते हैं और जब-जब इस प्रकार की गतिविधियां होती हैं, उनमें कुछ न कुछ सुधार करके, देश को इंस्टीट्यूशनली आगे ले चलने की व्यवस्था की जाती है। एक समय ऐसा भी था कि जब दिल्ली में देश के प्रधान मंत्री जाते थे तो जो पार्लियामेंट स्ट्रीट का डीसीपी होता था, वह देश के प्रधान मंत्री की सुरक्षा का इंचार्ज हुआ करता था। उसके बाद वह स्थिति बदली और आईबी ने एक विशेष

स्टडी की। उसके बाद दिल्ली में प्रधान मंत्री को एक एस्कॉर्ट दिया जाने लगा और उसके साथ देश के प्रधान मंत्री यहां चलते थे। वर्ष 1984 में श्रीमती गांधी की असैसिनेशन के बाद एक स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप बना और बीरबल नाथ कमेटी रिपोर्ट आई और 30 मार्च, 1985 को यह निर्णय लिया गया कि हम एक एक स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप बनाएंगे। वह उस समय कार्यपालिका के एक आदेश से बना था। It was through an executive order.

देश की संसद का महत्व देखिए कि तब देश ने तय किया कि देश के प्रधान मंत्री का पद बहुत बड़ा है। उसके लिए कोई शासक या एग्जिक्यूटिव आफिसर या एडमिनिस्ट्रेटर निर्णय नहीं लेगा, बल्कि देश की पार्लियामेंट ने तय किया और तब हमारी सरकार नहीं थी। यहां बैठे सांसदों ने तय किया कि देश के प्रधान मंत्री को हम एक विशेष सुरक्षा देंगे और यह निर्णय देश के प्रधान मंत्री का नहीं था। यह निर्णय देश के सांसदों का था, जिन्होंने सदन में बैठकर तय किया कि सबसे बड़े ओहदे पर बैठे हुए व्यक्ति के लिए हम एसपीजी प्रोटेक्शन देंगे। एसपीजी, सीआरपीएफ और दूसरी फोर्सेज की तरह फोर्स नहीं है। एसपीजी और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स, जिसकी यूएस की नेवी सील्स से तुलना कर सकते हैं और मुझे तो लगता है कि नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स भारत की एक छिपी हुई फोर्स है, जिसके बारे में बहुत लोग नहीं जानते हैं। यूएस नेवी सील्स के बारे में बात करते हैं, तो उससे भी ताकतवर संस्था हमारे भारत में है, जो एनएसजी है। इसी प्रकार एनएसजी का भी अपना कोई काडर नहीं है। इसमें देश भर के लोगों में से जो बेस्ट होते हैं, चाहे सीआरपीएफ के हों या स्टेट पुलिस के हों और सभी प्रकार की फोर्सेज के बेस्ट लोगों को लेकर फोर्स तैयार की जाती है।

**16.33 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

एसपीजी का स्वरूप बड़ा है। एसपीजी जब से देश के प्रधान मंत्री की सुरक्षा में लगी है, एक भी घटना, न तो परिवार के सदस्यों के साथ और न ही किसी प्रधान मंत्री के साथ घटित हुई है। सदन को सबसे पहले इस एसपीजी फोर्स का अभिनंदन करना चाहिए कि वह देश की सुरक्षा की इतनी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही है। एसपीजी के अधिकारियों को शौर्य चक्र मिला है, पुलिस मैडल, प्रेजिडेंट मैडल मिला है। यह क्लोज्ड प्रोटेक्शन ग्रुप है। यह कठिनाई थी कि कोई कट ऑफ डेट नहीं थी, जिसके कारण इसकी संख्या बढ़ती जा रही थी और स्वाभाविक तौर से निर्णय लिया। He is the Head of the Government and we have taken it upon ourselves that this Parliament will decide that we have to secure the Prime Minister. हमारे प्रधान मंत्री जी का तो स्वभाव ही नहीं है। हमारे प्रधान मंत्री जी को यदि कह दिया जाए, तो मुझे नहीं लगता कि वे एक सिपाही भी लेकर चलने के लिए तैयार होंगे। उनके तो स्वाभाव में ही नहीं है, लेकिन ये एसपीजी के लोग उनकी सुरक्षा के लिए हैं। हम राजनीतिक रूप से प्रधान मंत्री जी को जाते हुए देखते हैं, तो देखते हैं कि एसपीजी सुरक्षा में लगे अधिकारी बहुत कठिन काम करते हैं। ये सुरक्षा के समय दिखाई नहीं देते हैं और देश के प्रधान मंत्री की क्लोज्ड प्रोटेक्शन ग्रुप में सुरक्षा करना कोई साधारण बात नहीं है। प्रधान मंत्री जी के पास नेता आते हैं, ब्यूरोक्रेट्स आते हैं, उनका व्यवहार अच्छा है, उनका प्रोफेशनलिज्म दुनिया में सबसे आगे है। यह सबसे एजाइल फोर्स है। ऐसा स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप, माननीय अध्यक्ष जी कह रहे थे कि दुनिया की चर्चा मत करो। मैं कहना चाहता हूं कि हमारा जो स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप है, वह दुनिया की सबसे बेहतरीन प्रोटेक्शन फोर्स है, जिसे हम लोगों ने देश में सदन में एक्ट द्वारा स्थापित किया है। Prime Minister is the symbol of democracy. Prime Minister is the symbol of 130 crore people of this country. हम प्रधान मंत्री की बात कर रहे हैं। देश के प्रधान मंत्री जब मुख्य मंत्री थे, हमने कभी सदन में यह नहीं कहा कि हमारे मुख्य मंत्रियों को भी एसपीजी प्रोटेक्शन दो। वहां उनके पास एनएसजी

प्रोटेक्शन था, लेकिन जब देश के लोगों ने उन्हें इस पद पर चुना, तो स्वाभाविक तौर पर संसद ने तय किया कि हम अपने प्रधान मंत्री को प्रोटेक्ट करेंगे और यह मूल रूप से प्रधान मंत्री को प्रोटेक्ट करने का बिल था, जिसके बारे में हम लोग चर्चा कर रहे हैं।

महोदय, मैं जानता हूं कि आप मुझे बैठने का आग्रह करेंगे । इस बिल में बहुत ही सिग्निफिकेंट चीज है और वह केवल तीन ही सेंटेन्स हैं। प्रेमचन्द्रन जी ने उसे दूसरा रूप देना चाहा और कहा कि पॉलिटिकल वेनडेटा है, मैं उस पर नहीं जाऊंगा। इसमें तीन बहुत महत्वपूर्ण विषय हैं और ये वाक्य अपने आप में बहुत पावरफुल हैं और अध्यक्ष जी, मैं आपके सामने कहना चाहूंगा कि मैं राज्य सभा से लोक सभा में आया हूं और इस सदन में जो लेवल ऑफ डिबेट है और हमारे माननीय सांसदों का जो बयान और वक्तव्य है, वह अपने आप में सबसे बड़ी पहचान है कि सदन की गुणवत्ता में अप्रत्याक्षित वृद्धि है, जो दिखता भी है । This Bill is significant today because the geopolitical context of our nation is changing. यह कितना महत्वपूर्ण है, यह ऊपर से पढ़कर समझ नहीं आएगा but the geopolitical context of India is changing. यह स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स एंड रीजन्स में दिया है। We have a hostile neighbourhood. हम पिछले 70 वर्षों से एक होस्टाइल नेबरहुड से लड़ रहे हैं और उसका नेतृत्व आज इस होस्टाइल नेबरहुड से लड़ने का नेतृत्व यदि किसी ने दिया है, तो देश के प्रधान मंत्री ने दिया है और इसे हम सब मिलकर स्वीकारते हैं। तीसरी बात मल्टी डाइमेंशनल थ्रेट्स है। आजकल हम साइबर थ्रेट की बात कर रहे हैं, मिसाइल थ्रेट की बात कर रहे हैं। देश के प्रधान मंत्री जी तो यदि सड़क पर भी बाधा उत्पन्न होती है, तो उससे भी परहेज करते हैं कि दिल्ली के लोगों को दिक्कत होती है। यह कंनसैप्ट सिर्फ यहां तक सीमित नहीं है कि मेरे अगल-बगल में कौन चलता है । It is an international threat because India is emerging as a global power. If a country is emerging as a global power, certainly we have to protect our Prime Minister.

मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा कि कई लोगों ने स्टेटस और सिम्बल का जिक्र किया है, यह एक अलग विषय है। मैं समझता हूं कि देश के गृह मंत्री ने पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराया है, जो सीआरपीएफ, जो एनएसई है, और भी जरुरत होगी तो सरकार का दिल इतना बड़ा है, सरकार का दिल इतना उदार है कि अगर जो ऐसे लोग हैं, जिनके ऊपर खतरा है, आईबी और पुलिस का अगर थ्रैट परसैप्शन है, स्टेट इंटेलीजेंस का अगर थ्रैट परसैप्शन है, तो मैं समझता हूं कि सरकार का दिल इतना उदार है कि निश्चित रूप से इस प्रकार की सुरक्षा चाहे देश के पूर्व प्रधान मंत्री हों, या उनके पुत्र हों या हमारे जैसे लोग हों, किसी को भी जरूरत पड़े तो देश की सरकार उसको जरूर देखेगी। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इस विषय को तो सदन में आने की आवश्यकता भी नहीं होनी चाहिए थी, क्योंकि देश के प्रधान मंत्री की सुरक्षा की बात है। यह सर्वसहमति से निर्णय होना चाहिए था कि जो देश की सरकार देश के प्रधान मंत्री के लिए तय करती है, वह इस संसद को पूरी तौर से स्वीकार्य है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि बहुत बड़ा कदम उठाया गया है और हमारे लिए प्रत्यक्ष रूप से अगर सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति कोई है तो वह देश का प्रधान मंत्री है और इस सदन की जिम्मेदारी है कि जो सवा सौ करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है कि देश के प्रधान मंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी सदन ने ली है, बाकी जगह कुछ और लेते हैं, इसलिए सदन की जिम्मेदारी है कि हम उस महत्व को बनाए रखें। मैं माननीय गृह मंत्री जी का आभार प्रकट करना चाहूंगा कि इस संशोधन को लाकर देश के प्रधान मंत्री की सुरक्षा का ख्याल किया गया है और हमें विश्वास है कि हम कामयाब रहेंगे।

**माननीय अध्यक्ष** : श्री गौरव गोगोई जी, मैं आपको दो मिनट का समय दूंगा। आपके सदस्य ने आपका सारा समय ले लिया। आप बोलिए।

**SHRI GAURAV GOGOI :** Hon. Speaker, thank you for giving me the time. This Bill is nothing but a political vendetta, camouflaged in legislation. It is ironical that this Bill was born out of an assassination of a former Prime Minister and it was later amended by the assassination of another former Prime Minister. Now, this Bill is being brought to withdraw protection of the members of that same patriotic family, which has given so much to this nation.

Sir, I would like to talk to you about the reports that were documented by the Government of India when Mahatma Gandhi Ji was assassinated. The former Union Home Minister, Sardar Vallabhbhai Patel said that an environment of hate and fear was present at that time which compelled this young man to take this horrific action. It is another thing completely that today in this House, we have an hon. Member who thinks that Nathuram Godse was a patriot and she is not the only one. She should apologise. The same environment of fear and hate which led to the assassination of Mahatma Gandhi, also exist today because there is a clash of values and civilisation.

This Bill is completely laughable when it says that due to lack of resources, this Bill is being brought. Is the financial status of this Government so poor? The BJP takes examples of how current SPG protectees do not respect the protocols of the SPG. I want to cite a few examples of how the

SPG's protocols are being violated by this Government, by the hon. Prime Minister. Remember the Gujarat elections, the hon. Prime Minister took a tour on a sea plane with a foreign pilot and with no SPG. Where was the respect for SPG then? This is a very serious issue. We want to review the SPG protocols. We care about the protection of the hon. Prime Minister. That is why, we want to ask this question to the hon. Home Minister. How was the hon. Prime Minister allowed to fly on a sea plane? When Z-plus security fly on a double engine, our hon. Prime Minister flew on a sea plane. That was wrong.

Now, I give second example. It has been recorded in the Media that in Chitradurga during the Karnataka election, one big black box was taken out of the hon. Prime Minister's chopper and was rushed to a private vehicle, Toyota Innova. …(*Interruptions*) What was there in the box? This is regarding the review of the SPG. …(*Interruptions*) We are reviewing the protocols of SPG. Now, I give last example of Odisha election. We care about the security of the hon. Prime Minister. When an official of the Election Commission went to inspect the chopper of the hon. Prime Minister, he was suspended. Why? He was doing his job. He was looking after the security.Therefore, this Bill is purely political, narrow and petty. We oppose it. You should withdraw it. Thank you.

**श्री अमित शाह :** माननीय अध्यक्ष जी, इस महत्वपूर्ण बिल पर पक्ष, विपक्ष – दोनों के कई माननीय सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया है। श्री मनीष तिवारी जी, सत्यपाल सिंह जी, श्रीमान राजा जी, सुदीप बन्दोपाध्याय जी, वाईएसआरसीपी के श्री माधव जी, राजीव रंजन सिंह जी, जगदम्बिका पाल जी, प्रेमचन्द्रन जी, राजीव रूडी जी, हनुमान बेनीवाल जी और गौरव गोगोई जी – सभी ने अपने-अपने विचार इस बिल पर व्यक्त किए हैं।

कांग्रेस पार्टी और उनके साथी सदस्यों का भाषण मैंने बहुत डीटेल में, ध्यान से सुना है। उससे एक इस प्रकार का इम्प्रेशन देश में बनकर जाता है, देश की जनता के सामने जाता है, जैसे यह एक्ट, जो बदला जा रहा है, वह गांधी परिवार की सुरक्षा हटाने के लिए बदला जा रहा है। मान्यवर, यह वास्तविकता नहीं है। जो इनको चिंता है, चिंता कितनी वाजिब है या नहीं वाजिब है, यह मैं बाद में बताता हूं, परंतु जो इनको चिंता है, वह सुरक्षा का बदलाव पुराने एक्ट के तहत ही 'इयर्ली प्रोफेशनल थ्रेट असेसमेंट' के आधार पर किया है। यह एक्ट तो अब अस्तित्व में आएगा, जब यह सदन इसे पारित करेगा। जिस एक्ट की आप दुहाई दे रहो कि आप उस एक्ट को मत बदलो और हाय-तौबा मचा रहे हो, उस एक्ट के तहत ही यह सुरक्षा का बदलाव किया गया है।

देश में एक चित्र ऐसा भी खड़ा करने का प्रयास हुआ कि जैसे गांधी परिवार की सिक्योरिटी की सरकार को चिंता ही नहीं है। इनकी सुरक्षा हटाई गई – सुरक्षा हटाई नहीं गई है, सुरक्षा बदली गई है, थ्रेट असेसमेंट के आधार पर बदली गई है। थ्रेट असेसमेंट के आधार पर उनकी सुरक्षा जेड प्लस सीआरपीएफ कवर विद एएसएल (ASL) एंड विद एम्बुलेंस पूरे देश भर में की। श्रीमान मनीष तिवारी जी कहते थे कि जब राजीव गांधी गए, तब वहां एक कॉन्सटेबल था। सोनिया जी कहीं गई, तब वहां सिक्योरिटी नहीं थी। उन्होंने पास्ट के कुछ उदाहरण, वे शायद साथ में भी होंगे, समझाए।

मैं माननीय सदस्य मनीष तिवारी जी से कहना चाहता हूं कि ऐसा कुछ होने की संभावना इसलिए नहीं है, क्योंकि इस बार जो निर्णय किया गया है, उसमें उनको जेड प्लस विद एएसएल दिया है। एएसएल का मतलब है, पहले जाकर कोई स्पॉट का थ्रेट असेसमेंट करेगा, कार्यक्रम का थ्रेट असेसमेंट करेगा और राज्य सरकारों के साथ कोऑर्डिनेट करेगा और राज्य सरकार की सुरक्षा नहीं दी है। आपने उल्लेख किया कि राज्य सरकार के भरोसे छोड़ दिया। सीआरपीएफ सेंट्रल एजेंसी है, पूरे देश भर में विद्यमान है, हर राज्य में विद्यमान है, इसलिए उसका सुरक्षा कवर दिया गया है। वहां पर एम्बुलेंस भी होगी, डॉक्टर भी होंगे, सीआरपीएफ के कमांडो भी होंगे।

मान्यवर, मैं यह पूछना चाहता हूं कि एसपीजी कैसे बनती है? एसपीजी के जो सुरक्षाकर्मी हैं, वे कोई बाहर से नहीं आते हैं, स्वर्ग से नहीं आते हैं। वे सीआरपीएफ के ही कुछ जवान होते हैं, वे बीएसएफ के ही कुछ जवान होते हैं, वे अन्य एजेंसियों के ही कुछ जवान होते हैं। यह स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप बना है, जिसमें अनेक सुरक्षा बलों के जवानों को इकट्ठा कर के एक एजेंसी बनती है। मैंने पहले भी कहा कि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप प्रधान मंत्री जी की न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा, उनकी ऑफिस, उनके कम्युनिकेशन, उनके निवास पर, उनके काम करने की जगह, उनका आरोग्य, इन सारी चीज़ों की चिंता करने के लिए बना है और इसीलिए इसका नाम स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप रखा है।

ये आगे बताते थे कि इसे अब बदला, तब बदला, चार बार बदल हुए। मुझे कहने में कोई झिझक नहीं है रिकॉर्ड पर कि चार बार बदल एक परिवार को ध्यान में रखकर किए गए हैं। पहली बार बदल प्रधान मंत्री जी की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया, वर्ना मैं बताता हूं, अभी इतना शोर-शराबा होता है, सुरक्षा खतरों की समीक्षा के बाद मान्यवर चन्द्रशेखर जी की सुरक्षा ले ली गई। देश भर का कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता कुछ नहीं बोला। श्री चन्द्रशेखर जी बहुत बड़े नेता थे। देश के पूर्व प्रधान मंत्री थे। उनका बहुत बड़ा योगदान था। किसी का भी निवेदन नहीं आया। बाद में नरसिम्हा राव जी की सुरक्षा चली गई। कोई नहीं बोला। किसी ने चिंता व्यक्त नहीं की, क्यों?

वह भी तो पूर्व प्रधान मंत्री थे। उनके परिवार की भी सुरक्षा हटा ली गई। मैं पूरे डिटेल में बताता हूं। श्री आई.के. गुजराल साहब की सुरक्षा थ्रेट असेसमेंट के बाद ली गई, लेकिन कोई नहीं बोला। चिंता किसकी है? वीआईपी की है, देश के नेतृत्व की है या एक परिवार की है? यह बात स्पष्ट करें। …(व्यवधान)

मान्यवर, उसके बाद डॉक्टर मनमोहन सिंह, जो पूर्व प्रधान मंत्री थे, इसी नियम के अंतर्गत उनकी सुरक्षा छीनी नहीं गई, बल्कि बदली गई। ये 'छीन ली गई' शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। तब भी किसी ने हो-हल्ला नहीं किया, क्यों? क्या डॉक्टर मनमोहन सिंह देश के नेता नहीं हैं? पूर्व प्रधान मंत्री नहीं हैं? आपकी पार्टी के ही हैं। नरसिम्हा राव जी भी आपकी ही पार्टी के थे। डॉक्टर मनमोहन सिंह जी भी आपकी पार्टी के हैं। आपने क्यों चिंता व्यक्त नहीं की? चिंता व्यक्त करने के दो मापदंड क्या हैं, यह देश की जनता को समझना चाहिए। ये केवल और केवल एक परिवार की सुरक्षा की चिंता की बात कर रहे हैं। इन्होंने एसपीजी को एक स्टेटस सिम्बल बनाया है, ताकि दिखा सकें कि हम जनता से अलग हैं। जनता से अलग कोई भी नहीं होता, प्रधान मंत्री भी नहीं। चूंकि वह राष्ट्राध्यक्ष के रूप में काम करते हैं, इसलिए उनकी पूरी संचार व्यवस्था को सुरक्षित रखना जरूरी है, उनके कार्यालय को सुरक्षित रखना जरूरी है। उनके विदेश दौरों को सुरक्षित रखना जरूरी है। उनकी आरोग्यता की चिंता भी एक स्पेशल तरीके से करने की जरूरत है। वह जब तक प्रधान मंत्री हैं, उनकी सुरक्षा एसपीजी ग्रुप करता है। जैसा कि हमारे श्री राजीव रंजन जी ने कहा कि पांच साल बढ़ाने की भी जरूरत नहीं है। इतने में ही राजीव रंजन जी इतनी हाय-तौबा मचा रहे हैं, बाद में क्या करेंगे?

महोदय, मैं अभी भी सारे विपक्ष के मित्रों को कहना चाहता हूं कि इससे अगर किसी की सुरक्षा कर्टेल हुई है तो वह श्री नरेन्द्र मोदी जी की हुई है, क्योंकि बाकी सभी लोगों की सुरक्षा तो यह एक्ट बनने से पहले ही हटा दी गई है। जब श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री नहीं रहेंगे, तब छठवें साल उनकी सुरक्षा तुरन्त चली जाएगी। अगर किसी की सुरक्षा जाने वाली है तो वह श्री नरेन्द्र

मोदी जी की जाने वाली है और किसी की नहीं जाने वाली है। पुराने एक्ट के तहत ही बाकी की सुरक्षा हटाई गई है। चन्द्रशेखर जी के दोनों पुत्रों की सुरक्षा एसेसमेंट के बाद हटाई गई, नरसिम्हा राव जी के आठ पारिवारिक सदस्यों की सुरक्षा को थ्रेट असेसमेंट के बाद हटाया गया। आई.के. गुजराल साहब के परिवार के तीन सदस्यों की सुरक्षा को थ्रेट असेसमेंट के बाद हटाया गया। डॉक्टर मनमोहन सिंह जी के परिवार के भी तीन सदस्यों की सुरक्षा को थ्रेट असेसमेंट के बाद हटाया गया। इन सब में से किसी के लिए मैंने एक प्रेस-नोट भी नहीं देखा, किसी के लिए एक स्टेटमेंट भी नहीं देखा, किसी के लिए सदन में चर्चा की मांग भी नहीं की गई। मैं बिल लेकर आने वाला था, सदन में चर्चा भी होने वाली थी, मगर यहां पर पूरा सदन बन्द कर दिया गया - vindictive approach, vindictive approach, vindictive approach.

श्रीमान गौरव गोगोई को मैं अध्यक्ष जी के माध्यम से कहना चाहता हूं कि 'vindictive approach' मेरी पार्टी का संस्कार नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने कई बार 'vindictive approach' से पूरे देश को जेल में डाला। ...(व्यवधान)। यह मेरी पार्टी का संस्कार नहीं है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य**,** जब आपके मनीष तिवारी जी 39 मिनट तक बोले, तब कोई माननीय सदस्य नहीं बोला था। आप भी सुनने का माद्दा रखें। सदन में यह ठीक नहीं है। जब डिबेट होती है, वाद-विवाद होता है, अगर उस समय कोई सदस्य बोलता है, मैं उनको भी टोकता हूं।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH :** Sir, please allow me to make a submission.

**HON. SPEAKER:** No, please.

... (*Interruptions*)

**SHRI KODIKUNNIL SURESH :** Sir, after the Home Minister concludes, please allow me to speak.

**माननीय अध्यक्ष:** आपने भी पॉलिटिकल बात बोली है। आपने भी आरोप लगाए हैं। जब भी किसी माननीय सदस्य ने बोला, तो मैंने उनको चुप करा दिया। माननीय गृह मंत्री जी कृपया बोलें।

…(व्यवधान)

**HON. SPEAKER:** Hon. Sureshji, no.

… (*Interruptions*)

**श्री अमित शाह :** मान्यवर, श्री मनीष तिवारी जी ने चिंता व्यक्त की। मैं इनको आश्वस्त करना चाहता हूं कि एक भी व्यक्ति, एक भी सुरक्षा कर्मी संख्या में वहां से कम नहीं किया गया है। और तो और आपको बता दूं कि संख्या बढ़ाई गई है। मगर, यदि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप चाहिए, क्योंकि वह प्रधान मंत्री पद के लिए होता है। लोकतंत्र में जो फैसले जनता करती है, उसे स्वीकार कीजिए। आपको जनता के फैसले स्वीकारने पड़ेंगे। जहां तक सुरक्षा का सवाल है, तो सिर्फ गांधी परिवार ही नहीं, बल्कि देश के एक-एक नागरिक की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारत सरकार की है। संविधान के अंदर और संविधान के दायरे में पूरे देश के लोगों की जिम्मेदारी, मॉनीटरिंग रोल पर और सीधे तौर पर, जहां-जहां भी भारत सरकार की है, भारत सरकार की ओर से मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा भारत सरकार की है। देश के हर नागरिक की सुरक्षा की मांग ही नहीं, एक परिवार की सुरक्षा की मांग, लेकिन हर नागरिक में वे भी नागरिक हैं, इसलिए मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनकी सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। वर्मा कमीशन की रिपोर्ट को इन्होंने क्वोट किया कि वर्मा कमीशन ने कहा था कि और कोई व्यवस्था किए बगैर एसपीजी कवर उठा लिया, इसलिए यह दुर्घटना हुई। मान्यवर, यह ठीक है और वर्मा कमीशन से हम भी सीखते हैं। इसलिए हमने एडवांस में व्यवस्था कर दी है। उनको जेड प्लस सुरक्षा दे दी है।

वर्मा कमीशन पढ़कर ही दी है कि एडवांस में सुरक्षा दे दो, बाद में एसपीजी विद्ड्रा कर लो। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह जी के पत्र का जवाब नहीं दिया। मैं कहना नहीं चाहता था, सार्वजनिक नहीं करना चाहता था, लेकिन अब उन्होंने ही पोलिटिसाइज़ करने का निर्णय किया है तो मैं क्या कर सकता हूं, मुझे जवाब देना पड़ेगा क्योंकि उन्होंने मुद्दा उठाया है। मनमोहन सिंह जी के पत्र के जवाब का सवाल ही नहीं है, जब मनमोहन सिंह जी की सुरक्षा बदल गयी, तब डायरेक्टर आईबी, जो खुफिया एजेंसी के सर्वोच्च पद पर होते हैं, वे व्यक्तिगत रूप से मनमोहन सिंह जी और उनके परिवार को मिलने गए थे। उन्होंने बताया कि थ्रेट असैसमेंट हुआ है और एसपीजी की अब आपको जरूरत नहीं है। आपको नयी सुरक्षा मिलेगी, जो इस-इस प्रकार से काम करेगी। उनके ऑफिस के साथ मीटिंग की गयी और उसके बाद हेण्डओवर और टेकओवर हुआ। यही प्रक्रिया, जब गांधी परिवार का थ्रेट असैसमेंट हुआ, तब भी अपनायी गयी और डायरेक्टर आई बी ने कहा कि हम मिलने आना चाहते हैं। उन्होंने फोन किया, लेकिन उनको कहा गया कि आपने जो तय किया है, वह कर दीजिए। आपको हमें मिलने की जरूरत नहीं है। अब डायरेक्टर आईबी क्या कर सकते हैं, खुफिया एजेंसी का अध्यक्ष क्या कर सकता है, जब आप उसको मिलने का टाइम ही नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आप कर दीजिए। इसके बावजूद भी उन्होंने एसपीजी के अधिकारियों, सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ जॉइंट मीटिंग की, उनके स्टाफ के साथ मीटिंग की और उसके बाद हेण्डओवर और टेकओवर हुआ। सभी कुछ क्लीयर रहना चाहिए। यह कहना कि कोई कम्यूनिकेशन नहीं है, कोई सिस्टम नहीं है, ऐसा हमारी सरकार में कभी नहीं होता है।

मान्यवर, राजा साहब ने कहा कि सभी पार्टियों को संरक्षण मिलना चाहिए। सभी पार्टियों को सुरक्षा देने की इस सरकार की मंशा भी है और राजा साहब, दे भी रहे हैं। लेकिन सभी पार्टियों को प्रधान मंत्री जी के स्तर की सुरक्षा नहीं दी जा सकती है। वह सिर्फ प्रधान मंत्री जी को दी जा सकती है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई प्रॉब्लम नहीं है। आपने कहा कि थ्रेट असैसमेंट किया गया या नहीं? मैं फिर से रिपीट करना चाहूंगा कि थ्रेट असैसमेंट बहुत अच्छे से किया गया

है । एक बार नहीं, दो बार किया गया है और थ्रेट असैसमेंट में पाया गया कि जेड प्लस, सीआरपीएफ और एएसएल सुरक्षा कवच पर्याप्त है, तभी यह निर्णय लिया गया है।

मान्यवर, सुदीप बन्दोपाध्याय जी ने कहा कि थ्रेट परसैप्शन अभी हो तो रखना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि थ्रेट परसैप्शन एक डायनेमिक प्रोसेस है। वर्ष 1988 में थ्रेट परसैप्शन था तो वर्ष 2019 में भी थ्रेट परसैप्शन रहता है, यह जरूरी नहीं है। भाषण को क्वोट किया गया, जब भूतपूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा जी की जिन सिख आतंकवादियों ने हत्या की, उसको क्वोट किया गया। लेकिन थ्रेट असैसमेंट की जो पद्धति है, उस पद्धति के तहत ही, डायनेमिक थ्रेट असैसमेंट के आधार पर ही इसे बदला गया है। आपने पूछा कि किस सिक्योरिटी एजेंसी ने टेकओवर किया है। मैंने पहले ही कहा है कि सीआरपीएफ, जेड प्लस विद एएसएल कर रहे हैं। आप कह रहे हैं कि सभी मुख्य मंत्रियों को जेड प्लस सुरक्षा मिल रही है। ऐसा नहीं है। मैं आपके माध्यम से सुदीप बन्दोपाध्याय जी को बताना चाहता हूं कि सभी मुख्य मंत्रियों को सीआरपीएफ की जेड प्लस सुरक्षा नहीं दी गयी है। वह थ्रेट असैसमेंट के आधार पर दी जाती है। आपने कहा कि हमारे गवर्नर को दी गयी है। गवर्नर को ही नहीं, मुख्य मंत्री को भी दी गयी है। आपके गवर्नर को दी गई, क्योंकि उनको देने की जरूरत लगी, इसलिए दी गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को यूपी पुलिस होने के बावजूद भी सेंट्रल प्रोटेक्शन लिस्ट में रखा गया है, क्योंकि इस प्रकार की थ्रेट है।

एक्सपर्ट लोगों द्वारा उनको प्रोटेक्शन देना है। इसलिए, ऐसी किसी भी प्रकार की वेन्डेटा वाली भावना से यह नहीं किया गया है। मान्यवर, मैं फिर से यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह जो एसपीजी है, वह सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एनएसजी, इन सारी एजेंसियों से कुछ-कुछ प्रतिशत लेकर इसका एक प्रो-राटा है, जिससे एसपीजी बनती है। ये जो अति सेंसेटिव प्रोटेक्टी हैं, उनके लिए एसपीजी से उनकी मदर आर्गेनाइज़ेशन में जो लोग वापस आते हैं, उनको ही सेलेक्ट करके उनके घरों में रखा जाता है, जिन्होंने एसपीजी की ट्रेनिंग पाई है, ताकि उनकी सुरक्षा ठीक ढंग से हो सके। अगर मेरे आफिस में चार लोग चाय पीने के लिए आए होते, तो भी मैं

वहीं बता देता, इतने जोर-जोर से बोलने की जरूरत भी नहीं पड़ती। आप आ जाते, इसमें क्या है, मैं आपको बता देता।

सुदीप जी ने वीवीआईपी कल्चर की बात की है। सुदीप जी, माफ करिएगा, मगर मैं साक्ष्यों, रिपोर्टों और रिकार्ड्स के आधार पर मानता हूं कि बंगाल के अंदर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा की जरूरत है। इसीलिए, उनको सुरक्षा दी गई है और कोई कारण नहीं है। इसमें कोई पॉलिटिक्स नहीं है।...(व्यवधान) गोगोई जी, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का जिक्र किया था, इसलिए मैंने बताया है। वहां कम्यूनिस्ट पार्टी के लोगों को भी है, आपके अधीर रंजन चौधरी जी को भी है और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं को भी सुरक्षा दी गई है।...(व्यवधान) एकदम खड़े नहीं होते हैं। आपको पहले उनको सुनना चाहिए था।...(व्यवधान)

मान्यवर, एन. के. प्रेमचन्द्रन जी ने कहा है कि यह निर्णय वैन्डेटा के आधार पर ही लिया गया है। प्रेमचन्द्रन जी, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी सरकार सुरक्षा के निर्णय कभी-भी वैन्डेटा के आधार पर नहीं ले सकती है। यह निर्णय प्योरली प्रोफेशनल थ्रेट असेसमेंट के आधार पर लिया गया है। उनके लिए जो सुरक्षा उपयुक्त है, वह दे दी गई है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**श्री अमित शाह :** मान्यवर, कुछ सदस्यों ने सवाल उठाया है कि इससे एसपीजी कैसे कांप्रोमाइज़ होती है। मैं उसमें बहुत ज्यादा नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन यहां पर जिन तीन प्रोटेक्टी की ज्यादातर चिंता की गई है, बाकी किसी की भी चिंता नहीं की गई है, तीन प्रोटेक्टी की ही चिंता की गई है। वे कुल मिलाकर लगभग 600 बार बिना कोई सूचना दिए अपने कार्यक्रमों में चले गए हैं।...(व्यवधान) अधीर रंजन जी, आपको सुनना पड़ेगा, ऐसे नहीं चलेगा। अधीर रंजन जी, मैं नाम

के साथ बोलूं। ठीक है, आपने कहा है, तो मैं नाम के साथ बोलता हूं। श्रीमती सोनिया गांधी वर्ष 2015 से अभी तक 50 से भी ज्यादा अवसरों में दिल्ली सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था को जानकारी दिए बिना चली गई हैं। उन्होंने ऐसी 13 अनिर्धारित यात्राएं की हैं, जिसमें एसपीजी बुलेट प्रतिरोधी कार का भी उपयोग नहीं किया है। वर्ष 2015 के बाद 24 विदेश यात्राओं में एसपीजी के अधिकारियों को न ही सूचना दी है और न ही अपने साथ में रखा है।

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने वर्ष 2015 से अब तक 339 अवसरों पर एसपीजी को सूचना दिए बगैर यात्रा की है।…(व्यवधान) 64 अवसरों पर देश की अन्य जगहों पर…(व्यवधान) इन्होंने कहा है कि बताइए। मैं तो गार्डेडली बोल रहा हूं। मान्यवर, कांग्रेस पार्टी के नेता ने पढ़ने के लिए कहा है, इसलिए मैं जोर से पढ़ रहा हूं। श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा 64 अवसरों पर देश के अन्य स्थानों पर बिना एसपीजी के बी.आर. कार के की गई हैं। वह वर्ष 1991 के बाद 99 विदेश यात्रओं पर गई हैं। उन्होंने 21 अवसरों पर ही सुरक्षा कवच लिया है और 78 अवसरों पर कभी-भी सुरक्षा कवच नहीं लिया है। मान्यवर, श्रीमान् राहुल गांधी जी, वर्ष 2005 से वर्ष 2014 तक 18 अवसरों पर देश के विभिन्न हिस्सों में एसपीजी की बीपी प्रतिरोधी कार बगैर गए हैं। वर्ष 2015 के बाद 1892 अवसरों पर दिल्ली में, मैं इस बात को फिर से रिपीट करता हूं कि 1892 अवसरों पर और 247 अवसरों पर बाहर की यात्राएं एसपीजी की सुरक्षा कवच के बिना ही की हैं।

**17.00 hrs**

मान्यवर, ये कह रहे हैं, मैं तो बोलना नहीं चाह रहा था। …(व्यवधान) सुरक्षा के बारे में नहीं बताना चाहता था। मुझे रॉन्ग बॉक्स में रख रहे हैं, जैसे मैं झूठ बोल रहा हूँ तो मुझे सत्य सदन के पटल पर रखना पड़ा। …(व्यवधान) मान्यवर, ये कह रहे हैं कि एसपीजी कैसे कॉम्प्रोमाइज हो जाएगी। …(व्यवधान) एसपीजी के प्रोटेक्टी को सुरक्षा के बगैर जाने की आदत नहीं डालनी चाहिए। बाद में प्रधान मंत्री की सुरक्षा भी कॉम्प्रोमाइज़ होगी। अगर हमें सुरक्षा है, हमें दी गई है तो

ऐसा क्या गोपनीय करना है कि सुरक्षा को घर पर ला कर रखना है। ...(व्यवधान) हम तो कभी नहीं जाते हैं। हमेशा साथ में होते हैं। श्रीमान् राजनाथ सिंह जी यहां पर बैठे हैं। कई सालों से काले कपड़े वाले उनको टॉयलेट तक छोड़ कर आते हैं, मगर वे कभी कुछ नहीं बोलते हैं। ...(व्यवधान) वे रहते हैं। जब सुरक्षा मिली है तो उसको साथ में क्यों नहीं रखा जाए? सभी प्रोटैक्टी को मेरा तो अनुरोध है और आज भी इन तीनों महानुभावों को अनुरोध है कि सीआरपीएफ को साथ में रखिए, आपके प्रोटैक्शन के लिए वह बहुत जरूरी है और सबको साथ में रखना चाहिए, पर्याप्त समय वाली सूचना भी देनी चाहिए। मान्यवर, कुछ प्रोटैक्टी ऐसे होते हैं, मैं नाम नहीं लेना चाहता हूँ, फिर से मत दिलवाना, सौ-सौ किलोमीटर की स्पीड से दिल्ली लुटियन में महंगी मोटरसाइकल पर घूमते हैं। वे सुरक्षा की गाड़ियां बेचारी पीछे की पीछे रह जाती हैं, धरी की धरी रह जाती हैं। अब ये सारी चीजें, मान्यवर मैं कहां अधिकृत रूप से कहूंगा, हमारा इसके पीछे आशय इतना ही है कि सरकार किसी विंडिक्टिव एप्रोच से कुछ करना नहीं चाहती है।

मान्यवर, जब हम सार्वजनिक जीवन में आते हैं, तो सार्वजनिक जीवन की शुचिताओं को स्वीकार करना चाहिए। मैं हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का उदाहरण देना चाहता हूँ। 20 साल से ज्यादा समय से उनके पास सुरक्षा कवच है। मगर आज भी एक भी बार सुरक्षा कवच का फाउल नहीं आया है। गौरव भाई, मैं आपकी बात का भी जवाब देता हूँ। मान्यवर, उन्होंने अपने जीवन में बड़े और कड़े मापदंड एस्टैब्लिश करने का काम किया है। वे आज प्रधान मंत्री जी हैं। प्रधान मंत्री जी के लिए नियम बने हैं, एक प्रोटोकॉल बना है। विदेश में जाते हैं, 20 प्रतिशत से कम स्टाफ विदेश ले जाने की शुरूआत हमारे प्रधान मंत्री जी ने की है। पहले प्रधान मंत्री जाते थे, तो कहीं पैट्रोल डलवाने के लिए जो टैक्नीकल हॉल्ट लेने पड़ते थे तो पूरी रात होटल बुक होता था। नरेन्द्र भाई अभी ब्राजील गए थे, तब टैक्नीकल हॉल्ट में देश के खर्चे से होटल किए बगैर, एयरपोर्ट पर रहे, वहीं स्नान करते हैं और पैट्रोल डलवा कर आगे के लिए निकल जाते हैं। …(व्यवधान) इनके पास जो स्टाफ जाता है, उनके सबके लिए अलग-अलग गाड़ियों की व्यवस्था थी। मगर प्रधान मंत्री जी ने एक मापदंड खड़ा किया। किसी को पालन करना न करना, वह उसके मुंसफी पर है। मगर उन्होंने कहा था कि जितना भी स्टाफ है, वह एक गाड़ी में चार-पांच लोग जाएंगे, या कोई बस में जाएंगे, हरेक के लिए अलग गाड़ी बंद करा दी।

मान्यवर, इस प्रकार के कठोर सार्वजनिक जीवन के नॉर्म्स को प्रधान मंत्री बनने के बाद भी पालन करने वाला नेतृत्व आज देश को मिला है। …(व्यवधान) दूसरी ओर सिक्योरिटी कवर को स्टेट्स सिंबल बना कर अगर हम आज भी प्रधान मंत्री जी की सिक्योरिटी इंजॉय कर रहे हैं, ऐसे रसास्वाद से आह्लादित रहना चाहते हैं, तो मुझे लगता है कि इसमें से सीखना चाहिए। गौरव भाई ने कहा कि एसपीजी के नियमों का उल्लंघन किया। वह जो प्लेन ले कर गए थे, उसकी पूरी चैकिंग एसपीजी ने कर ली थी। अंदर एसपीजी की सिक्योरिटी का एक व्यक्ति भी था। जो बोट वहां पर उतरी वहां पर भी सिक्योरिटी के ऑफिसर्स थे। उसमें नियमों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। विशिष्ट परमिशन के आधार पर किया है। माननीय सदस्य गौरव गोगोई साहब को मैं कहना चाहता

हूँ कि प्रधान मंत्री जी ने देश के टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए स्वयं रिस्क लिया था। रात को दो बजे मोटर साइकिल घुमा कर आनंद लेने के लिए एसपीजी के कवर को नहीं तोड़ा। मान्यवर इन दोनों में अंतर है। कितना बड़ा वहां रिवर फ्रंट बना है, उसको टूरिज्म की दृष्टि से वॉटर स्पोर्ट्स की दृष्टि से डेवल्प करने के लिए उन्हांने स्वयं यह रिस्क लिया था।

कोई रात को ठंडी हवा का आनंद लेने के लिए 100-150 किलोमीटर की स्पीड से मोटर साइकिल चलाने के लिए नहीं लिया है। मैं इतना ही कहना चाहता हूँ कि इस पूरे मसले को देश गम्भीरता से देख रहा है इसलिए मुझे ये सारी स्पष्टता करनी पड़ी। वरना मुझे तो आशा थी कि इस बिल पर कोई चर्चा नहीं होगी। This is regarding security of the Prime Minister, तुरंत पारित हो जाएगा। पक्ष-विपक्ष का कोई भाषण नहीं होगा। मुझे भी नहीं करना चाहिए था। मगर सदन के अंदर जब भाषण हुए तो जवाब देना मेरा कर्त्तव्य भी है, दायित्व भी है। जनता के अंदर एकतरफा बात नहीं जानी चाहिए। जनता के सामने सत्य जाना चाहिए, कोई पॉलिटिकल वेनडेटा नहीं है। इस एक्ट से गांधी परिवार के सदस्यों की एक भी सिक्योरिटी विदड्रॉ नहीं हुई है। पुराने एक्ट से उनकी सिक्योरिटी बदली गई है, यह भी भ्रांति है कि इनको सिक्योरिटी बगैर वैसे ही छोड़ दी गई है। देश में प्रधान मंत्री के अलावा जो सिक्योरिटी उपलब्ध है, वह हाइऐस्ट सिक्योरिटी तीनों जेड प्लस विद एएसएल एंड एम्बुलेंस, पूरी कंट्री में तीनों सदस्यों को दी गई है। मगर प्रधान मंत्री के लिए जो विशेष कार्य बल बना है, वही सिक्योरिटी मुझे चाहिए, तो मेरा स्पष्ट मानना है कि प्रधान मंत्री जी की सिक्योरिटी को कम्प्रोमाइज नहीं करना चाहिए। एक पद के लिए, एक ऑफिस के लिए और उनके कम्युनिकेशन, उनका आरोग्य और उनके निवास पर जो ऑफिस होता है, उसकी सुरक्षा के लिए है। वह देश के हित में है, क्योंकि वह हमारे कार्याध्यक्ष हैं, हमारे एडमिनिस्ट्रेशन के हैड हैं। मुझे लगता है कि इसमें अब शायद कांग्रेस समर्थन करे। सब लोग इसके समर्थन में अपना मत व्यक्त करके इस बिल को पारित करें। यही निवेदन करके मैं अपनी बात को समाप्त करता हूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री अधीर रंजन चौधरी।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सुरक्षा के लिए जितने भी कदम लिए जाएं, हम सब उसका जरूर समर्थन करेंगे, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन आपका जो भाषण है, उस भाषण में यह स्पष्ट हो गया है कि एक राजैतिक प्रतिशोध और बदले का मंजर हम लोग देख रहे हैं ।...(व्यवधान) बता रहे हैं । देखिए, एक तरफ आप कह रहे हैं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बिल के अंदर कोई विशेष हो तो बोलिए।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, मुझे बोलने दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** बोलना नहीं है। बोलने का आपका नंबर सब सदस्यों ने ले लिया है।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, प्लीज।

**श्री अमित शाह :** मान्यवर, मेरा एक टेक्निकल ऑब्जेक्शन है। इसमें बिल की कोई धारा पर आपत्ति हो या स्पष्टता हो तो मांग सकते हैं। मेरे जवाब के बाद पॉलिटिकल आंसर नहीं हो सकता। वरना यह बाद में मुझे भी देना पड़ेगा। यह कब तक चलता रहेगा। मान्यवर, मैं सदन की परम्परा बता रहा हूँ।…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** परिवार के ऊपर हमला कर रहे हैं।…(व्यवधान) उस परिवार ने हिन्दुस्तान के लिए दो-दो जानें गवाई हैं। आप उस परिवार पर लांछन कर रहे हैं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

> "कि विशेष संरक्षा ग्रुप अधिनियम, 1988, का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

…(व्यवधान)

**17.08 hrs**

*(At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Dr. Thamizhachi Thangapandian and some other hon. Members left the House.)*

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

…(व्यवधान)

**Clause 2** ***Amendment of Section 4***

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 1 और 2 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**प्रो. सौगत राय :** सर, मैंने तो भाषण दिया नहीं। मुझे दो क्लॉज के बारे में क्लेरिफिकेशन चाहिए। आप मुझे समय दीजिए। यहाँ पर लिखा है कि जो प्रधान मंत्री की फैमिली के लोग ऑफिशियल रेजिडेंस में रहेंगे।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको मूव करना है या नहीं करना है? यह बता दीजिए।

**प्रो. सौगत राय :** सर, मुझे अमेंडमेंट्स मूव करने हैं।

Sir, I beg to move:

Page 2, line 17, -

*after* "official residence"

*insert* "and his parents residing anywhere in the country". (1)

Page 2, line 10, -

*for* "period of five years"

*substitute* "period of ten years or based on the level of threat as assessed by the Central Government from time to time". (2)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 1 और 2 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

*<u>संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए</u>*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री के. सुधाकरन– उपस्थित नहीं।

श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 4 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Sir, I am moving my Amendment no.4 to clause 2 of the Bill.

Page 2, *after* line 7, –

*insert* "(*aa*) the members of immediate family of former Prime Minister who was assassinated by militant organisation;". (4)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 4 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

*<u>संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।</u>*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री गौरव गोगोई – उपस्थित नहीं।

श्री कोडिकुन्निल सुरेश – उपस्थित नहीं।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री जसबीर सिंह गिल जी, क्या आप संशोधन संख्या 11 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI JASBIR SINGH GILL (KHADOOR SAHIB):** Sir, I beg to move:

Page 2, line 16,--

*after* "former Prime Minister"

*insert* "Provided that the family members of the former Prime Minister, who dies in militant or terrorist attack, shall be provided proximate security:

Provided also that the former Prime Ministers, who have been Prime Minister of India for two full terms shall be given proximate security cover.". (11)

**माननीय अध्यक्ष**: अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 11 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष**: श्री बैन्नी बेहनन - उपस्थित नहीं।

श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 13 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN :** Sir, I beg to move:

Page 2, *after* line 16,--

*insert* “(iii) clause (b) sub-section (1A) shall not be applicable to the members of immediate family of former Prime Minister who was assassinated by militant organization.”. (13)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 13 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

माननीय अध्यक्ष**:** प्रश्न यह है:

“कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।”

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

*खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।*

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

**श्री अमित शाह:** मैं प्रस्ताव करता हूं:

“कि विधेयक पारित किया जाए।”

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

“कि विधेयक पारित किया जाए।”

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

___

**17.42 hrs**

**DADRA AND NAGAR HAVELI AND DAMAN AND DIU (MERGER OF UNION TERRITORIES) BILL, 2019**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी):** श्री अमित शाह की ओर से मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्रों के विलयन और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए।"

अध्यक्ष जी, ये दो यू.टीज़. जनसंख्या में बहुत छोटे हैं। दोनों को मिलाकर वहां 5,80,000 जनता है। इन दोनों यू.टीज़. में अधिकारीगण भी तीन दिनों के लिए एक जगह रहते हैं और दो दिनों के लिए दूसरी जगह रहते हैं। अधिकारी भी रेगुलर बैठते नहीं हैं। इसके कारण वहां का एडमिनिस्ट्रेशन जनता की सेवा ठीक तरह से नहीं कर पा रहा है। इसके साथ-साथ प्रशासनिक कुशलता को बढ़ाने के लिए, गवर्नमेंट वर्कर्स की प्रोफिशिएंसी बढ़ाने के लिए हमने दोनों यू.टीज़. को एक करने का निर्णय लिया है। जनता की अच्छी तरह से सेवा करने, एडमिनिस्ट्रेटिव कन्वीनिएंट और स्पीडी डेवलपमेंट के लिए यह किया गया है। जो दो छोटे-छोटे यू.टीज़. हैं, उन्हें मिलाकर हमारी सरकार एक करना चाहती है और उनका अच्छी तरह से डेवलपमेंट करना चाहती है।

दादरा और नागर हवेली की पॉपुलेशन 3.43 लाख है तथा दमण और दीव की पॉपुलेशन 2.43 लाख है। दोनों को मिलाकर करीब 5,80,000 की जनता है। इन दोनों यू.टीज़. को मिलाकर एक यू.टी. करके हम आने वाले दिनों में काम करना चाहते हैं। कम पॉपुलेशन होने के कारण वहां का एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेंडिचर कम करने के लिए हम यह काम करना चाहते हैं।

आप सब लोगों को मालूम है कि हम वहां आने वाले दिनों में एडमिनिस्ट्रेटिव सुविधाएं देना चाहते हैं। दमण में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार, तीन दिन अधिकारी मिलते हैं और हफ्ते में बाकी दिन दूसरी जगह दादरा और नागर हवेली में जाते हैं। मंगलवार और गुरुवार को दादरा और नागर हवेली में अधिकारी बैठते हैं। इसके कारण वहां एडमिनिस्ट्रेटर नहीं रहते हैं। एडवाइजर ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर भी नहीं रहते हैं। वहां फाइनैंस सेक्रेटरी भी नहीं रहते हैं। हेल्थ सेक्रेटरी, लॉ सेक्रेटरी भी नहीं रहते हैं। इस तरह सभी सेक्रेटरीज अलग-अलग जगहों पर तीन दिनों के लिए और दो दिनों के लिए बैठते हैं। इसके साथ-साथ गुजराती और मराठी भाषा में ज्यादा बोलने वाले लोग दो जगहों पर हैं। इससे पहले इसकी हिस्ट्री भी देखनी चाहिए। ये पुर्तगालियों के अन्डर थे। फिर पुर्तगालियों से गोवा को आज़ादी मिली।

उसके बारे में मैं डिटेल में बताऊंगा। वहां गोवा के लेफ्टिनेंट जनरल के नीचे दो यू.टी स्टेट्स थे। अभी भी हम मानते हैं कि गोवा के लेफ्टिनेंट जनरल का एक्स-ऑफिसियो एडमिनिस्ट्रेटर ने वर्ष 1962 से लेकर वर्ष 1987 तक काम किया। मैं इस सदन से यही उम्मीद करता हूं और आप लोग भी अच्छे एडमिनिस्ट्रेशन के लिए इन दोनों यू.टीज़ को मिलाकर एक यू.टी. बनाना चाहते हैं। हम वहां अच्छा एडमिनिस्ट्रेशन देना चाहते हैं। सेन्ट्रल गवर्नमेंट की जो स्कीम्स हैं, उन स्कीम्स को भी हम वहां अच्छी तरह से लागू करना चाहते हैं। इसके लिए हमारी सरकार ने यह कदम उठाया है। इस बारे में मैं आप लोगों को बताना चाहता हूं कि Daman and Diu were liberated from Portugese rule by the Indian forces in December 1961. From 1961 to 1987 Daman and Diu were part of the Union Territory of Goa, Daman and Diu. When Goa became a State in 1987, Daman and Diu were made separate Union Territories. गोवा को जब सेपरेट स्टेट का दर्जा दिया गया, तो वहां दो यू.टीज़ स्टेट्स बने थे। Lt. Governor of Goa, Daman and Diu was also ex-officio Administrator of Dadra and Nagar Haveli from 1962 to 1977. अभी इन ऑफिसर्स

का दो जगहों पर रहने के कारण ठीक तरह से डेवलपमेंट का काम नहीं हो रहा है। हमारी सरकार वहां पूरा डेवलपमेंट करना चाहती है। इसके लिए वहां की जनता भी बहुत सालों से चर्चा कर रही है। उनकी बहुत दिनों से डिमांड है कि दो यू.टीज़ को मिलाकर एक बनाना चाहिए। अगर दोनों यू.टीज़ को मिलाकर एक बनाया जाए, तो ठीक तरह से एडमिनिस्ट्रेशन का काम होगा। यह वहां की जनता की डिमांड है। जनता की इस डिमांड को देखते हुए, हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि इन दो यू.टीज़ को मिलाकर एक बनाया जाए। इसके लिए मैं सभी सांसदों से अनुरोध करना चाहता हूं कि आप लोग यूनैनमस्ली इसको पास कीजिए, क्योंकि यह एक छोटा विषय है।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> " कि दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्रों के विलयन और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए"

**श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली):** अध्यक्ष महोदय, मैं दादरा और नागर हवेली का प्रतिनिधित्व करता हूं। जैसा यहां मंत्री महोदय ने बताया कि अच्छे के लिए आप यह काम करने जा रहे हैं। मैं भी समझता हूं कि आदरणीय मोदी जी की सरकार हमारे दोनों प्रदेशों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह कदम उठा रही है। दोनों प्रदेशों के लोगों का अच्छी तरह से विकास हो, इस दिशा में हमारे गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी कुछ कदम उठाएंगे। इसको मैं मान सकता हूं।

महोदय, सरकार की तरफ से जो यह बिल लाया गया है, वह दादरा नागर हवेली और दमन दीव को एक यू.टी. करने के लिए है। इस बिल का मैं समर्थन करता हूं। वैसे तो दादरा नागर हवेली और दमन दीव के लोग काफी सालों से एक मधुर संबंध से बंधे हैं। चाहे प्रसंग कैसा भी हो, अच्छा प्रसंग हो, खुशी का प्रसंग हो, तब भी हम उनके यहां जाते हैं। हमारे लोग वहां जाते हैं, उनके किसी भी प्रसंग में शामिल होते हैं और उनको सहयोग करते हैं। उसी प्रकार से अगर दुख का प्रसंग हो, तो उसमें भी वहां के लोग हमारे यहां आते हैं, हमारे परिवार से मिलते हैं और हमारे परिवार के लोग भी उनके यहां जाते हैं। इस प्रकार से हमारा जो संबंध है, वह बहुत पुराना है, बहुत मधुर है। मैं यह समझता हूं कि आदरणीय गृह मंत्री जी ने जो फैसला किया है, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। आपने इन दोनों प्रदेशों के लोगों को एक छत के नीचे लाकर खड़ा कर दिया है। हमारे दो घर थे, आपने उन दोनों घरों को एक घर बना दिया। मैं समझता हूं कि उससे हमारा घर ज्यादा मजबूत होगा और उसकी आवाज भी ज्यादा मजबूत होगी। महोदय, मैं दादरा नागर हवेली से बिलाँग करता हूं। दादरा नागर हवेली के इतिहास के बारे में मैं दो-तीन लाइन बताना चाहता हूं। जैसा मंत्री महोदय ने बताया है, वह बिल्कुल सही है कि we were under Portugal rule. वर्ष 1954 में दादरा नागर हवेली मुक्त हुआ और यह वर्ष 1954 से वर्ष 1961 तक एक स्वतंत्र देश की तरह रहा।

हम भारत के साथ जुड़े हुए नहीं थे। वहां की पंचायत का नाम वरिष्ठ पंचायत था। उसी वरिष्ठ पंचायत ने वहां शासन किया। हम गुजरात के शासन के आभारी हैं, क्योंकि गुजरात के शासन के अधिकारी हमें सहयोग करने आते थे। वर्ष 1954 से 1961 तक यह एक अलग देश बन कर रहा। वर्ष 1961 में दादरा और नागर हवेली भारत के साथ मर्ज हुआ। उस समय एक आईएएस आफिसर मिस्टर बदलानी थे, उनको दादरा और नागर हवेली का एक दिन का प्रधान मंत्री बनाया गया। वह दादरा और नागर हवेली का प्रधान मंत्री अपने डेलीगेशन के साथ यहां दिल्ली आया और उसकी भारत सरकार के साथ बैठक हुई। भारत सरकार के प्रधान मंत्री और दादरा और नागर हवेली के प्रधान मंत्री के बीच में एग्रीमेंट हुआ, करार हुआ और उसी करार के तहत दादरा और नागर हवेली वर्ष 1961 में भारत का हिस्सा बन गया, भारत के साथ मर्ज हो गया। यह हमारी हिस्ट्री है।

मैं यह भी बताना चाहता हूं कि दादरा और नागर हवेली एक आदिवासी क्षेत्र है। शुरू में यह 70 पर्सेंट आदिवासी था। आहिस्ता-आहिस्ता अब आदिवासियों की संख्या 55 पर्सेंट रह गई है। हमारी यहां की संस्कृति, परम्परा उसी समय से चली आ रही है। भारत सरकार का मैं आभारी हूं कि भारत सरकार ने उसी समय से हमारे आदिवासियों को आरक्षण देने का काम किया, चाहे वह नौकरियों में आरक्षण हो और हमारी जो लोक सभा की सीट है, उसमें भी हमें आरक्षण है। हमारी सीट आरक्षित है। मैं भारत सरकार का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने हमें सारी सुविधाएं दीं। बीच में भी भारत सरकार की तरफ से ऐसे एनाउंसमेंट हुए, जिनका उद्देश्य यह था कि उस क्षेत्र का विकास हो, रोजगार बढ़े, प्रगति हो, लोग आगे आएं। यह उनका उद्देश्य था, उनकी इच्छाशक्ति थी, जिसकी वजह से वहां पर हमें काफी इनसेंटिव्स मिले। वहां उद्योग आए और आज ऐसी स्थिति है कि वहां काफी अच्छी संख्या में उद्योग हैं, रोजगार हैं। रोजगार की कमी भी है, लेकिन रोजगार भी है, विकास भी हुआ है, हम काफी आगे बढ़े हैं।

मेरी भारत सरकार से, खास कर आदरणीय गृह मंत्री जी से यह विनती है और मैं आपका आभार भी व्यक्त करना चाहता हूं कि इस बिल में आपने कुछ ज्यादा बदलाव नहीं किया है। आपने दोनों लोक सभा की सीटें रखी हैं। मेरी आपसे गुजारिश है कि आदिवासियों को जो आरक्षण मिला हुआ है, वह बरकरार रहे, उसमें कोई बदलाव न हो। मैं आपसे यह विनती करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वहां की हमारी परम्परा और संस्कृति बनी रहे।

इसके साथ-साथ मैं दमन और दीव के लोगों के बारे में भी दो शब्द कहना चाहता हूं। यह बात सही है कि हमारी भाषा एक है, कल्चर एक है। हमारे लिए खुशी की बात है कि प्रधान मंत्री जी भी गुजरात से आते हैं, आदरणीय गृह मंत्री जी भी गुजरात से आते हैं। हम गुजरात के बिल्कुल पड़ोस में हैं। हमारी भाषा भी गुजराती है। मैं समझ सकता हूं कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी, आदरणीय गृह मंत्री जी की यह इच्छाशक्ति रही होगी और यह उद्देश्य रहा होगा कि इन दोनों प्रदेशों का हम उज्ज्वल भविष्य बनाएंगे। इसी इच्छाशक्ति से आपने यह निर्णय लिया है।

दमन और दीव के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि दमन और दीव के लोग भी अच्छे लोग हैं। जैसा मैंने बताया कि काफी समय से हमारे अच्छे सम्बन्ध हैं। दमन और दीव के लोगों की जो परम्परा है, संस्कृति है, वह भी बनी रहे। वहां जो भी सहूलियतें दी हैं, जो भी इंसेटिव दमन और दीव के लोगों को दिया है, वह भी बरकरार रहे, कन्टीन्यू रहे, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं। अंत में, मेरी एक बहुत अहम विनती है, गुजारिश है। हमारे लोगों की मांग है कि अब तो दोनों यूनियन टेरेटरीज एक समान हो गईं। दो टेरेटरी से एक टेरेटरी हो गई। हमारी पॉपुलेशन बढ़ गई और हमारा एरिया भी बढ़ गया।

हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, भारत सरकार के लिए भी बहुत अच्छी बात है। दोनों टेरिटरीज मिलकर हर साल पांच हजार करोड़ का रेवन्यू भारत सरकार को देती हैं। हमारी रेवन्यू की आय बहुत स्ट्रांग है। इसे देखकर दोनों प्रदेशों के लोगों ने एक मांग रखी है कि दोनों टेरिटरीज

को विधान सभा दी जाए। हम कोई बड़ी विधान सभा की बात नहीं करते हैं। पांडिचेरी को विधान सभा मिली है। उसी तर्ज पर दोनों प्रदेशों के लिए विधान सभा का गठन हो। हमें विधान सभा मिले, मैं यह गुजारिश करना चाहता हूं। मैं रिकार्ड पर लाना चाहता हूं, सन 2014 से हमारी मांग जायज है, इसका प्रमाण है। सन 2014 में होम मिनिस्ट्री की स्टैन्डिंग कमेटी बनी थी। आज के आदरणीय पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू जी उस कमेटी के अध्यक्ष थे, उनकी अध्यक्षता में यह कमेटी बनी थी। कमेटी ने दादरा और नागर हवेली का दौरा किया था। उस दौरे का एजेंडा था, कमेटी ने रिकमंड किया, फरवरी, 2014 में यह रिपोर्ट राज्य सभा के टेबल पर ले भी हुई, यह 108वीं रिपोर्ट थी। उस कमेटी ने 2014 में रिकमंड किया था, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं "The Committee find merit in the popular demand for creation of an Assembly for the UTs and desired that the Government of India may look into this matter on the line of Puducherry." यह रिपोर्ट राज्य सभा में भी ले हुआ है। कमेटी ने रिकमंड इस बात पर किया कि इसमें बिल्कुल मेरिट है। उस कमेटी ने दोनों टेरिटरीज को विधान सभा दिए जाने की सिफारिश की थी।

आखिर में, देश के आदरणीय प्रधान मंत्री और माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मेरी विनती है कि हमारे लोगों की जो मांग है, भविष्य में असेम्बली देने की जो मांग है, उसे स्वीकार करें। इस बारे में भविष्य में सरकार सोचेगी। मैं माननीय गृह मंत्री जी से गुजारिश करता हूं कि जैसा आपने कहा कि इसमें कोई बदलाव नहीं है, आपने दो लोक सभा क्षेत्र रखे हैं, आदिवासियों के लिए जो आरक्षण रखा है वह कन्टीन्यू रहे, यह मैं गुजारिश करता हूं। दोनों टेरिटरीज को एक करने के इस अह्म बिल पर बोलने का आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपको दिल से धन्यवाद करता हूं और भारत सरकार को बधाई देता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** आप दोनों माननीय सदस्यों का विलय हो गया।

**श्री लालूभाई बी. पटेल (दमन और दीव):** माननीय अध्यक्ष जी, मुझे इस बिल पर बोलने का अवसर देने के लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं इस बिल का स्वागत करता हूं क्योंकि इसके कारण एक समानता आएगी। हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास कार्यक्रम को और सक्षम बनाएगी। बिल में सभी क्षेत्रों के दोहरे कार्यों में कमी के कारण बहुत हद तक पैसे की बचत भी होगी। मैं विश्वास दिलाता हूं कि यह अंतर काफी बड़ा होगा। इस बिल में सामान्य प्रशासनिक सुविधाओं का प्रस्ताव है। सभी संबंधित अधिकारी पूरे सप्ताह पांच दिन के लिए एक ही कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। यह जनता और हमारे लिए अच्छा रहेगा। माननीय मंत्री जी ने दादरा और नागर हवेल और दमन-दीव के बारे में सारी डिटेल बता दी है। माननीय प्रधान मंत्री जी का एक और दृष्टिकोण 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' भी पूरा होगा।

इसके पुनर्गठन से ग्रुप बी (नॉन गैजेटेड) और ग्रुप सी कर्मचारियों को उनके अपने संघ प्रदेश में ही रहने दिया जाए, उनकी ट्रांसफर न की जाए। विलय के बाद इन दोनों ग्रुप्स में जो भी नौकरी निकले, इसी संघ प्रदेश में ही मिलनी चाहिए। हमारे प्रदेश में डेली वेज़ेज़ और कांट्रेक्ट बेसिस पर काम करने वाले कर्मचारियों को रैगुलर करना चाहिए क्योंकि ये कई सालों से काम कर रहे हैं। हमारे प्रदेश के पढ़े लिखे भाई बहनों को दूसरे राज्य में नौकरी नहीं मिलती है इसलिए मेरी मांग है कि पढ़े लिखे भाई बहनों को दादरा और नागर हवेली और दमन-दीव में ही नौकरी मिले।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार दादरा और नागर हवेली में 3.43 लाख और दमन-दीव में 2.43 लाख जनसंख्या है। यह खुशी की बात है कि दादरा और नागर हवेली और दमन-दीव में दो सांसदों का प्रावधान किया गया है। मैं इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री, माननीय अमित भाई और सरकार को बहुत धन्यवाद देता हूं। जब दोनों प्रदेशों का विलय हो जाएगा तो इंडस्ट्री बढ़ेगी। इस क्षेत्र में सभी प्रकार के उद्योग और व्यवसाय होंगे। विलय किए गए संघ प्रदेश का कुल क्षेत्र 603 वर्ग किलोमीटर होगा। इससे पर्यटन और बढ़ेगा। दमन में समुद्र, नदियां, फोरस्ट है, यह विकास के

लिए महत्वपूर्ण है। दमन को सीआरजेड 2 और दीव को आईलैण्ड घोषित किया जाए। दमन से सिलवासा 35 किलोमीटर और दीव से सिलवासा 700 किलोमीटर दूर है, इसलिए इसे आईलैण्ड घोषित किया जाए। दोनों प्रदेशों में दमन और दीव में एयरपोर्ट है, इसे बढ़ाया जाए ताकि फ्लाइट से जा सकें। अभी हैलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई है। मैं आशा करता हूं कि कटामरन सर्विस मुम्बई, सूरत, दीव, दमन से चालू की जाएगी, इससे टूरिज्म और बढ़ेगा।

यह बिल कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं करता है जिसमें किसी एक सचिवालय के बंद होने का उल्लेख है। मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान इस मुद्दे की तरफ दिलाना चाहता हूं कि विलय के बाद पूरे संघ प्रदेश में दमन जिला, ग्राम पंचायत, पंचायत तथा सरपंच के अधिकारों को छीना गया है, इसे वापिस दिया जाए। दीव, दादरा और नागर हवेली में अधिकार यथावत हैं, सिर्फ दमन में सरपंच की कोई पावर नहीं है। उसे पावर दी जाए क्योंकि उसे गांवों में विकास के कार्य को आगे बढ़ाना है।

दमन में म्युनिसिपल एरिया और ग्रामीण स्तर पर एफएसआई अलग है। म्युनिसिपल एरिया में एफएसआई है, वही एफएसआई पंचायत एरिया में होनी चाहिए। सभी जगह एक जैसा ही एरिया है, इसलिए अलग-अलग एफएसआई को एक किया जाए।

मैं माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से कहना चाहता हूं। जैसे मोहन भाई ने भी बताया। दमन दीव के पूरे सांसदों की मांग थी। पुडुचेरी जैसी मिनी असेम्बेली के लिए हम बहुत मांग कर रहे थे तो हमारे लिए भी एक मिनी असेम्बली होनी चाहिए। हम आशा करते हैं कि मिनी असेम्बली से अच्छा काम कर सकेंगे और हमें सरकार का आशीर्वाद भी रहेगा।

मैं श्री नरेन्द्रभाई मोदी, हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से बिल को लाने के लिए मैं माननीय गृह मंत्री श्री अमित भाई शाह जी को धन्यवाद देता हूं और इस बिल का पूरा समर्थन करता हूं । हम दमन दीव की जनता की तरफ से आशा करते हैं कि आप हमें जल्द से जल्द मिनी असेम्बेली दे दें तो हमारा काम हो जाएगा और यह विकास के लिए भी बहुत अच्छा

रहेगा। मोहनभाई आपने तो कम बोला हम दोनों प्रदेश 7 हजार करोड़ रुपये भारत सरकार को देते हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR):** Thank you, Sir. Both the hon. Members from that area have presented their views. I have some inputs for the Government. We need to understand that what is the need of this Bill which was introduced by the hon. Minister. In the year 1999, in reply to a question in the Rajya Sabha, the then Home Minister, Shri L. K. Advani Ji said that there was no proposal or no need for amalgamation of Daman and Diu and Dadra and Nagar Haveli. So, what is the need now? In 1999, the then NDA Government had taken a stand that there would be no amalgamation of these two Union Territories. And when smaller States are more progressive, more economically stronger, then, why is there this need? That is the thing. I met the ex-Member of Parliament, Ketan Patel from Daman and Diu. He was telling me that the consultation was not proper.

I would like to ask the hon. Minister how many consultations on this amalgamation or merger have been conducted by the Government of India? How many political leaders, political parties, or Panchayat leaders have been consulted? It cannot be a unilateral decision on our part, sitting in Delhi, to take over the powers of the smaller Territories. The smaller States and smaller Territories need more voice. My colleagues, both the hon. Members, who spoke about the need for an Assembly in Dadra and Nagar Haveli as well as in Daman and Diu and it needs to be considered, like the Puducherry and Delhi model, because people's representation and people's power are more important. I am sure that the hon. Minister will answer in his reply how many

consultations were conducted and what was the urgency. These are my queries.

Thank you, Sir.

**माननीय अध्यक्ष:** दादा आपने भी नाम लिखाया है। अब दादर और नागर हवेली और दमन दीव एक होना चाहते हैं तो आप कहां से बीच में आ गए।

**प्रो. सौगत राय :** ये प्रदेश भी देश के अंदर हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** सुदीप जी बतांएगे कि दादा इंटरनेशनल नेता हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मोहम्मद फैजल जी ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपका नहीं है, आपके लिए तो मैंने आग्रह किया था।

…(व्यवधान)

**SHRI MOHAMMED FAIZAL P.P. (LAKSHADWEEP):** Thank you very much, Speaker Sir. I would like to support the Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu (Merger of Union Territories) Bill, 2019. Being a Member of Parliament from another Union Territory, it is my responsibility to extend support for such a Bill which brings in comprehensive attention to both the Territories, and which will provide both the Territories a good scope of development. At the same time, I have some apprehensions and clarifications from the hon. Minister.

Mr. Manickam has mentioned about the need of the consultation of the people. Of course, both Members of Parliament are very happy with the way Government is going for the merger of the Union Territories. But on a larger scale, we have to see how the people are feeling on this move, and whether they are satisfied really, or not. Otherwise, the entire aspect of merging will be a failure.

The second concept of the Government for bringing this Bill is how this will affect the administrative offices of the two Union Territories. While the intention behind the Bill has been to prevent duplication of efforts and to reduce wasteful expenditure on infrastructure and manpower in the Union Territory, the Bill itself assures that the persons employed in the Union Territory as a part of All India Service which would include individuals employed in two different secretariats for two Union Territories will continue within the merged Union Territory. How would duplication of work and

excessive expenditure of manpower be prevented? I expect a clarification on this from the hon. Minister.

I have a few suggestions. When two Union Territories are merged together, the budget allocation of the merged Union Territory must be comparable to the added budget of individual Union Territories. There must be no shortfall of Budget. Secondly, transfer and re-deployment of service personnel working for Union Territories must be smooth and help must be given to these employees for smooth transition. Thirdly, a single unified secretariat will cater to both the Union Territories and it must be located such that it is accessible to the people from both the Union Territories.

As both the Members of Parliament have asked for a mini Assembly, I would like to mention a few points from my Union Territory also. Though we are a democratic country, we are elected representatives coming here with lot of emotions and expectations of the people, when we go back to our Union Territories, the participation of the local Member of Parliament or Panchayat in the development process is very meagre. As far as my island is concerned, I am happy with this Government. An administrator is protocol-wise the seniormost person of the island. Earlier, we had administrators only from the administrative service and IAS officers were deputed as the administrators there. Now the previous Government took a wonderful step. I was the person who initiated the discussion in previous Lok Sabha where I asked for a mini Assembly. Considering that, at least this Government has taken a step to

appoint an administrator who is a politically nominated person. It does not matter which Governments come into power. Today, you are sitting in Treasury Benches. Tomorrow, it can change. But the person who is sitting at the top and who is putting his signature for the welfare of the people, must be a politically nominated person. That is what all the Members of Parliament from Union Territories envisaged so that people's aspirations can be accumulated and finally we can give a good result to the people. Secondly, nowadays I have seen Ministry of Home Affairs is sending IAS officers. Now it has become a storage for those officers who do not fit anywhere else. They are being sent to Lakshwadweep. Earlier, we had only two IAS officers and it worked in a good way. Now, there are four to five officers in Lakshadweep which has resulted in the backward movement of the island. The file is moved from area to area and finally when it reaches the conclusion, it is delayed like anything. Please do not send more IAS officers to Lakshwadweep. There are only two sanctioned posts of IAS officers here. Do not send more than two officers.

I am concluding with an important point. The hon. Home Minister is also sitting here. I know all the officials of Home Ministry are here. I raised the same matter in the Zero Hour stating why Lakshadweep was dragged back before. I blame Congress for that. Since 1995, the administration of Lakshadweep has been taken care of by the DANICS service. The Government of India sends DANICS officers. There are 13 in-cadre posts in Lakshadweep.

For almost all of these 13 encadered posts, new entry cadre officers who are joining the service for the first time are being chosen and sent to Lakshadweep. By the time they reach there, they are not familiar with the Government service. They come to study the things. They are there for a maximum of two years. After two years, these officers go back and a new bunch of officers come in. As a result of this, long-term perspective development never happens in Lakshadweep because of the frequent change of officers. So, my suggestion is this. The local son of the soil should be encadred into the DANIC Service so that the officer who is appointed to the Director post which is key in the development process can understand the local language very well and continue in that service for long. The officers who come from outside always want to go back since this is a far-off place. They somehow want to serve their two-year service and run back to Delhi. Such officers never contribute in a bigger way to the development of the island.There are a lot of other issues but this is not the time to raise them. I am very much supporting this Bill. Kindly look into Lakshadweep also and kindly give us a mini Assembly which is very much essential for development.

Thank you very much.

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय जी, आप दो मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**प्रो. सौगत राय (दमदम) :** सर, दो मिनट में नहीं होगा।

**माननीय अध्यक्ष :** आपका समय एलॉटमेंट दो मिनट ही है।

**प्रो. सौगत राय :** सर, मुझे कुछ बोलना है, आप सुन लीजिए।

**प्रो. सौगत राय:** सर, मैं यूनियन टेरिटरीज बिल पर बोल रहा हूं। मुझे अपने बचपन की याद आती है, तब कोलकाता के रास्तों पर जुलूस निकलता था – 'गोवा, दमन, दीव छोड़ो, अभी छोड़ो, जल्दी छोड़ो।' आप शायद जानते होंगे कि बंगाल के बहुत से लोग गोवा की लिबरेशन के लिए गोवा गए थे, अरेस्ट हुए थे। हमारे त्रिदिब चौधरी ने सालाज़ार की जेल में 19 महीने बिताए थे। उनकी ही पार्टी थी आरएसपी। तब उन लोगों ने वहां पर जो कष्ट सहा था, उनको मैं याद करता हूं।

**<u>17.46 hrs</u>** (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

मैं जवाहर लाल नेहरू जी के प्रति श्रद्धा जताता हूं, उन्होंने ही दिसम्बर, 1961 में हिन्दुस्तानी सेना गोवा में भेजी। अगर वह सेना नहीं भेजते तो गोवा कभी आजाद नहीं होता और गोवा के साथ दमन-दीव भी आजाद हो गए। इसके पहले वर्ष 1954 में दादरा-नागर हवेली के लोगों ने खुद को आजाद कर लिया था। जब जवाहर लाल नेहरू जी ने गोवा को आजाद करा दिया, तब गोवा, दमन-दीव और दादरा-नागर हवेली, सभी आजाद हो गए। गोवा बाद में एक राज्य बन गया, दमन-दीव और दादरा-नागर हवेली को अलग से यूनियन टेरिटरी बनाया गया। मोहन देलकर जी की जो मांग है कि दमन-दीव और दादरा-नागर हवेली में विधान सभा होनी चाहिए, मैं उसका पूरा समर्थन करता हूं। मैं यह सोचता हूं कि लक्षद्वीप और अण्डमान-निकोबार में भी पुदुच्चेरी जैसा इलेक्टेड लेजिस्लेचर, मिनी लेजिस्लेचर होना चाहिए। हिन्दुस्तान में कोई भी यूनियन टेरिटरी ऐसी नहीं रहनी चाहिए, जहां पर रिप्रजेंटेटिव गवर्नमेंट न हो। अमित शाह जी नौजवान हैं और गृह मंत्री हैं, आशा करता हूं कि इस बात पर वह दिशा दिखाएंगे।

सर, दमन-दीव प्रॉसपरस है। जैसा देलकर जी ने बताया है, वह 5000 करोड़ रुपये रेवेन्यू देता है। वहां पर 1992 से टैक्स हॉलीडे था और वहां पर टेक्सटाइल इंडस्ट्री बहुत डेवलप हुई। वह गुजरात से लगा हुआ है तो दमन के दो एडवांटेजेज हैं। गुजरात के जो लोग दारू पीना चाहते हैं, दमन में जाते हैं और वहां अच्छे सी-बीचेज़ हैं, वहां अच्छे चर्च हैं और एक्साइज से भी बहुत रेवेन्यू

दमन में आता है। दादरा-नागर हवेली की पापुलेशन ज्यादा है, वहां दो लाख वोटर्स हैं और दमन-दीव में वोटर्स की संख्या डेढ़ लाख है। दोनों छोटे-छोटे संसदीय क्षेत्र हैं। मैं यही कहना चाहता हूं कि एनडीए सरकार की एक टेंडेंसी है, ये मर्ज करते हैं, इसका जाइगैंटिज्म बोलते हैं। अभी पांच बैंक्स को एक साथ मर्ज कर दिया। चार टेरेटरीज़ को एक साथ किया, लेकिन शूमाकर की किताब 'स्माल इज ब्यूटीफुल' उन्हें पढ़नी चाहिए। जितना छोटा प्रांत होगा, उतना अच्छा प्रशासन होगा। मैं तो सपोर्ट करूंगा, लेकिन ऐसा होना चाहिए।

महोदय, अंत में मुझे एक बात ही कहनी है कि गृह मंत्री जी ने कहा कि बंगाल में बीजेपी के लोगों को खतरा है, इसलिए सीआरपीएफ प्रोटेक्शन दिया। मैं इससे सहमत नहीं हूं। यह सही नहीं है। बंगाल में सभी लोग सुरक्षित हैं। उन्हें सीआरपीएफ की सुरक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है। इसके साथ ही मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

**SHRI N. REDDEPPA (CHITTOOR):** Thank you, Sir, for giving me an opportunity to put forth our YSRC Party's views on the Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu (Merger of Union Territories) Bill, 2019. The Union Territory of Dadra and Nagar Haveli and the Union Territory of Daman and Diu are both former Portuguese territories on the western coast of India. The former came into existence as a separate territory in 1961 and the latter in 1987. Both these territories, though are separate entities, share similar history, language and culture due to the common background and also have a similar administrative set up.

They both came under the AGMUT cadre for All India Services, and thus have a common pool of officers undertaking administrative work in both the territories based on work allocation. Further, there are common Secretaries to various Departments, Chief of Police and Chief Conservator of Forest in both the Union territories. The development schemes and policies are also similar in these territories with similar challenges and realities. In spite of the existence of such similarities, since they exist as two separate Union territories, a common secretariat and departments do not exist. Each of these separate secretariats and parallel departments is sustained through tax-payers' money which we feel is an unnecessary burden. The manpower and infrastructure implications of these separate entities seem redundant in the spirit of 'Minimum Government, Maximum Governance'.

**<u>17.52 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

To further elaborate on the problem, the administrators, secretaries and HODs have to alternate between the two Union territories as they function in both these places. Such a scenario impacts the multiple stakeholders involved. Needless to say, the current situation leads to inefficiency and unjustified expenditure along with the duplicacy and coordination problems. These problems are in terms of the interactions within these two Union territories.

**गृह मंत्री (श्री अमित शाह) :** अध्यक्ष जी, इस बिल पर मेरे साथी मंत्री ही जवाब देंगे, लेकिन मैं रेकार्ड क्लीयर करने के लिए खड़ा हुआ हूं। अभी दादा सदन में बोल रहे थे और उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री नेहरू जी का धन्यवाद  दमन-दीव, दादरा और नागर हवेली की स्वतंत्रता के लिए किया। मैं एक वास्तविक चित्र सदन के सामने रखना चाहता हूं। गोवा, दमन दीव और दादरा-नागर हवेली को वर्ष 1954 तक, आजादी के सात वर्षों के बाद भी पुर्तगाली शासक सालाजार ने स्वतंत्र नहीं किया था। सरकार ने इस विषय में कोई इंटरवेंशन नहीं किया था। हैदराबाद में जैसे पुलिस एक्शन हुआ, इस तरह की कोई कार्रवाई सरकार ने नहीं की थी। उस वक्त बाबा साहब पुरंदरे, सुधीर फड़के, राजाभाई बाकणकर, भोसले, मिलिट्री स्कूल के मेजर प्रभाकर कुलकर्णी, बिंदु माधव जोशी आदि 25-30 साल के युवकों ने कमेटी बनाई। इन्होंने आंदोलन किया और इन लोगों के आंदोलन के कारण ही दादरा-नागर हवेली स्वतंत्र हुआ। मैं तो बोलना भी नहीं चाहता था, लेकिन रेकार्ड क्लीयर करना चाहता हूं। मैं यही कह रहा हूं कि…(व्यवधान)

**श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर :** सर, दादरा और नागर हवेली के बारे में भी बता दें।

**श्री अमित शाह :**  मैं आगे आता हूं। उस वक्त पैसों की कमी थी तो पैसा कहां से आएगा? श्री सुधीर फड़गे ने लता जी से रिक्वैस्ट की और पुणे के हीराबाग मैदान में इसके लिए लता मंगेशकर जी ने 'लता मंगेशकर रजनी' करके एक कार्यक्रम किया। इससे एक बड़ा एमाउंट इकट्ठा हुआ और फिर दादरा और नागर हवेली 2 अगस्त को आज़ाद हुआ और वहां पर पहली बार तिरंगा झंडा फहराया गया। आपने नेहरू जी को सीधा यश दिया, उनका भी यश है क्योंकि वे प्रधान मंत्री थे। लेकिन इन लोगों का योगदान है, जिन लोगों ने जान की बाजी लगाकर दादरा नागर हवेली को आज़ाद कराया था। उसके बाद भारतीय सेना द्वारा 1961 में दमन और दीव को भी स्वतंत्र कर दिया गया और जैसा कि देलकर साहब ने बताया कि इसका मर्जर एक एग्रीमेंट के तहत भारतीय संघ में हुआ। यह रिकार्ड क्लिअर करने के लिए मैं खड़ा हुआ था। …(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** सर, मैं कहना चाहता हूं कि …(व्यवधान) गोवा की आज़ादी के लिए…(व्यवधान)

**श्री अमित शाह :** राम मनोहर लोहिया जी और चौधरी साहब का भी इतना ही योगदान है मगर आप पहले सुनिये। …(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** आपके मुंह से होगा तो अच्छा होगा।

**श्री अमित शाह :** आपने पहले सिर्फ जवाहर लाल नेहरू जी का नाम बोला, इसलिए मैं स्पष्ट करने के लिए खड़ा हुआ कि आज़ादी तो इन युवाओं ने दिलवाई थी। …(व्यवधान) संविधान प्रदत्त आरक्षण ये दोनों मर्ज हुए संध प्रदेशों के अंदर …(व्यवधान) as it is रहेगा, उसमें कोई बदल नहीं है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसे तो सब बिल से संतुष्ट हो गये हैं, आप कहें तो पास करा दूं?

…(व्यवधान)

**श्री जी. किशन रेड्डी :** माननीय अध्यक्ष जी, मोहन भाई जी, लाल भाई पटेल जी, मो. फ़ैजल जी, प्रो. सौगत राय जी, आप सभी ने अपने-अपने सुझाव दिये हैं। मुझे खुशी है कि सभी लोगों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है । मैं सभी लोगों को सरकार की ओर से धन्यवाद देना चाहता हूं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अगर सभा की सहमति हो तो सभा का समय 7 बजे तक के लिए बढ़ा दिया जाए। मैंने शून्यकाल में कमिटमेंट किया था क्योंकि जिनका लिस्ट में नाम था, मैं उनको नहीं बुला पाया था।

…(व्यवधान)

**श्री जी.किशन रेड्डी :** माननीय अध्यक्ष जी, कर्मचारियों के लिए जो आरक्षण है, कर्मचारियों के लिए जो व्यवस्था है, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा। जो एसटी का रिजर्वेशन है, वह ऐसे ही रहेगा। संविधान के आधार पर जो रिजर्वेशन एससीएसटी का होगा, वह रिजर्वेशन वैसा ही रहेगा। उसमें कोई बदलाव नहीं लाएंगे। नए यू.टी. का नाम दादरा नगर हवेली एंड दमन दीव होगा। सबसे ज्यादा ध्यान विकास के विषय पर आने वाले दिनों में देना चाहिए कि इसका प्रपोजल दोनों यू.टीज की तरफ से भी आया है। यू.टी. के अधिकारी, यू.टी. की जनता की तरफ से ही यह प्रस्ताव आया है। इधर दिल्ली में बैठकर हमने नहीं किया है। वहां से प्रस्ताव आया है। उस प्रस्ताव के आधार पर ही सरकार ने यह कदम उठाया है। यह बात भी मैं आप लोगों को बताना चाहता हूं।

दूसरे, सेन्ट्रल गवर्नमेंट के जो फ्लैगशिप प्रोग्राम्स हैं, हम उनको ज्यादा इम्पलीमेंट करना चाहते हैं। अभी दोनों माननीय सांसदों ने भी बताया है कि ठीक तरह से इम्पलीमेंटेशन हो। आज की स्थिति में हम ऑफिसर्स अवेलेबिलिटी सुगम होने के कारण, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण अधिकारी दो दिन एक जगह बैठते हैं और तीन दिन एक जगह बैठते हैं, इसके कारण वे ध्यान नहीं दे पाते हैं। इधर से उधर टहल करते रहते हैं, इसके कारण जो स्कीम्स हैं, उन पर ध्यान नहीं दे पाते हैं।

इसलिए आने वाले दिनों में ऑफिसर्स सेन्ट्रल गवर्नमेंट और यू.टी. की स्कीम्स को ठीक तरह से इम्पलीमेंट करें जिससे जनता का विकास हो। यह विषय भी आप लोगों को बताना चाहता हूं। जो कर्मचारी ग्रुप 3 और ग्रुप 4 श्रेणी में हैं, उनमें कोई बदलाव नहीं होगा। नई यू.टी. आने के बाद भी एम्पलाईज का रिस्क सिक्योरिटी, एम्पलाईज के राइट्स की देखभाल ठीक तरह से करेंगे।

**18.00 hrs**

लोक सभा की दोनों सीट्स में कोई चेंज नहीं होगा। लोक सभा सीट्स को ऐसे ही जनता की सेवा करते रहनी चाहिए। लोक सभा में आने वाले दिनों में ऐसा ही होगा, जैसे हाई-कोर्ट्स लीगल हैं। जो मुंबई का हाई-कोर्ट है, अभी वह मुंबई का हाई-कोर्ट ही काम करेगा। वैसे ही जो लीगल समस्या पेंडिंग है, वह लीगल समस्या हल होगी और एगज़िस्टिंग लॉ ही उसमें इम्प्लिमेंट होगा। उसमें कोई बदलाव नहीं है। केवल एडमिनिस्ट्रेशन कनविनिएंट, स्पीडी डेवलपमेंट, इम्पिलमेंटेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट स्कीम्ज़ एंड स्टेट गवर्नमेंट स्कीम्ज़ – ये मर्जर हुआ है। इसलिए, आप सबको इसमें कोई शंका नहीं करनी चाहिए। मैं फिर एक बार सरकार की तरफ से आप सब लोगों को धन्यवाद देता हूं। मैं यूनेनिमसली इस बिल को पास करने की रिक्वेस्ट करता हूं।

**श्री अमित शाह :** अध्यक्ष जी, 'न' में शायद कोई नहीं है। इसमें सर्वानुमति है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह सर्वसम्मति से है। अब इसमें एक नया क्लॉज़ भी लाना पड़ेगा कि जब सर्वसम्मति हो तो नया संशोधन/नियम बनाना पड़ेगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

> "कि दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्रों के विलयन और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** अब सभा विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 से 7 विधेयक का अंग बनें।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 2 से 7 विधेयक में जोड़ दिए गए।*

**Clause 8 Extension of jurisdiction of High Court of Bombay**

**माननीय अध्यक्ष :** श्री जसबीर सिंह गिल, क्या आप संशोधन संख्या 1 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब):** सर, यह हमारे देश की खूबसूरती है, हमारी पार्लियामेंट की, हमारी डेमोक्रेसी की, कि अपने दमण और दीव के भाइयों के लिए पंजाब का एक सिख यहां बात कर रहा है। यह हमारी डेमोक्रेसी की खूबसूरती है।

I beg to move:

"Page 3, line 9,--

*after* "Diu"

*insert* "with the establishment of a permanent bench at Daman". (1)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 8 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 1 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 8 विधेयक का अंग बने।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

*खंड 9 से 11 विधेयक में जोड़ दिए गए।*

**Clause 12 Right to recover loans and advances**

**माननीय अध्यक्ष :** श्री जसबीर सिंह गिल, क्या आप संशोधन संख्या 2 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI JASBIR SINGH GILL :** I beg to move:

"Page 3, line 32,--

*after* "Diu"

*insert* "and that all borrowings and loans taken by both of these Union Territories before the appointed day shall be repaid or taken over by Union Government thereby making the Union Territory of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu debt free." (2)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 12 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 2 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 12 विधेयक का अंग बने।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 12 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

*खंड 13 से 23 विधेयक में जोड़ दिए गए।*

*खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।*

**श्री जी. किशन रेड्डी :** माननीय स्पीकर महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

---

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, अब शून्य काल लिया जाएगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** अब शून्य काल। माननीय सदस्यगण, सोमवार और मंगलवार को जिन लोगों के नाम लिस्टेड थे और शून्य काल नहीं हो पाया था। उन सबको भी आज अवसर दिया जाएगा।

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद कि आपने एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया। मेरे लोक सभा क्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां पर दूरसंचार की समस्या है। मैंने माननीय मंत्री जी से इस विषय में आग्रह भी किया है। खासतौर से नीम का थाना, जो मेरे लोक सभा क्षेत्र का विधान सभा क्षेत्र है, वहां टोडा धाम, लादी का बास और शोभ आदि कई स्थान हैं। मैंने छः-सात स्थान माननीय मंत्री जी को लिखकर भी दिए हैं। पहाड़ी इलाका होने के कारण कनेक्टिविटी नहीं हो पाती है। अत: मेरा माननीय संचार मंत्री जी से निवेदन है कि वह इन स्थानों पर टॉवर लगवाने के निर्देश देने का कष्ट करें, ताकि लोगों को कनेक्टिविटी की सुविधा मिल सके। आजकल पंचायतों में भी ब्रॉडबैंड के तहत इस बात की आवश्यकता रहती है कि कनेक्टिविटी रहनी चाहिए। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**SHRI PRADYUT BORDOLOI (NOWGONG):** Hon. Speaker, Sir, I rise here today to draw your attention as to how a priceless natural wealth is being destroyed and plundered in the State of Assam. On the 22nd November, the hon Minister of Environment, Forest and Climate Change of the Government of India asserted, referring to the natural wealth that I am mentioning, that this natural wealth is classified as Assam Valley Tropical Evergreen Forests. In other parlance, this is the Rainforest.

Sir, it is a matter of great shame that the last remnants of Asiatic Rainforest that we have in the Upper Assam Area, has been systematically destroyed and plundered by a coal mafia. The hon. Minister admitted here that in the Reserve Forests of Assam, in the Upper Assam, especially in the District of Tinsukia and Dehing Patkai Wildlife Sanctuary, the rat-hole coal mining is going on. Sir, whatever the hon. Minister has admitted here is just a tip of the iceberg. There has been a massive cover up of all these plunderings. The whole rainforest is being destroyed.

So, Sir, I would request the Government of India to depute a Fact Finding Team because the entire racket is being covered up by the Government of Assam and the respective Departments. It is very important that the Government of India interferes, and the concerned Ministry should send a Fact Finding Committee to find and protect the rainforest of Assam. Thank you.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**डॉ.( प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मैं आज गुजरात के रेलवे के विषय को आपके माध्यम से सदन में उठाना चाहता हूं। जहां तक उत्तर गुजरात का सवाल है, वहां रेल कनेक्टिविटी और नेटवर्क काफी कम है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से और खासकर माननीय रेल मंत्री जी से विनती है कि उत्तर में गुजरात चाणस्मा नगर है, वहां से राधनपुर की दूरी सिर्फ 65 किलोमीटर है। राधनपुर से आगे कच्छ तक रेलमार्ग है, कांडला

तक रेलमार्ग है। मैं सरकार से विनती करना चाहता हूं कि उस दूरी को कनेक्ट किया जाए तो गुजरात में महेसाणा से, रणूत से, चाणस्मा से, राधनपुर से कच्छ का एक नया रेलमार्ग बन सकता है। हम सभी जानते हैं कि वहां पाकिस्तान का इंटरनेशनल बॉर्डर है और काफी सेंसेटिव बॉर्डर है। कभी-कभी युद्ध की स्थिति में या सेंसेटिव समय में उस नए रेलमार्ग से लाभ मिलेगा। आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

**माननीय अध्यक्ष:** डॉ. सुजय विखे पाटील (उपस्थित नहीं)।

श्री अरविंद धर्मापुरी।

**श्री अरविंद धर्मापुरी (निजामाबाद):** बहुत-बहुत धन्यवाद अध्यक्ष जी। मैं तेलंगाना से आता हूं और तेलंगाना में तकरीबन 10 लाख बीड़ी वर्कर्स रहते हैं और इसमें से 98 प्रतिशत महिलाएं हैं। उनमें 90 प्रतिशत अशिक्षित हैं। उनके नामों में डिस्क्रिपेंसी है। उनके प्रॉविडेंट फंड के फॉर्म-9 और आधार कार्ड में डिस्क्रिपेंसी है। शादी से पहले सर नेम अलग होता है और शादी के बाद सर नेम चेंज होता है या आधार के रजिस्ट्रेशन के समय डेट ऑफ बर्थ की गलत एंट्री हो जाती है। इन छोटी-छोटी डिस्क्रिपेंसीज की वजह वे प्रॉविडेंट फंड विड्रा नहीं कर पा रही हैं। इसलिए सरकार ने 30 नवम्बर तक का समय डिसक्रिपैंसीज़ ठीक करने के लिए दिया है। तेलंगाना में महिलाओं की बड़े पैमाने पर इस तरह की समस्या है। इसके लिए यह समय कम पड़ेगा, इसलिए मैं मंत्री जी से सुबह मिला था। उन्होंने तुरन्त तीन महीने का एक्सटेंशन दे दिया है, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। इसके अलावा आधार के रेक्टिफिकेशन सेंटर की बात है। अगर तीन महीने में हमें दस लाख लोगों को कवर करना है तो वहां सेंटर्स की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।

महोदय, हमारे यहां बीड़ी वर्कर्स को डेढ़ लाख रुपये अलग स्कीम से इससे पहले घर बनाने के लिए दिए जाते थे। अब उसे आवास योजना में मिला दिया गया है। लेकिन आवास योजना का पैसा सरकार द्वारा जो दिया जाता है, उसको डायवर्ट कर दिया जाता है। इसलिए वहां की

महिलाएं, बीड़ी वर्कर्स बहुत गरीब हैं, उनको एक भी घर आवास योजना से नहीं दिया गया है। आज तक पांच सौ घर भी हेण्डओवर नहीं किए गए हैं। फण्ड का डायवर्जन ज्यादा हो रहा है। इसलिए मैं यह सरकार की दृष्टि में लाना चाहता हूं कि इंटिग्रेटिड हाउसिंग स्कीम के तहत बीड़ी वर्कर्स को घर बनाने के लिए दूसरी योजना के तहत कुछ किया जाना चाहिए, यही मैं निवेदन करना चाहता हूं। धन्यवाद।

**DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR):** Thank you, Speaker, Sir. I would like to draw your attention towards the current state of affairs at Shirdi Airport. As you are aware, Shirdi is a very big holy place. But for the past 20 days, over 400 flights have been cancelled due to low visibility and non-availability of night landing. There are certain proposals which are pending with the DGCA which have to be taken up on top priority, for example, clearance for conduct of Instrument Flight Rules (IFR) operations which will facilitate landing and take-off even with low visibility of 2000 metres to 2300 metres as well as the commissioning of Doppler Very High Frequency Omni Range (DVOR) radar which is also on hold. So, I would request, through you, that the Government should expedite the process of necessary approvals so as to facilitate night landing or low visibility landing so as to give a relief to the devotees. Thank you, Sir.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. सुजय विखे पाटिल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री शान्तनु ठाकुर (बनगांव):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक अति महत्वपूर्ण विषय रखने जा रहा हूं जो एक विशेष समुदाय से संबंधित है। यह समाज हिन्दू समाज के एक अति पिछड़े वर्ग से है, जो मतुआ समाज कहलाता है। बांग्ला देश में बसे हुए हिन्दुओं में से 90 परसेंट मतुआ समाज से हैं। धार्मिक भेदभाव होने के कारण इस समाज के लोग बांग्लादेश में अपनी सारी घर-जमीन छोड़कर शरणार्थी के रूप में भारतवर्ष में रहने लगे। आजादी के बाद से आज तक इस समाज के लोगों को काफी वंचित किया गया है। इसके साथ ही ये लोग अपने भविष्य के लिए चिंतित है। मोदी जी की सरकार द्वारा हिन्दू मतुआ समाज के शरणार्थियों को भारत में नागरिकता देने की पहल की जा रही है जो काफी स्वागत योग्य है। महोदय, नागरिकता देने के साथ-साथ मतुआ समाज को इस सरकार से अपेक्षा है कि इस समाज का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से भी विकास हो। इसके लिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि ऑल इंडिया मतुआ डेवलपमेंट बोर्ड बनाया जाए ताकि इन लोगों का विकास हो और साथ ही साथ एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ सकें।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री शान्तनु ठाकुर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब):** सर, बड़ी कुर्बानियों के बाद वर्ष 1935 में इसी पार्लियामेंट हाउस में सिख गुरूद्वारों की साज-संभाल के लिए शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी एक्ट पास हुआ था। इसके इलेक्शन हर पांच साल के बाद होते हैं। इसमें टोटल 185 मैम्बर्स चुनकर जाते हैं, जिनमें से 11 हरियाणा से, 1 हिमाचल प्रदेश से और बाकी पंजाब से होते हैं। इसके लास्ट इलेक्शन सितम्बर, 2011 में हुए थे। इस कमेटी की टर्म वर्ष 2016 में खत्म हो चुकी है। महोदय, पंजाब विधान सभा ने वर्ष 2018 में एक रिजॉल्यूशन लाकर और इसको पास करके भारत की सरकार को भेजा है कि इसके इलेक्शन दोबारा कराए जाएं, जिसके तीन साल निकल चुके हैं। वहां पर गुरुद्वारा के गोलक की लूट हो रही है, करप्शन हो रहा है। इस इलेक्शन को डिले करके हम

सभी उस लूट और पाप में भागी बन रहे हैं। मेरा आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से यह निवेदन है, जो हर काम को बहुत ही अच्छे तरीके से करते हैं, उनसे मेरी यह विनती है कि जल्दी से जल्दी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के इलेक्शन का एलान किया जाए और उसको कराया जाए, ताकि गुरुद्वारे में जो लूट हो रही है, जो गलत काम हो रहा है, उससे बचा जा सके।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है। माननीय सदस्यो, मेरा आपसे आग्रह है कि शून्य काल में अपनी बात को कहकर अपनी मांग को रख दें। मैं किसी को रोकना नहीं चाहता हूं। यह सदन आपका है। आप अपनी प्रस्तावना को रखते हुए अपनी मांग को रख दें।

**श्री महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास) :** माननीय अध्यक्ष जी, राष्ट्रीय राजमार्ग 52 जो कि मेरे लोक सभा क्षेत्र देवास से होकर निकलता है, वह देवास से शाहजहांपुर और शाहजहांपुर से शुजालपुर होते हुए आगरा की तरफ जाता है। इस सड़क का अभी-अभी निर्माण कार्य हुआ है। मगर इस सड़क के दोनों ओर जिस सर्विस रोड का निर्माण होना था, वह अभी तक नहीं हुआ है। इसके कारण वहां पर आवागमन करने वाले कृषकों को फसल ले जाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त वहां पर दुर्घटनाओं की संख्याएं भी बढ़ गई हैं। मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण करवाने की कृपा करें।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र नालंदा के किसानों की परेशानियों को देखते हुए आकृष्ट कराना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बिहार शरीफ से दनियावां रेल खंड पर और इस्लामपुर से नटेसर तक अंडरपास का काम चल रहा है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह निवेदन करूंगा कि कृपया मेरी बात पर ध्यान दिया जाए। माननीय मंत्री जी, मैं आपके ही विभाग के बारे में बोल रहा हूं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो अंडरपास बन रहा है, सिर्फ मेरे ही संसदीय क्षेत्र में नहीं, बल्कि पूरे देश में जो अंडरपास बन रहे हैं, कई माननीय सदस्यों ने इस बात को रखा है कि जो अंडरपास बन रहे हैं, वहां पर किसानों का हारवेस्टर नहीं जा पा रहा है और न ही ट्रैक्टर जा पा रहा है। बरसात के दिनों में लगभग 8 से 9 फीट नीचे तक पानी भर जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है। माननीय सदस्य, मैं भी आपकी बात से सहमत हूं। माननीय मंत्री जी, मेरा सदन के सभी सदस्यों की तरफ से आपसे यह आग्रह है कि पूरे देश के अंदर अंडरपास की डिजाइन को देखना चाहिए। कई माननीय सदस्यों ने इस विषय को समय-समय पर सदन में उठाया है।

**रेल मंत्री तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल) :** अध्यक्ष महोदय, मैं इसको देखूंगा।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार :** महोदय, क्रासिंग को बरकरार रखा जाए।

**श्री जॉन बर्ला (अलीपुरद्वारस) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से इस सदन को सूचित कराना चाहता हूं कि अलीपुर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग जिले में 15 चाय बागान बंद पड़े हैं और अभी 12 चाय बागान बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं, जिसके कारण मजदूरों का पलायन हो रहा है। वे अपने क्षेत्रों को छोड़कर दूर-दूर जाकर रोजगार खोजने के लिए मजबूर हो रहे हैं। वे मजदूर जो रिटायर हो गए हैं, उनके पीएफ के नाम और आधार कार्ड के नाम से मिचमैच होने के कारण वे अपने पीएफ तथा पेंशन का क्लेम नहीं कर पा रहे हैं। बहुत सारे उद्योगों के मालिकों द्वारा और पीएफ डिपार्टमेंट द्वारा मजदूरों से पीएफ की राशि को काटा जा रहा है, लेकिन वे उसको जमा नहीं कर रहे हैं। महोदय, राज्य सरकार को उपरोक्त विषय के बारे में बार-बार सूचित करने के बाद भी राज्य सरकार उसकी अनदेखी कर रही है। अतः मैं इस सदन के

माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि जल्द से जल्द इस समस्या पर एक सक्रिय कमेटी बनाई जाए, जो इस समस्या का समाधान कर सके।

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है, मैं उसके लिए आपका आभारी हूं। अध्यक्ष जी, हमारा देश कृषि प्रधान देश है। किसान जगत का पिता कहलाता है। भारतीय जनता पार्टी और श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार में देश के किसानों के हित में बहुत सारी योजनाएं चल रही हैं। जैसा कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधान मंत्री सिंचाई योजना, फसल बीमा आदि योजनाओं से किसानों को ऊपर उठाने के लिए सरकार बहुत अच्छा कदम उठा रही है। फिर भी मेरे लोक सभा क्षेत्र भरूच में नर्मदा जिले और भरूच जिले में ढेडियापाड़ा, सागबारा, वाल्या, झगढ़ा जैसी ट्राइबल बेल्ट्स हैं, जहां किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं है। सिंचाई की सुविधा नहीं होने की वजह से वहां से किसान पलायन कर  जेआइडीसी, भरूच, सूरत, आदि स्थानों पर अपने-अपने रोज़गार-धंधों के लिए चले जाते हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि जहां चिंसाई की सुविधा नहीं है, वहां प्रधान मंत्री सिंचाई योजना के अंतर्गत सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। सिंचाई की सुविधा होने के साथ-साथ पशुपालन का व्यवसाय भी विकसित होगा। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल):** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भोपाल की समस्या को मैं आपके सामने रखती हूँ। घटना 02 दिसंबर, 1984 की है। शासन कांग्रेस का था। कंपनी यूनियन कार्बाइड थी। उस समय बहुत बड़ी दुर्घटना, बहुत बड़ी घटना हुई। इस कंपनी का मालिक एंडरसन था। मृतकों की संख्या 33,787 है, प्रभावित लोगों की संख्या आठ लाख 58 हजार है। आंशिक प्रभावित लोग 40 हजार से अधिक है। उन्होंने बहुत पीड़ा उस समय सहन की है। तब से ले कर आज तक उनकी जो स्थिति बनी हुई है कि वे आज भी विकलांगता की स्थिति में हैं और शारीरिक रूप से कमजोर हैं, काम करने की अवस्था नहीं रहती है। उसी के तारतम्य में यह जो

एंडरसन है, यह आतंकवादी के रूप में सामने आया। महोदय, मैं एक ही बात कहना चाहती हूँ कि विदेश का व्यक्ति आता है, हजारों लोगों को मारता है और लाखों लोग उससे प्रभावित होते हैं, उस पीड़ा से प्रभावित होते हैं और चालीस हजार से अधिक लोग आज आंशिक प्रभावित हैं, जो काम करने की अवस्था में नहीं हैं। महोदय, कांग्रेस का उस समय का जो शासन था, राज्य से ले कर केन्द्र तक उसको सुरक्षित विदेश में भगाया गया। इसे आतंकवाद कहते हैं। भोपाल मध्य प्रदेश की राजधानी है। ...* देश की रक्षा करने वाले कभी आतंकवादी नहीं होते हैं। ...(व्यवधान) महोदय, विषय यह है कि 34 वर्ष व्यतीत होने के बाद जन-जीवन प्रभावित है। ...(व्यवधान) महोदय, वहां के कपड़ा मिल वर्कर्स हैं, वे आज भी काम करने की अवस्था में नहीं हैं। ...(व्यवधान) बैठ जाइए। ...(व्यवधान) सुनिए, पूरी बात सुनना सीखो। ...(व्यवधान) महोदय, उस बीमारी से प्रभावित ये लोग आज काम नहीं कर पा रहे हैं और इसलिए उन लोगों ने एमवीआरएस लेने की प्रार्थना की है कि मुझे मैडिकल आधार पर वीआरएस दिया जाए, जिससे वे अपना जीवन आराम से बिता सकें और उनके स्थान पर अच्छे मजदूर काम कर सकें। ऐसा मेरा आग्रह है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री गोपाल शेट्टी को साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**SHRI SUNIL KUMAR MONDAL (BARDHAMAN PURBA):** Sir, I want to draw the kind attention of the Labour Minister, through you, to the Labour Commissioner's office, which is looking after the *beedi* workers' development in Bankura, but it has been closed for a long time. There is no staff available in the office of the Commissioner to look after the interest of the workers. As a result, the *beedi* workers, especially from Bankura, Bardhaman, Birbhum,

---

* Not recorded.

Purulia and Jhargram, are not able to enlist their names and get their identity cards.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप किस विषय पर बोलना चाहते हैं? आप बोलना चाहते हैं कि पश्चिम बंगाल में जीटी रोड क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज की आवश्यकता है।

…(व्यवधान)

**श्री सुनील कुमार मंडल :** सर, वह तो एक नंबर पर उस दिन था। यह तो हमारा आज का विषय है। सर, दो विषय थे। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, मैं एक बात करेक्ट कर दूं। आज की लिस्ट में मैंने जो बोला है वही है। मैं आपको इजाजत दे रहा हूँ, इसलिए नया विषय बोल लीजिए, यह बात सही है। लेकिन यह मत कहिए कि आज का सब्जेक्ट कुछ और है। आप बोल लीजिए, कोई बात नहीं। मैं आपको इजाजत देता हूँ।

**SHRI SUNIL KUMAR MONDAL :** Thank you, Sir. *....(Interruptions)* As a result, these bidi workers are not able to get their identity cards. Therefore, they are deprived of all the benefits and facilities given by the Government. Many poor people are associated with this work in Kalna, Katwa, Memari, Jamalpur, Rauba and other place in my constituency, Bardhaman Purba. This is the main source of their livelihood. Now, they are facing serious problems. A petition regarding this issue has already been submitted several times to the Labour Minister. He has promised several times but no action has been taken, no developmental steps have been taken in this regard. Therefore, Sir, through

you, I request the hon. Minister to take up necessary steps immediately. I will be highly obliged if this issue is seriously considered. Thank you.

**SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD):** Respected Sir. I wish to express my views in respect of a very important matter. The rural people are not getting work for guaranteed number of days under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme. The Government has to understand that the rural economy has a bearing or an impact on the national economy and the growth of our GDP. Having this realization and vision in mind, the UPA Government had brought this wonderful scheme. There are reports that villages are now weakening and facing starvation. Therefore, I urge upon the Government to provide employment for guaranteed number of days. I would also request the Government to consider enhancing the number of days of work to at least 200 days under MGNREGA scheme. Thank you.

**श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार):** अध्यक्ष महोदय, मैं असम राज्य के एक महत्वपूर्ण विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। असम के कोच राजबंसी, आदिवासी, टाई आहोम, मोरान, मटक और चुटिया, ये छ: जनजातियाँ बहुत दिनों से जनजातिकरण की मांग करती आ रही हैं। चुनाव के समय यह मुद्दा विशेष स्थान रखता है, लेकिन अभी तक इसका कोई समाधन नहीं हो पाया है। कोच राजबंशी को सन् 1996 में अध्यादेश के जरिये जनजाति की मान्यता मिली थी, लेकिन वह संविधान में अंतर्भुक्त नहीं हो पाया, जिसकी वजह से जनजाति की मान्यता नहीं मिल पाई है। आदिवासी लोगों की भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में जनजाति के रूप में मान्यता है, लेकिन असम में इन्हें जनजाति की मान्यता से दूर रखा गया है। सरकार राज्य सभा में जनजातिकरण के लिए बिल लाई थी, लेकिन अभी भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मेरी आपके जरिये सरकार

से माँग है कि जल्द से जल्द इन जनजातियों का जनजातिकरण किया जाए। इसके साथ ही कलिता और नाथ-योगी के लिए भी जनजातिकरण की प्रक्रिया होनी चाहिए। धन्यवाद।

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR):** Thank you, Sir. I would like to draw the attention of the House to an important issue. Sir, according to the World Health Organisation's latest Report, India has the highest suicide rate in the South-East Asian region. The Report pegged India's suicide rate at 16.5 suicides per 100,000 people. Around 800,000 people end their own life every year in India. We are lagging behind in the area of mental health awareness. On top of that, there exists no national helpline number for people who want to seek help. Most of the helpline numbers run by different NGOs either turn out to be busy or the person providing help is not trained. In several cases, they are very harsh to the help-seekers. The moment, when someone decides to end his life, is extremely delicate and soft. One meaningful word can change their decision and one wrong move will push them towards death. Sir, India needs a national helpline number that can be provided to the people. It will not only save thousands of lives but also generate employment for people. Thank you, Sir.

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण):** माननीय अध्यक्ष जी, आज जो लॉन्च व्हीकल लॉन्च हुआ है और उसके बाद जो कामयाबी हुई है, उसके लिए आपने पूरे देश को संबोधित करते हुए पूरे भारत के वैज्ञानिकों को बधाई दी। उसी क्रम में, बिहार के श्री वशिष्ठ नारायण सिंह थे, जिनकी मृत्यु पर

अभी माननीय प्रधान मंत्री जी ने ट्वीट किया…* मैं दुनिया के सबसे बड़े गणितज्ञ की चर्चा कर रहा हूं। ये व्यक्ति ऐसे व्यक्ति थे कि जब अपोलो लॉन्च हो रहा था और जब 31 कम्प्यूटर्स बंद हो गए थे, उस अवधि में उन्होंने एक कागज पर उस समय का कैलकुलेशन निकाल दिया, जिसके बारे में नासा के वैज्ञानिकों ने कहा कि इनका कैलकुलेशन और बंद हुए कम्प्यूटर्स की अवधि का जो मानक था, वह बराबर था। महोदय, आज उनका श्राद्ध है। आज बिहार में बड़ा शोक का दिन है। 14 नवम्बर को उनकी मृत्यु हुई। बिहार में पूरा राजकीय शोक रहा। उन्होंने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से पी.एच.डी. की थी और बर्कले यूनिवर्सिटी ने उन्हें 'जेनेसिस ऑफ जीनियस' कहा। उन्होंने नासा के वैज्ञानिक के रूप में काम किया। फिर बाद में मानसिक स्थिति खराब होने के कारण वे बिहार लौट आए। आज डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह की पेटी की पेटी मैथमैटिक्स की किताबें, जो वे रिसर्च कर रहे थे, वे पड़ी हुई हैं। मैं सदन के माध्यम से यह चाहूंगा कि ऐसा मैथमैटीशियन, जो दुनिया के लेवल पर जाना जाता था, जो बिहार का बेटा था, जो देश का बेटा था, उनकी लेखनी और उनके कामों पर एक शोध संस्था की स्थापना हो। मैं चाहूंगा कि यह उत्तर बिहार में हो, जैसे भोजपुर, आरा, जो उनका इलाका था, वहां उनके नाम पर एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने की माँग मैं आपके माध्यम से सरकार से करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री सुशील कुमार सिंह, श्री जगदम्बिका पाल और श्री अजय कुमार को श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है। माननीय सदस्यगण, मेरा आग्रह है कि 25 तारीख की सूची और अन्य सूची, जो अतिरिक्त सूची थी, जिन्हें मैंने उस समय शून्य काल में बोलने का मौका नहीं दिया था, मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि वे एक मिनट में अपनी बात को समाप्त कर दें।

सुश्री एस. जोतिमणि - उपस्थित नहीं।

---

* Not recorded.

श्री रमेश चन्द्र कौशिक - उपस्थित नहीं।

**श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र मधुबनी मिथिला की हृदयस्थली है और वह विद्वानों की धरती रही है। यह विद्यापति जी के लोरिक, स्लेहेश और दीनाभद्री की धरती रही है। मधुबनी जिले की जनसंख्या लगभग 50 लाख से ज्यादा है, लेकिन आज तक वहां कोई भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं खोला गया है। वहां के अभिभावक अपने बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ाने से वंचित रह जाते हैं। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूं कि जल्द से जल्द मधुबनी में केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती लॉकेट चटर्जी - उपस्थित नहीं।

श्री केसिनेनी श्रीनिवास - उपस्थित नहीं।

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे - उपस्थित नहीं।

**SHRIMATI MALA ROY (KOLKATA DAKSHIN):** Hon. Speaker, Sir, I would like to draw the attention of the House to the issue of para-teachers working in primary, upper primary schools, and the special educators, under SSA in West Bengal. It is unfortunate that in spite of the fact that the present Government of West Bengal is taking lot of positive steps relating to salary hike, hike in casual leaves, fixation of retirement age at 60, hike in gratuity etc., the opposition parties in our State are making an issue of it only to achieve narrow political gains. The State Government is sympathetic to their needs and that is why, they have been repeatedly invited for discussions and to resume their duties. It is unfortunate that the Central Government is not releasing its share of dues under this scheme. On the contrary, the para-teachers are being provoked by certain saffron leaders of the State with wrong information, resulting in frequent

agitations due to which the schools and its students are getting affected. I would like to know when the Central Government will release all its dues under this scheme so that the State Government can take appropriate measures to bring back normalcy. Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री रामप्रीत मंडल- उपस्थित नहीं।

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET):** Sir, in November, after meeting Shri Jagan Mohan Reddy garu, the Chief Minister of Andhra Pradesh, the Vice-Chairman of NITI Aayog said, “CM’s vision, planning, dedication and commitment for the development of the State impressed me a lot. Spending half of the Budget for human development is really laudable”.

At the same time, the Vice-Chairman also expressed concern over the growing revenue deficit which stood at Rs. 11,654 crore in 2018-19 and also stated that the deficit may go up in the current fiscal and assured that the NITI Aayog would work with the State Government and help it in every way. To address this, the Chief Minister of Andhra Pradesh is doing everything in his power to attract investments, raise public borrowing and to push exports where Andhra Pradesh has a strong export presence. However, this alone will not suffice in the short-term and the deficit is not the product of the State Government’s actions. It is a product of the unscientific bifurcation of Andhra Pradesh, the non-release of revenue deficit which was approved by the CAG. It has also been compounded by the fact that the  Government has not granted

the assured Special Category Status to the State. According to the CAG, the total revenue deficit of Andhra Pradesh is Rs. 22,984 crore. However, Government of India has released only Rs. 3,979 crore. So, I request, through you, that the hon. Finance Minister to please release Rs. 18,000 crore.

**माननीय अध्यक्ष:** मैं सभी माननीय सदस्यों से पुन: आग्रह करना चाहता हूं कि आप अपने विषय को संक्षिप्त में बता दीजिए।

माननीय सदस्य, पहले आप अपनी पूरी बात खत्म कर लीजिए। क्या आपका विषय खत्म हो गया?

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU :** So, I request, through you, Sir, the hon. Finance Minister to review and release the remaining revenue deficit amounting to Rs. 18,969 crore to be paid to the State of Andhra Pradesh. Thank you very much.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री दुष्यंत सिंह – उपस्थित नहीं।

श्री महेंद्र सिंह सोलंकी - उपस्थित नहीं।

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के ठहराव से संबंधित विषय सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। बिहार का औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र पूर्व-मध्य रेलवे के मुगलसराय डिवीजन में आता है। मेरे संसदीय क्षेत्र में अनुग्रह नारायण रोड, राम नरेश देवरिया हॉल्ट, फेसर, बघोई कुसा स्टेशन, जाखिम, देव रोड, रफीगंज, इस्माइलपुर, गुरारू, परैया, कास्ठा स्टेशन आते हैं। हमारा क्षेत्र घनी आबादी वाला क्षेत्र है। हमारे क्षेत्र से लाखों लोग शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार तथा व्यापार के लिए देश के विभिन्न महानगरों जैसे-

दिल्ली, कोलकाता, सूरत तथा मुम्बई जाते हैं। वहां के लोग कृषि मजदूर के रूप में काम करने के लिए पंजाब भी जाते हैं। हमारे क्षेत्र के लोगों को इन स्टेशनों पर विभिन्न गाड़ियों के ठहराव नहीं होने के कारण बहुत ही कठिनायों का सामना करना पड़ता हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि अनुग्रह नारायण स्टेशन, जो 'ए' ग्रेड का स्टेशन है, वह रेलवे को काफी राजस्व देता है। यहां से जितनी गाड़ियां गुजरती हैं, उन सारी गाड़ियों का ठहराव वहां होना चाहिए। फेसर स्टेशन के लिए मैंने एक छोटी गाड़ी की मांग की है। वहां जम्मू-तवी - सियालदह एक्सप्रेस तथा पलामू एक्सप्रेस का ठहराव होनी चाहिए। हमारे क्षेत्र में जो गाड़ियां चल रही हैं, उनसे हमारे लोगों को सुविधा होती है। वहां के स्टेशन रेलवे को काफी राजस्व दे रहे हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से एक और निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे जो मतदाता हैं, उनको ऐसा लगता है कि अगर सांसद चाहेंगे, तो उनके स्टेशन पर गाड़ी रुक जाएगी। हमारे सांसद ही नहीं चाहते हैं, इसलिए गाड़ी नहीं रुकती है। हम लोगों को आलोचना सहनी पड़ती है। इस बारे में मैं आपका संरक्षण चाहूंगा और माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा।

महोदय, हमारे यहां सासाराम से रांची तक एक नई इंटरसिटी एक्सप्रेस चलती है। मेरे जिले में उसका ठहराव कहीं भी नहीं दिया गया है। यह गाड़ी या तो रोहतास जिले में रुकती है या झारखंड में रुकती है, जो हमारे यहां से 50 किलोमीटर दूर है। उस गाड़ी का ठहराव नबीनगर रोड स्टेशन पर होना चाहिए, ताकि लाखों लोगों को रेल की सुविधा मिल सकें। महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। भारत माला माननीय प्रधान मंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत जम्मू से लेकर कांडला तक सीमावर्ती क्षेत्र में सड़क बन रही है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में भारत माला के अंतर्गत दो सड़कें बन रही हैं। भारत माला सीमा पर एक ग्रीन कोरीडोर है। दोनों की डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है। जो श्रीगंगानगर में है, वहां 650 करोड़ रुपये की लागत से 256 किलोमीटर सड़क बन रही है और उनकी डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है, भूमि अधिग्रहण हो चुका है और उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी सरकार के पास आ गई है।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि भारत माला सड़क को जल्दी से जल्दी चालू कराया जाए। ये जो दोनों सड़कें हैं, एक ग्रीन कोरीडोर और दूसरी भारत माला सड़क, इन दोनों में किसानों को बहुत कम मुआवजा मिल रहा है। ग्रीन कोरीडोर हनुमानगढ़ जिले से होकर गुजरती है। दो स्टेट्स के बीच में अगर कोई सड़क बन रही होती है, तो उसका डीएलसी रेट केन्द्र सरकार तय करती है। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि पंजाब में तो 75 लाख करीब डीएलसी रेट मिल रहा है, जबकि राजस्थान में मेरी कांस्टीट्युएंसी में ग्रीन कोरीडोर में सिर्फ 5-5 लाख रुपये के हिसाब से किसानों को कंपसैशन दे रहे हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि दोनों प्रदेशों के बीच में जो सड़क बन रही है, उसका किसान को सही मुआवजा मिले। इसके लिए केन्द्र सरकार दोनों स्टेट्स से बात करके किसानों को सही मुआवजा दिलाए। सीमावर्ती क्षेत्र में जो भारत माला सड़क बन रही है, उसको सही समय पर पूरा करायें, मेरा आपके माध्यम से यही आग्रह है।

**श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी सहित उत्तर प्रदेश के 32 जिले में एवं पूरे देश में हिंदू बंजारों की संख्या कई लाख है, जो आजादी के बाद से लगातार अपने अधिकारों, भाषा व संस्कृति की रक्षा हेतु संघर्ष कर रहे हैं। इनके सामाजिक,

आर्थिक, शैक्षणिक उत्थान एवं राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि बंजारा समाज के निवास स्थान, जिनको आम तौर पर नगला, टांडा, डेरा आदि कहा जाता है, बंजारा समाज में एक तरह से इनकी संरचना टांगिया वनगांवों की तरह होती है। इनकी भाषा को ग्वार कहा जाता है। इनकी संस्कृति और भाषा की रक्षा के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण व नगला, टांडा आदि को वनटांगिया के निवासियों की तर्ज पर राजस्व गांवों का दर्जा देते हुए उक्त गांवों के विकास हेतु टांडा विकास बोर्ड की स्थापना की जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती रेखा वर्मा को श्री अजय कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** अध्यक्ष महोदय**,** आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश पूरे देश में गन्ना उत्पादन के लिए जाना जाता है। उत्तर प्रदेश के 44 जिलों में गन्ना उत्पादन होता है**,** जिसमें 28 जिले ऐसे हैं जिनकी पहचान ही गन्ना उत्पादन के लिए है। महोदय, मेरठ और आसपास के जिलों में पिछले कुछ महीनों से गन्ना किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गन्ना किसानों को कुछ चीनी मिलों द्वारा अपनी फसल का पूर्ण भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के अनुसार सितम्बर, 2019 तक उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के चीनी मिलों पर 6,400 करोड़ रुपये बकाया हैं। प्रदेश में योगी जी की सरकार बनने के बाद पहले के मुकाबले बकाया भुगतान की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने के बावजूद अभी भी मेरठ एवं हापुड़ में चीनी मिलों के पास किसानों के लगभग 700 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। इस कारण गन्ना किसान अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी ठीक प्रकार से निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। इसके साथ ही चीनी मिलों से गन्ना किसानों को समय पर गन्ने की पर्ची न मिलने के कारण किसान मजबूरन अपनी फसल गन्ना बिचौलियों को सस्ते दामों पर बेचने के लिए मजबूर हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह गन्ना किसानों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए यह सुनिश्चित करें कि गन्ना किसानों को उनकी उपज का पूरा पैसा जल्द से जल्द मिल जाए। आवश्यकता पड़ने पर भारतीय खाद्य निगम को भी यह निर्देश दिया जाए कि वह अपने चीनी भण्डारण में इजाफा करे, ताकि किसानों को उनके बकाये का शीघ्र भुगतान हो सके।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती रेखा वर्मा, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री मलूक नागर को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। वर्ष 1998 में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को लांच किया था। इसके बाद उस सपने को साकार करने के लिए मोदी जी इस महत्वपूर्ण भारत माला परियोजना को लेकर आए। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि जम्मू से कांडला तक सीमेंटेड सड़क बने। अगर आवश्यकता हो तो युद्ध की स्थिति सीमावर्ती इलाके में हो जाए तो फाइटर प्लेन को भी वहां उतारा जा सके। पंजाब, राजस्थान और गुजरात के अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र के पास यह परियोजना मूर्त रूप लेगी तो निश्चित रूप से आने वाले समय में सैन्य क्षेत्र के साथ-साथ आवागमन और पर्यटन को भी फायदा होगा।

राजस्थान में जमीन के मुआवजे का एक बहुत बड़ा आंदोलन चल रहा है। पंजाब में मुआवजा 75 लाख रुपये प्रति एकड़ है, जबकि राजस्थान में 1 लाख बीस हजार रुपये प्रति एकड़ है। जो किसानों से जमीन ले रहे हैं उनको पूरा मुआवजा दिया जाए। राजस्थान में डीएलसी की दर से कम मुआवजा दिया जाता है। ऐसे मामलों में केन्द्र हस्तक्षेप करे। केन्द्र सरकार पंजाब, राजस्थान और गुजरात की तर्ज पर राजस्थान के आंदोलित किसानों को भी अवाप्त भूमि जिन-जिन सीमावर्ती जिलों के अंदर होकर निकलती है, उनको केन्द्र सरकार पूरा मुआवजा दे। सरकार किसानों के लिए हमेशा चिंतित रही है, नया बिल भी लेकर आई है। इसका फायदा वहां के

किसानों और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग में जो विकट परिस्थिति में रहते हैं उनको राहत मिल सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री हनुमान बेनीवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्री जयदेव गल्ला - उपस्थित नहीं।

**श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग):** अध्यक्ष महोदय, बंगाल का हर क्षेत्र विविध होते हुए भी अपनी मिट्टी, अपनी भाषा और अपने राष्ट्र के लिए सदैव गौरवान्वित होता रहा है। हमारे क्षेत्र में उप-समूह में एक बड़ा समूह कोजराजवंशी है । दार्जिलिंग, तराई और डुआर क्षेत्र में जनसमूह अपने आप को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करता है । अपनी अन्य परंपराओं के साथ ही उनकी मातृभाषा कामतापुरी भारत की सबसे मीठी बोलियों में से एक है लेकिन अभी संविधान की आठवीं अनुसूची में इसे शामिल नहीं किया गया है। भाषा वह कारक है जो सांस्कृतिक रूप से समाज को जोड़ कर रखती है। कोजरावंशियों के पास भाषा ही वह एक तत्व है जिसके माध्यम से वह आपस में अपने आप को जोड़ कर रख सकते हैं और हजारों साल पुरानी इनकी जाति और संस्कृति को बचाया जा सकता है। अत: आपके माध्यम से सरकार से मेरी प्रार्थना है कि संविधान की आठवीं अनुसूची में कामतापुरी भाषा को शामिल करा कर कामतापुरी भाषा, विरासत और संस्कृति को सुरक्षित करने के लिए सुनिश्चित करें।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजू बिष्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्री बी. बी. पाटील - उपस्थित नहीं।

डॉ. राजकुमार रंजन सिंह- उपस्थित नहीं।

श्री कुनार हेमब्राम - उपस्थित नहीं।

श्री बसंत कुमार पांडा - उपस्थित नहीं।

प्रो. सौगत राय - उपस्थित नहीं।

श्री राज बहादुर सिंह - उपस्थित नहीं।

श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे- उपस्थित नहीं।

श्री रवनीत सिंह - उपस्थित नहीं।

श्री अजय भट्ट - उपस्थित नहीं।

**DR. SUKANTA MAJUMDAR (BALURGHAT):** Sir, thank you very much for giving me the opportunity to speak. I would like to change my submission, if you accord permission. I would like to draw the attention of the House and Minister, regarding Ayushman *Bharat Yojana*, which is not implemented in my State, West Bengal. Due to the decision of the State Government, a lot of people are now facing severe problems. They are not getting proper treatment in West Bengal. They cannot afford treatment in private hospitals.

So, I would like to request the concerned Ministry, through you, Sir, to take appropriate measures so that people of West Bengal can avail of some sort of economic help. Although *Pradhan Mantri* Relief Fund is extended to

people of the country but the same is not sufficient for the people of West Bengal. That is the reason why I urge the Government to take necessary steps so that people of West Bengal get the chance for proper treatment, which I think is their constitutional right.

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. सुकान्त मजूमदार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट):** मेरा लोक सभा क्षेत्र बालाघाट मध्यप्रदेश है, जो महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगता है। इसमें दो महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे 6 और 7 आते हैं। मेरा रेजिडेंस सिवनी जिला लोक सभा क्षेत्र बालाघाट से लेकर आगे के तिकोने भाग में स्टेट हाईवे है। यहां से अधिकांश लोग नागपुर से जबलपुर, जबलपुर से रायपुर जाते हैं। मेरी मांग है कि सिवनी से बालाघाट होकर गोंदिया, कोसमारा तक की रोड को फोर लेन बनाया जाए ताकि आवागमन ठीक से हो सके। इससे 150 किलोमीटर की दूरी कम होगी और जबलपुर से नागपुर और नागपुर से रायपुर जाने के लिए सीधा मार्ग बनेगा। इससे प्रदूषण भी कम होगा। यह मार्ग अत्यंत जर्जर है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि सिवनी से बालाघाट तक जाने वाला मार्ग फोर लेन बनाया जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री सैयद इम्तियाज़ जलील – उपस्थित नहीं।

डॉ. संघमित्रा मौर्या।

**डॉ. संघमित्रा मौर्या (बदायूं):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं पाली भाषा का विषय सदन में रखना चाहती हूं। पाली का इतिहास सबसे प्राचीन भाषा होने की पुष्टि करता है। ऐसी मान्यता है कि संस्कृत और पाली दोनों ही प्राचीन और समकालीन भाषाएं हैं। पाली भाषा का बृहद साहित्य है। पाली भाषा के लिखित प्रमाण लेख, शिलालेख, पाण्डुलिपियां आदि हैं। यहां तक कि सम्राट अशोक के

शिलालेखों, स्तंभ में भी पाली भाषा का प्रयोग हुआ है। संघ लोक सेवा आयोग में सिविल सेवा की परीक्षा में पाली भाषा काफी लंबे समय से यानी वर्ष 2012 तक रही है, लेकिन नोटिफिकेशन संख्या 04/2013सीएसपी के अनुसार 5 मार्च, 2013 के आगामी वर्ष 2013 से इसे परीक्षा से हटा दिया गया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा से पाली भाषा के विषय को हटाया जाना भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त समानता और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन करना है। लगभग 55 विश्वविद्यालयों में पाली और बौद्ध विषयों पर अध्ययन हो रहा है। विदेश को छोड़कर सिर्फ भारत में प्रतिवर्ष नेट और जेआरएफ की परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहती हूं कि सिविल सेवा परीक्षा में यह भाषा पुन: लाई जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती रेखा वर्मा और श्री जगदम्बिका पाल को डॉ. संघमित्रा मौर्या द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI):** Sir, some shocking incidents happened in Kerala last week. I convey my condolences on the sad demise of Wayanad school girl, Shehala Shireen, who died of a snake bite in her classroom. Unfortunately, she could not get good healthcare service from the local hospital. There was another incident of a poor man’s dead body being carried in an open truck because of non-availability of ambulance services. It shows the pathetic condition of our healthcare system.

Sir, both Wayanad and Idukki have almost same geographical conditions. They are covered by hills. There exists a sizeable population of backward classes and tribal people. Most of them are workers and labourers. They cannot afford the services of a private hospital. The technical and financial support provided by the National Health Mission is inevitable for the

development of our healthcare systems. The main aim of the National Health Mission is to provide equitable, affordable and good quality healthcare service to all. In my constituency, the diagnosis facility is very much limited, the ratio of doctor to beds is very much lower than that any other area and maternal mortality is very high. The increase in allocation of funds under the National Health Mission to Kerala is very much essential.

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना):** माननीय अध्यक्ष जी आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र नगीना के लोक महत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको दिल की गहराई से बधाई देना चाहता हूं। नगीना क्षेत्र में धामपुर से नगीना और नजीबाबाद के लिए नेशनल हाइवे बना है। काफी समय से इस पर काम चल रहा है। किसानों का इस वक्त गन्ने की ढुलाई का काम है, फैक्ट्रियां चालू हैं, रोड पर तमाम गड्ढ़े हैं। इससे लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है।

नगीना से जो बिजनौर की ओर रोड जा रही है, वहां रेलवे क्रांसिंग है। उस रेलवे क्रांसिंग में तीन-तीन गाड़ियां एक साथ निकलती हैं, जिसके कारण जाम लगा रहता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग रखना चाहता हूं कि नगीना में एक ओवर ब्रिज बने और नगीना से बिजनौर के बीच जो मार्ग है, उसका चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री रितेश पाण्डेय और श्री मलूक नागर को श्री गिरीश चन्द्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**डॉ. उमेश जी. जाधव (गुलबर्गा):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। कर्नाटक के गुलबर्गा में कल्याण, कर्नाटक में 22 तारीख को नए एयरपोर्ट का इनॉगरेशन हुआ है। उस एयरपोर्ट के लिए थांडा के लोगों ने सरकार को 700 एकड़ जमीन दी थी। लेकिन एक कंडीशन के हिसाब वे अपना घर छोड़कर चले गए थे। वहां पर दो टेम्पल, एक सेवालाल टेम्पल और दूसरा मरियम्मा देवी का

टेम्पल था। पहले कंडीशन थी कि टेम्पल को डिमोलिश नहीं करेंगे, लेकिन इनॉगरेशन के एक दिन पहले उस टेम्पल को डिमोलिश कर दिया गया। सिर्फ डिमोलिश ही नहीं किया गया, अंदर की दो मूर्तियों को फोड़ कर उनको बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया गया है। अभी कर्नाटक में सभी जगह प्रोटेस्ट चल रहा है। उन लोगों की मांग है कि जो कल्प्रिट हैं, उनको सजा दी जाए। स्टेट और सेन्ट्रल गवर्नमेंट में उनका झगड़ा चल रहा है। उनको तुरंत अरेस्ट करके पनिशमेन्ट दी जाए। उन लोगों की डिमांड है कि वहां एक बार फिर से टेम्पल बने, क्योंकि वह टेम्पल किसी के बीच में नहीं आ रहा है। उनकी एक बहुत बड़ी मांग है कि संत सेवालाल के नाम से वहां पर एक एयरपोर्ट बनाया जाए।

**श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा):** अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में एक राष्ट्रीय राजमार्ग 106 है। वह भागलपुर जिले के बिहपुर से शुरू होकर हमारे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा तथा सुपौल से गुजर कर नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक जाता है। उस सड़क की हालत काफी दयनीय है। इसके निर्माण के लिए बहुत पहले निर्णय हुआ था और उसमें संवेदक भी नियुक्त हुए थे। वह संवेदक आईएलएफएस था। वह चार वर्षों से काम कर रहा था, लेकिन 30 प्रतिशत भी काम नहीं हुआ। इससे लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। लोगों का आंदोलन हुआ तो उसमें एक सब-कॉन्ट्रैक्टर पीआरएल को भी नियुक्त किया गया। दोनों में काम बंटा, इसको 70 प्रतिशत और पहले वाले को 30 प्रतिशत दिया गया। लेकिन, अभी तक उसका निर्माण भी शुरू नहीं हुआ है। लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। आपके माध्यम से मैं माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से मांग करता हूं कि यह स्वीकृत सड़क जो चार वर्षों से नहीं बन रही है, इस काम में गति लाएं और इस काम को शीघ्र शुरू कराकर इसके निर्माण को पूरा करे। धन्यवाद।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। मैं उत्तर प्रदेश के किसानों को लेकर एक गंभीर समस्या आपके सामने उठाने जा रहा हूं। मेरे अमरोहा लोक सभा क्षेत्र में किसानों का तकरीबन 25 परसेंट गन्ना चीनी मिलों में चला गया है। किसानों के साथ इतना अन्याय इस देश में

हो रहा है, मैं समझता हूं कि दुनिया में कहीं नहीं होगा। अगर आप सुबह घर में किसी मजदूर को मजदूरी के बुलाएं तो वह पहले अपनी मजदूरी तय करता है। उसको बताया जाता है कि तुम्हें ये मजदूरी मिलेगी। लेकिन, उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ना किसानों ने 25 परसेंट गन्ना चीनी मिलों को दे दिया, लेकिन अभी तक यह तय नहीं हुआ कि उनका गन्ना किस भाव से चीनी मिल खरीद रही हैं। …(व्यवधान) आप बता दीजिए कि इस साल गन्ना किस भाव पर खरीदा जा रहा है। …(व्यवधान) अध्यक्ष जी, ये डिस्टर्ब कर रहे हैं। ये एक सीनियर मेम्बर हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपका एक मिनट पूरा हो गया। एक मिनट पूरा समय दिया गया।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप मांग कर लीजिए।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** अध्यक्ष जी, मैं मांग कर रहा हूं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह कहना है कि उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की कीमत तय हो कि चीनी मिल किस भाव पर गन्ना खरीदे। …(व्यवधान) सर, मेरी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है। …(व्यवधान)

**19.00 hrs**

**माननीय अध्यक्ष:** आप मांग कर लीजिए। इनको बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के गन्ने की कीमत तय हो कि किस भाव से लिया जाएगा और चीनी मिलों को निर्देशित किया जाए कि उनका भुगतान तुरंत कराया जाए।…(व्यवधान)

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میں اتر پردیش کے کسانوں کو لے کر ایک سنجیدہ مسئلہ آپ کے سامنے اُٹھانے جا رہا ہوں۔ میرے امروہہ پارلیمانی حلقہ میں کسانوں کا تقریباً 25 فیصد گنّا چینی ملوں میں چلا گیا ہے۔ کسانوں کے ساتھ اتنی نا انصافی اس ملک میں چل رہی ہے میں سمجھتا ہوں کہ دنیا میں کہیں نہیں ہوگی۔ اگر آپ صبح گھر میں کسی مزدور کو مزدوری کے لئے بلائیں تو وہ پہلے اپنی مزدوری طے کرتا ہے، اس کو بتایا جاتا ہے کہ اسے یہ مزدوری ملے گی۔ لیکن اُتر پردیش کے گنّا کسانوں نے 25فیصد گنّا چینی ملوں کو دے دیا، لیکن ابھی تک یہ طے نہیں ہوا ہے کہ ان کا گنّا کس بھاؤ سے چینی ملیں خرید رہی ہیں۔ (مداخلت)۔۔۔ آپ بتا دیجیئےکہ اس سال گنّا کس بھاؤ خریدا جا رہا ہے۔ (مداخلت)۔۔ اسپیکر صاحب، یہ ڈِسٹرب کر رہے ہیں۔ یہ ایک سینئر ممبر ہیں (مداخلت)۔۔۔

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میں مانگ کر رہا ہوں۔ میرا آپ کے ذریعہ سے سرکار سے کہنا ہے کہ اُتر پردیش کے گنّا کسانوں کے قیمت طے ہو کہ چینی مل کس بھاؤ پر گنّا خریدیں (مداخلت)۔ جناب میری بات ریکارڈ میں نہیں جا رہی ہے --(مداخلت)--

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میرا آپ کے ذریعہ سے سرکار سے کہنا ہے کہ اُتر پردیش کے گنّا کسانوں کے گُنے کی قیمت طے ہو کہ کس بھاؤ سے گنّا لیا جائے گااور چینی ملوں کو ہدایت دی جائے کہ وہ جلد سے جلد ان کی قیمت کی ادائیگی کریں--

**माननीय अध्यक्ष:** श्री मलूक नागर एवं श्री गिरीश चन्द्र को कुंवर दानिश अली द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**SHRI ANUMULA REVANTH REDDY (MALKAJGIRI):** Hon. Speaker, Sir, the Andhra Pradesh Road Transport Corporation was established under section 8 of Motor Vehicle Act 1950. इस एक्ट के अनुसार स्टेट बाईफर्केशन के बाद तेलंगाना स्टेट रोड कारपोरेशन बन गया। उस हिसाब से तेलंगाना स्टेट के लिए 10,460 बसेज हैं और 49,000 वर्कर्स हैं। For the last 52 days, RTC workers in Telangana have been on strike. Thirty-eight RTC workers have committed suicide. Till date, the Government has not negotiated with the RTC workers. Moreover, after 52 days, RTC workers called off their strike and showed their willingness to join the duty. But the State Government is not ready to accept these workers on duty. One RTC driver Shri Babu committed suicide. Our Member of Parliament Shri Bandi Sanjay Kumar from Karimnagar went to see his body and to extend support to

his family. The local police slapped our Member of Parliament. He moved a privilege motion. कोई एक्शन नहीं लिया गया है। मैनेजमेंट ने 2014 से अब तक वर्कर्स के 826 करोड़ रुपये का मिसयूज किया है, प्रॉविडेंट फण्ड कमिश्नर के पास पैसा जमा नहीं किया है। 7,000 वर्कर्स का प्रॉविडेंट फण्ड का क्लेम पड़ा हुआ है, अभी तक दिया नहीं गया है। लेबर लॉज के अनुसार प्रॉविडेंट फण्ड में जमा करने वाला पैसा अगर रॉंगली यूटिलाइज होता है तो क्रिमिनल केस हो सकता है। राज्य सरकार इसमें कोई कुछ कारोबार नहीं कर रही है। दूसरे, वहां 38 वर्कर्स ने सुसाइड कमिट किया है। अभी तक सरकार की ओर से कोई कारोबार नहीं चल रहा है, कोई डायलॉग नहीं हो रहा है और वे अभी 50 प्रतिशत प्राइवेटाइजेशन करने के लिए तैयार हो गए हैं। इसमें केन्द्र सरकार का 33 प्रतिशत स्टेक है। The Central Government is a stakeholder. इसलिए वर्कर्स और स्टेट गवर्नमेंट से डायलॉग इनिशिएट करके इस इश्यू को रिजॉल्व करने के लिए मैं ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर से मांग कर रहा हूं।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों की आज रिक्वेस्ट आई है, मैं उनको धन्यवाद देता हूं कि वे काफी देर तक सदन में बैठे। मैं कल सबसे पहले उन सभी माननीय सदस्यों को निश्चित रूप से अवसर दूंगा।

सभा की कार्यवाही वीरवार, दिनांक 28 नवंबर, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**<u>19.03 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, November 28, 2019/Agrahayana 7, 1941 (Saka)*

___________